जबलपुर
मंगलवार, 23 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-2
वर्ष : 20, अंक : 147
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 33
न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

इंदौर कलेक्टर ई स्कूटी से पहुंचे आफिस



# इंदौर में 'नो कार डे'

कई वीआईपी कार के बजाए बाइक, स्कूटी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करते नजर आए

# कलेक्टर ने चलाई स्कूटी, महापौर ने भी दौड़ाई साइकिल

## ओपन स्ट्रीट ट्रैफिक कार्निवाल मनाया गया

**80** *हजार लीटर पेट्रोल ईंधनों की खपत में कटौती का दावा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में सोमवार को नो कार डे मनाया गया। इस दौरान कई वीआईपी कार के बजाए बाइक, स्कूटी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करते नजर आए। सुबह 7 बजे पलासिया से राजबाडा और फिर पलासिया तक साइक्लोथान का आयोजन हुआ। सुबह 8.30 से दोपहर 2 बजे तक पलासिया से गीता भवन के बीच नो कार जोन बनाकर ओपन स्ट्रीट ट्रैफिक कार्निवाल मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को निजी वाहनों की बजाए पर्यावरण-मित्र साधनों जैसे साइकिल, सार्वजनिक परिवहन और पैदल चलने के लिए प्रेरित करना है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने नो कार डे पर स्कूटी चलाई और महापौर पुष्यमित्र भार्गव साइकिल से नगर निगम कार्यालय के लिए निकले। कलेक्टर शिवम वर्मा और महापौर ने बाइक और साइकिल चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अपील की कि वे भी कार की बजाए टू-व्हीलर या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।



### हाईकोर्ट के जजों ने भी नहीं चलाई कार

भार्गव के मुताबिक मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के कुछ न्यायाधीशों ने भी अदालत आने-जाने के लिए कार के बजाए दूसरे साधनों का इस्तेमाल किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी भी साइक्लोथॉन में शामिल हुए। इसके अलावा देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के कुलपति राकेश सिंघई, महापौर परिषद सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया और अभिषेक शर्मा बबलू भी मौजूद रहे।

### शहर में हर रोज चार लाख से ज्यादा कारें चलती हैं

*स्थानीय प्रशासन ने दावा किया कि उसकी अपील पर लोगों ने शहर में आम दिनों के मुकाबले कारों का कम इस्तेमाल किया जिससे पेट्रोलियम ईंधनों की दैनिक खपत में करीब 80,000 लीटर की कटौती हुई और पर्यावरण को इसका फायदा मिला। अधिकारियों का अनुमान है कि शहर में हर रोज चार लाख से ज्यादा कारें चलती हैं जिनमें बाहर से आने-जाने वाली गाड़ियां भी शामिल हैं।*

### द्वितीय:मां ब्रह्मचारिणी



या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## सोना 1.12 लाख के ऑल टाइम हाई पर



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 22 सितंबर को अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,380 रुपए बढ़कर 1,12,155 पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,09,775 रुपए पर था। वहीं चांदी भी 4,869 रुपए बढ़कर 1,32,869 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

प्रदेशवासियों ने कहा- घटी जीएसटी, मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार

# सीएम ने खरीदे खादी के कपड़े, बोले स्वदेशी से देश को और समृद्ध बनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी के चौक व्यापारियों से किया संवाद



देश में छोटी से छोटी चीज मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया होना चाहिए

सीएम ने कहा कि यहां का बना हुआ उत्पाद यहीं खपे और यहां से बनी हुई चीजें दुनिया में निर्यात हों

**जीएसटी की दरों में कटौती कर मोदी जी ने देश को बड़ी सौगात दी**

**जब राज्य समृद्ध होगा तो आर्थिक दृष्टि से यहां का पैसा यहीं रोटेट होगा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण अभियान के तहत पुराने भोपाल के सोमवारा, भवानी चौक बाजार क्षेत्र में व्यापारियों एवं ग्राहकों से संपर्क कर जीएसटी की घटी दरों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने खादी के कपड़े खरीदकर स्वदेशी अपनाने की अपील की। उन्होंने ग्राहकों और आम लोगों से संवाद करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को मिलने वाली छोटी से छोटी चीज भी मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया होना चाहिए।

## स्वदेशी के मूल भाव को अपनाते हुए हम आगे बढ़ें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में सरकार बनने के बाद हमने उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं में सुधार किए हैं। जब राज्य समृद्ध होगा तो आर्थिक दृष्टि से यहां का पैसा यहीं रोटेट होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत चौथी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था की तरफ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के मूल भाव को अपनाते हुए हम आगे बढ़ें और भारत को विश्व का नंबर एक देश बनाने में अपना सहयोग करें।



**◆ जीएसटी की दरों में कटौती से त्यौहारों का उत्साह कई गुना बढ़ गया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी की दरों में कमी करके देशवासियों को बड़ी सौगात दी है। कपड़ों सहित अन्य वस्तुओं पर लगने वाले जीएसटी की दरों में जो कमी की है, उससे नवरात्रि पर्व का उत्साह कई गुना बढ़ गया है।

### पैदल भ्रमण कर व्यापारियों, ग्राहकों से मिले मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण अभियान के तहत पुराने भोपाल के भवानी चौक, चौक बाजार पहुंचकर कर्फ्यू वाली माता मंदिर में दर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री पुलिस चौकी के समीप से पैदल भ्रमण शुरू किया और दीपाली साड़ी तक पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने व्यापारियों एवं दुकानदारों को जीएसटी की दरों में किए गए बदलाव की जानकारी दी। उन्होंने जीएसटी रिजॉल्यूशन की कॉपी दी। मुख्यमंत्री ने खरीदारी कर रहे ग्राहकों से भी जीएसटी की कम हुई दरों को लेकर प्रतिक्रिया जानी। अधिकांश ग्राहकों ने विभिन्न वस्तुओं के मूल्यों में हुई कमी पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रधानमंत्री मोदी को इसके लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

भिंड के मालनपुर में दर्दनाक हादसा



## बाइक सवार चिल्लाता रहा बस रोको, आधा किमी तक घसीटा, चली गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिंड

■ घटना के बाद ड्राइवर फरार गुस्साए परिजनों ने चक्काजाम किया

मालनपुर से होकर निकले ग्वालियर-इटावा हाइवे बाराहेड़ पेड़ा के पास सोमवार की सुबह ड्यूटी पर बाइक से जा रहे युवक को बस ने टक्कर मार दी। बस करीब आधा किमी तक बाइक समेत युवक को घसीटते हुए ले गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने हाइवे पर चक्काजाम कर दिया। 30 वर्षीय जैकी पुत्र उदय सिंह कुशवाह निवासी धंमसा का पुरा जब बाइक से से औद्योगिक इकाई में ड्यूटी पर जा रहा था। जब वह मालनपुर थाना क्षेत्र के बाराहेड़ पेड़ा के पास वह पहुंचा ही था कि तभी माधोगढ़ से ग्वालियर जा रही यात्री बस ने उसकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद जैकी कुशवाह बस में फंस गया और चीखते हुए लगातार बस रोको, बस रोको चिल्लाता रहा। लेकिन लापरवाह ड्राइवर ने बस नहीं रोकी बस रुकी तो युवक को बाहर निकाला गया, लेकिन इस दौरान उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया।




50 बॉडीगार्ड सैटेलाइट भेजने की तैयारी

## अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध हरकत, भारत सतर्क



2024 के मध्य में पड़ोसी देश का उपग्रह इसरो के उपग्रह से महज 1 किमी पास से गुजरा था

करीब 27 हजार करोड़ रुपए की लागत से 50 निगरानी उपग्रह भेजे जाएंगे

पाक के पास केवल आठ उपग्रह, वहीं भारत के पास सौ से ज्यादा उपग्रह चीन के पास 930 से भी ज्यादा उपग्रह


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत अब अंतरिक्ष में अपने उपग्रहों की सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड उपग्रहों की योजना बना रहा है। हाल ही में एक पड़ोसी देश का उपग्रह इसरो के उपग्रह के बेहद करीब आ गया था। सरकार अब 50 निगरानी उपग्रह भेजने की तैयारी कर रही है। साथ ही स्टार्टअप्स की मदद से नई तकनीक विकसित कर रही है।

भारत अंतरिक्ष में मौजूद अपने उपग्रहों को बाहरी खतरों से बचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है। इस योजना का मकसद उन संभावित हमलों को रोकना है, जो दुश्मन देशों के उपग्रहों से आ सकते हैं। यह कदम इसलिए तेजी से उठाया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में एक विदेशी उपग्रह भारत के एक उपग्रह के बेहद करीब आ गया था।

### उपग्रहों की टक्कर नहीं हुई पर ये शक्ति प्रदर्शन था

*उपग्रहों की टक्कर नहीं हुई लेकिन जानकारों का मानना है कि यह इत्तेफाक नहीं, बल्कि एक तरह का शक्ति प्रदर्शन था। यानी दूसरा देश अंतरिक्ष में अपनी ताकत का प्रदर्शन करना चाहता था। इस घटना ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष में मौजूद खतरे को उजागर कर दिया। इसरो और अंतरिक्ष विभाग ने आधिकारिक तौर पर इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। भारत का पड़ोसी चीन और पाकिस्तान के साथ लंबे समय से सीमा को लेकर विवाद है और इन देशों की अंतरिक्ष क्षमताएं अलग-अलग स्तर की हैं। पाकिस्तान के पास केवल आठ उपग्रह हैं, वहीं भारत के पास सौ से ज्यादा उपग्रह हैं। चीन इस मामले में सबसे आगे है, उसके पास 930 से भी ज्यादा उपग्रह हैं। भारत और अमेरिका दोनों के अधिकारी पहले ही कह चुके हैं कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) अंतरिक्ष में खतरनाक तरीके से अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है।*



जीएसटी 2.0 की नई दरें प्रभावी

# 'जीएसटी बचत उत्सव' के साथ स्वदेशी मंत्र को मिलेगी नई ऊर्जा: पीएम मोदी
# ये पूरा जीएसटी सुधार नहीं, डेढ़वा अवतार,इसे लाने में 8 साल लगे: कांग्रेस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार सुबह नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही एक्स पर जीएसटी में बदलाव को लेकर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि इस बार नवरात्रि का यह शुभ अवसर बहुत विशेष है। जीएसटी बचत उत्सव के साथ-साथ स्वदेशी के मंत्र को इस दौरान एक नई ऊर्जा मिलने वाली है। आइए, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए सामूहिक प्रयासों में जुट जाएं।

बता दें, जीएसटी की नई दरें नवरात्र के पहले दिन यानी 22 सितंबर से लागू हो गई हैं। अब जीएसटी के 5 फीसदी और 18 फीसदी के सिर्फ दो स्लैब रह गए हैं। नई दरें लागू होने के साथ रसोई के सामान से लेकर दवाइयां, गाड़ियां, कपड़े, मकान खरीदना-बनवाना, बीमा उत्पाद और एसी-टीवी जैसे कई उत्पाद सस्ते हो गए हैं।


नई दरें नवरात्र के पहले दिन से लागू हो गई हैं




ईटानगर में स्वदेशी उत्पादों की स्टॉल का अवलोकन करते पीएम मोदी

कांग्रेस का आरोप

### ट्रंप टैरिफ से ध्यान भटकाना मकसद



कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि ये जो दरें कम हुई हैं क्या उसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा या ग्राहकों को मिलेगा इस पर बड़ा सवाल है। ये पूरा जीएसटी सुधार नहीं है ये दूसरा अवतार नहीं बल्कि डेढ़वा अवतार है। हमें जो ट्रंप से निपटना है उन्होंने जो टैरिफ लगाया और दूसरी तरफ हमारी वीजा को खत्म कर रहे हैं ये सब ध्यान कही और ले जाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी में आपने जो सुधार लाया इसमें आपको 8 साल लगा क्या 8 साल पहले आप सो रहे थे। ये आपको 8 साल पहले करना चाहिए था।


भाजपा का पलटवार

### कांग्रेस के मुद्दों को जनता नकार चुकी



कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पलटवार करते हुए कहा कि जयराम रमेश को समझना चाहिए कि यदि किसी देश से टैरिफ बातचीत नहीं हो रही होती तो क्या जीएसटी दरें कम नहीं होनी चाहिए थीं? उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता का नारा नया नहीं है, इसे अब मजबूती दी जा रही है। पुरी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं को नए मुद्दे खोजने चाहिए क्योंकि पुराने मुद्दों पर जनता ने उन्हें नकार दिया है।

### जीएसटी रिफॉर्म का वादा पूरा: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार का नवरात्रि के शुभ अवसर पर देश की सभी माताओं-बहनों को नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म का उपहार! पीएम मोदी ने देशवासियों से जीएसटी रिफॉर्म का जो वादा किया था, वह पूरे देश में लागू हो गया है।

### दुकानदार और ग्राहक दोनों खुश : वैष्णव



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने टैक्स स्लैब को कम करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है, जिससे हर घर को बचत करने में मदद मिलेगी। बचत महोत्सव शुरू हो गया है। दुकानदार और ग्राहक दोनों बहुत खुश हैं। हमें अपने दैनिक जीवन में यथासंभव स्वदेशी का उपयोग करने का एक और संकल्प लेने की आवश्यकता है।

### लोगो को मिलेगी राहत: पासवान



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नई जीएसटी दरें लागू होने पर पीएम मोदी और वित्त मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो इतने साल से मांग चल रही थी कि जीएसटी रेट में सुधार किया जाए। उन्होंने इस मांग को स्वीकार किया। इस सुधार से लोगों को काफी राहत मिली है।

**भाजपा ने शुरू किया 'जीएसटी सेविंग्स फेस्टिवल' अभियान:** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार से 29 सितंबर तक पूरे देश में 'जीएसटी सेविंग्स फेस्टिवल' नामक विशेष अभियान शुरू किया है। पार्टी ने सभी सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्रों में पदयात्रा आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य स्थानीय बाजारों में व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करना और उन्हें यह बताना है कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) ने कैसे अर्थव्यवस्था में बचत और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है।

**फायदा न मिले तो करें शिकायत:** अगर विक्रेता टैक्स में कमी का फायदा नहीं देता है, तो ग्राहक इसकी शिकायत कर सकते हैं। नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन 1800-11-4000 व 1800-1200-232 पर शिकायत करें।

## खबर संक्षेप

### तिरुपति को 1.8 करोड़ के 15 स्वर्ण पदक दान



**तिरुपति।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने कहा है कि श्री संस्थान गोकर्ण पर्तागली जीवोत्तम मठ के मठाधीश विद्याधीश तीर्थ स्वामी ने तिरुपति मंदिर को 1.80 करोड़ रुपए मूल्य के 15 स्वर्ण पदक और दो चांदी की प्लेट दान कीं। धर्मगुरू स्वामी ने रंगनायकुला मंडपम में मंदिर के पेशकार रामकृष्ण को ये भेंट दान दी।

### अवैध हथियारों की तस्करी, 3 गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब की अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने संगठित हथियार एवं हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और सीमा पार से अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया। अमृतसर के गेट हकीमा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। 10 हथियार और 2.5 लाख रुपए की हवाला राशि बरामद की गई है।

### ट्रक ने स्कूटर को टक्कर मारी, 3 युवाओं की मौत




**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा बाईपास पर सोमवार को एक ट्रक ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे 19-22 आयु वर्ग के तीन युवकों की मौत हो गई। ठाणे नगर निगम आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि यह घटना गावदेवी मंदिर के पास अपराह्न करीब तीन बजे हुई, जब स्कूटर को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।

### ओपी राजभर की तबीयत बिगड़ी, पीएम ने जाना हाल



**लखनऊ।** यूपी सरकार के मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की तबीयत सोमवार को फिर बिगड़ गई। वे लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। उनके बेटे अरविंद राजभर ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने फोन कर स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## 5,100 करोड़ की 13 विकास परियोजनाओं का पीएम मोदी ने किया शिलान्यास, बोले



यहां का हर व्यक्ति शौर्य और शांति का प्रतीक

# 'अरुणाचल' उगते सूर्य और देशभक्ति की उमंग की धरती

*अरुणाचल को प्रकृति ने इतना कुछ दिया है। ये धरती, यहां के परिश्रमी लोग, यहां का सामर्थ्य, यहां इतना कुछ है। लेकिन 2014 से पहले जो लोग दिल्ली में बैठकर देश चला रहे थे, उन्होंने अरुणाचल को हमेशा नजरअंदाज किया*

एजेंसी ⏭ ईटानगर

तिरंगे की तरह अरुणाचल का पहला रंग भी केसरिया

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश में 5,100 करोड़ रुपए से अधिक की 13 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। क्षेत्र में विशाल जलविद्युत क्षमता का उपयोग करने और निरंतर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पीएम ने ईटानगर में 3,700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी।

दोनों बिजली परियोजनाओं का विकास नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (नीपको) की ओर से अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम के रूप में किया जा रहा है। पीएम ने राजधानी के इंदिरा गांधी पार्क में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम ने कहा कि अरुणाचल की यह भूमि उगते सूर्य की धरती के साथ देशभक्ति के उफान की भी धरती है। जैसे तिरंगे का पहला रंग केसरिया है, वैसे ही अरुणाचल का पहला रंग भी केसरिया है। यहां का हर व्यक्ति शौर्य और शांति का प्रतीक है।

कांग्रेस की सोच से पूरे नार्थ ईस्ट को नुकसान पहुंचा




कांग्रेस के राज में दशकों लग गए

पीएम मोदी ने कहा कि विकास की किरण आते-आते कई दशक लग गए। मैं 2014 से पहले भी यहां कई बार आया हूं, आपके बीच रहा हूं। अरुणाचल को प्रकृति ने इतना कुछ दिया है। ये धरती, यहां के परिश्रमी लोग, यहां का सामर्थ्य, यहां इतना कुछ है। लेकिन जो लोग दिल्ली में बैठकर देश चला रहे थे, उन्होंने अरुणाचल को हमेशा नजरअंदाज किया।

### कांग्रेस की सोच से देश को मुक्ति दिलाई

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जैसे लोग सोचते थे, यहां इतने कम लोग हैं, लोकसभा की सिर्फ दो ही सीटें हैं, तो क्यों अरुणाचल पर ध्यान दिया जाए? इस सोच से अरुणाचल को, पूरे नॉर्थ ईस्ट को बहुत नुकसान हुआ। नॉर्थ ईस्ट विकास में पीछे छूट गया। 2014 में जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया, तब मैंने कांग्रेस की सोच से देश को मुक्ति दिलाने की ठान ली। हमारी प्रेरणा किसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं, नेशन फर्स्ट की भावना है।

### आठ राज्य अष्ट लक्ष्मी

पीएम मोदी ने कहा कि हम नॉर्थ ईस्ट के आठों राज्यों को अष्टलक्ष्मी के रूप में पूजते हैं, इसलिए इस क्षेत्र को विकास में पीछे नहीं देख सकते। यहां विकास के लिए केंद्र सरकार अधिक से अधिक धन खर्च कर रही है। एनडीए सरकार के कार्यकाल के दौरान, केंद्रीय मंत्रियों ने 800 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है और दूर-दराज के जिलों और गाँवों तक पहुँचने का प्रयास किया है। एक पीएम के रूप में, वह 70 से अधिक बार पूर्वोत्तर आ चुके हैं।

### 10 वर्षों में अरुणाचल को एक लाख करोड़ मिले

पीएम ने कहा कि देश में जो टैक्स इकट्ठा होता है, उसका एक हिस्सा राज्यों को मिलता है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब अरुणाचल प्रदेश को 10 साल में सेंट्रल टैक्स में से सिर्फ 6,000 करोड़ रुपए ही मिले थे, जबकि भाजपा सरकार के 10 वर्षों में अरुणाचल को एक लाख करोड़ रुपए से अधिक मिल चुके हैं। यानी भाजपा सरकार ने कांग्रेस की तुलना में अरुणाचल को 16 गुना ज्यादा पैसा दिया है और यह सिर्फ टैक्स का हिस्सा है।

### त्रिपुर सुंदरी मंदिर में किए दर्शन



पीएम मोदी ने त्रिपुरा के उदयपुर में हिंदुओं द्वारा पूजे जाने वाले 51 शक्तिपीठों में से एक, पुनर्विकसित माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर का उद्घाटन किया।

मराठा आरक्षण मामला, सीजे करेंगे निर्णय

## सुनवाई से तीन जजों की बेंच ने खुद को कर दिया अलग

ओबीसी ने निर्णय को असंवैधानिक बताया



एजेंसी ⏭ मुंबई

मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र सरकार के हालिया फैसले पर दायर याचिकाओं की सुनवाई से बॉम्बे हाईकोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने खुद को अलग कर लिया। मामला उन आदेशों से जुड़ा है जिनमें मराठा समुदाय के सदस्यों को कुनबी जाति का प्रमाणपत्र जारी कर उन्हें ओबीसी श्रेणी में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले को ओबीसी संगठनों ने मनमाना और असंवैधानिक बताते हुए चुनौती दी है। कुल पांच याचिकाएं दायर की गई हैं जिनमें कुनबी सेना, महाराष्ट्र माली समाज महासंघ, अहीर सुवर्णकार समाज संस्था, सदानंद मंडलिक और महाराष्ट्र नाभिक महामंडल शामिल हैं।

### मराठाओं को कुनबी माना

याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान जस्टिस संदीप पाटिल ने कहा कि वे इन पर सुनवाई नहीं कर सकते। इसके बाद जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और संदीप पाटिल की बेंच ने मामले से खुद को अलग कर लिया। अब यह याचिकाएं मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंकल की बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए पेश की जाएंगी। सरकार का यह फैसला मराठा आरक्षण आंदोलनकारी मनोज जारंगे के आंदोलन के बाद लिया गया। दो सितंबर को राज्य सरकार ने हैदराबाद गजेटियर पर आधारित एक सरकारी आदेश (जीआर) जारी किया और समिति बनाने का ऐलान किया। यह समिति उन मराठा परिवारों की पहचान करेगी जो ऐतिहासिक रूप से कुनबी दर्ज हैं। ऐसे लोगों को कुनबी प्रमाणपत्र मिलेगा और वे ओबीसी कोटे का लाभ ले सकेंगे।

### ओबीसी समाज की नाराजगी

सरकार के इस कदम से ओबीसी समाज में बेचैनी है। सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग द्वारा जारी किए गए जीआर के बाद ओबीसी संगठनों ने चिंता जताई है कि इससे उनकी आरक्षण व्यवस्था प्रभावित होगी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह परिपत्र तरीके से मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे में शामिल करने की कोशिश है, जो कानूनन गलत है। दरअसल, ओबीसी समुदाय का मानना है इस फैसले से उनके कोटे का आरक्षण बंट जाएगा।

अमित शाह पर टिप्पणी मामला

## राहुल पर मानहानि मामले में 4 अक्टूबर को आएगा फैसला

एजेंसी ⏭ चाईबासा

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा दायर की गई अर्जी पर सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट, चाईबासा में सुनवाई पूरी हुई। राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा के माध्यम से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत ट्रायल के दौरान व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग की थी। राहुल गांधी के खिलाफ यह मामला कथित तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरुद्ध चाईबासा के भाजपा नेता प्रताप कटियार की ओर से किए गये मानहानि केस से जुड़ा हुआ है। परिवादी की ओर से आरोप लगाया गया है।



### आदेश सुरक्षित रखा

अधिवक्ता केशव प्रसाद ने बताया कि 22 सितंबर को इस अर्जी पर बहस पूरी कर ली गई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने कहा कि इस मामले में निर्णय आगामी 4 अक्टूबर 2025 को सुनाया जाएगा।

असम सीएम हिमंता सरमा बोले

## लोगों की मांग पर जुबीन गर्ग का आज दोबारा होगा पोस्टमार्टम

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कुछ लोगों की मांग के बाद जुबीन गर्ग के शव का दूसरा पोस्टमार्टम होगा। मंगलवार को गुवाहाटी के अस्पताल में जुबीन गर्ग का पोस्टमार्टम किया जाएगा। रविवार को सिंगर जुबीन गर्ग का डेथ सर्टिफिकेट सिंगापुर हाइकमिशन द्वारा असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को भेजा गया था। डेथ सर्टिफिकेट में सिंगर की मौत का कारण भी स्पष्ट लिखा है। इस डेथ सर्टिफिकेट को पाने के बाद भी असम के सीएम ने जुबीन की मौत के मामले में जांच का आश्वासन परिवार को दिया था।



### पीएम और डेथ सर्टिफिकेट अलग

सीएम सरमा ने कहा कि सिंगापुर हाइकमिशन ने जुबीन गर्ग का डेथ सर्टिफिकेट भेजा है, उसमें मौत का कारण डूबना बताया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अलग है और डेथ सर्टिफिकेट अलग है।

## हावड़ा-नई दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन में लगी आग




### यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**जामताड़ा।** हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर सोमवार को बड़ा हादसा टल गया, जब टाटा 18184 सुपरफास्ट ट्रेन की एक बोगी में अचानक आग लग गई। घटना जामताड़ा जिले के कालाझरिया रेलवे ट्रैक के पास हुई। बोगी से अचानक धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं, इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग ट्रेन से बाहर कूदने लगे। लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को तुरंत रोक दिया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। करीब 45 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही, इस दौरान रेलवे स्टाफ ने फायर एक्सटिंग्विशर से आग पर काबू पाया। मौजूद रेलवे अधिकारी के मुताबिक, बोगी के अंडर-गियर से चिंगारी उठने के कारण आग लगी थी। इस घटना से यात्री घबरा गए और बोगियों से कूदने लगे।

सुप्रीम कोर्ट से एक्ट्रेस जैकलीन को झटका

## 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ी याचिका खारिज




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने से साफ इनकार कर दिया जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट यानी ईसीआईआर को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जो पहले ही कई धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद है।

### 3 जुलाई का आदेश बरकरार

जस्टिस दिपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने जैकलीन फर्नांडिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि 'हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करेंगे।' इसके साथ ही अदालत ने साफ कर दिया कि 3 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को ही बरकरार रखा जाएगा। इसमें जैकलीन की ईसीआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

### पूर्व क्रिकेटर उथप्पा से ईडी दफ्तर में पूछताछ जारी



पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा सोमवार को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश हुए। उनसे एक कथित अवैध बेटिंग एप से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पूछताछ की है। यह मामला वन-एक्स-बेट नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ा है, जो अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों में शामिल बताया जा रहा है। इससे पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की थी। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह को मंगलवार को ईडी के सामने पेश होने का नोटिस दिया गया है।

दिल्ली दंगा: उमर खालिद समेत अन्य की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब, 7 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के शीर्ष न्यायालय ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों की कथित साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को की जाएगी। खालिद, इमाम और बाकी आरोपियों पर फरवरी 2020 के दंगों के कथित मास्टरमाइंड होने के आरोप में यूएपीए और तत्कालीन भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। इन दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज़्यादा घायल हुए थे।

### जमानत देने से किया था इंकार



बता दें, आरोपियों ने 2 सितंबर के दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें खालिद और इमाम सहित नौ लोगों को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि नागरिकों द्वारा प्रदर्शनों या विरोध प्रदर्शनों की आड़ में षड़्यंत्रकारी हिंसा की अनुमति नहीं दी जा सकती। उच्च न्यायालय द्वारा खालिद और इमाम के अलावा फातिमा, हैदर, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, अब्दुल खालिद सैफी और शादाब अहमद भी शामिल रहे, जिनकी याचिका खारिज की गई।

संविधान शांतिपूर्ण आंदोलन का अधिकार देता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान नागरिकों को विरोध प्रदर्शन या आंदोलन करने का अधिकार देता है, बशर्ते वे व्यवस्थित, शांतिपूर्ण और बिना हथियारों के हों, और ऐसी कार्रवाई कानून के दायरे में होनी चाहिए। वहीं, उच्च न्यायालय ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने और सार्वजनिक सभाओं में भाषण देने का अधिकार अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत संरक्षित है और इसे स्पष्ट रूप से सीमित नहीं किया जा सकता, उसने यह भी कहा कि यह अधिकार पूर्ण नहीं है और उचित प्रतिबंधों के अधीन है।

दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

### डूसू चुनाव की सभी ईवीएम सुरक्षित रखी जाएं

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के चुनाव आयुक्त से पिछले सप्ताह हुए दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को सुरक्षित रखने का आदेश जारी किया है। कांग्रेस पार्टी की छात्र शाखा एनएसयूआई ने ईवीएम से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के नेताओं रौनक खत्री और जोसलिन नंदिता चौधरी द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया। यह रिट याचिका ईवीएम में छेड़छाड़ के आधार पर अध्यक्ष पद के लिए मतदान प्रक्रिया को रद्द करने और रद्द करने के निर्देश देने की प्रार्थना के साथ दायर की गई है।

## खबर संक्षेप

### अगस्त में कोर सेक्टर का उत्पादन 6.3% बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के बुनियादी क्षेत्र का उत्पादन अगस्त में 6.3 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले साल इस महीने में उत्पादन में 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कोयला, इस्पात और सीमेंट उत्पादन में विस्तार के कारण भारत के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर अगस्त में 13 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई।




### धीरेंद्र शास्त्री बोले- पंडालों के दरवाजे पर गोमूत्र रखें

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जिस तरीके से सनातन हिंदू विचारधारा के लोग हज यात्रा में नहीं जाते हैं, तो मुस्लिमों को भी गरबा में नहीं आना चाहिए। शास्त्री ने आयोजकों को सलाह दी है कि गरबा समारोह के मुख्य दरवाजे पर छिड़कने के लिए गोमूत्र रखना चाहिए।



### दिल्ली में बैंकर से 23 करोड़ रुपए की ठगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट का एक नया केस सामने आया है। पूर्व बैंकर नरेश मल्होत्रा के साथ साइबर ठगी हुई है और उनको महीने भर तक डिजिटल अरेस्ट रखा। उनके बैंक खाते से 23 करोड़ रुपए निकाल लिए गए। साइबर ठगी की शुरुआत एक महिला के कॉल से हुई। टेलीकॉम कंपनी की अधिकारी बनकर कॉल किया।



## सुप्रीम कोर्ट में 24 सितंबर से मामले की प्रतिदिन होगी सुनवाई

# 27% ओबीसी आरक्षण को लेकर दिल्ली में बड़ी बैठक सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई को लेकर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर दिल्ली में एक अहम कानूनी बैठक आयोजित हुई, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता, भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल पी. विल्सन और मध्यप्रदेश सरकार के विधि अधिकारी शामिल हुए। यह बैठक आगामी 24 सितंबर से सुप्रीम कोर्ट में शुरू होने वाली सुनवाई को लेकर रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई थी। वर्तमान में ओबीसी वर्ग को 13% आरक्षण मिल रहा है, जबकि इसे बढ़ाकर 27% किए जाने की मांग पर अदालत में बहस होनी है। इस दौरान प्रदेश सरकार की ओर से देश के सालिसिटर जनरल तुषार मेहता अपनी दलीलें रखेंगे।




### 13 प्रतिशत होल्ड पदों को लेकर रखा जाएगा पक्ष

बैठक में मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर विचार किया गया। पहला, जिन 13 प्रतिशत पदों को अदालत के आदेश से रोककर रखा गया है, उन पर भर्ती प्रक्रिया की अनुमति मिले। दूसरा, प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को पूरी तरह लागू करने के लिए ठोस दलीलें तैयार की जाएं।

### यह मामला सामाजिक न्याय और समान अवसर के अधिकार से जुड़ा

जानकारी के अनुसार सुनवाई से पहले वरिष्ठ अधिवक्ता पी. विल्सन ने मध्यप्रदेश सरकार के विधि अधिकारियों के साथ दिल्ली में बैठक की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट में पेश की जाने वाली दलीलों, तथ्यों और संवैधानिक प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा हुई। सुप्रीम कोर्ट में इस संवेदनशील मुद्दे पर 24 सितंबर 2025 से प्रतिदिन सुनवाई की जाएगी। यह मामला सामाजिक न्याय और समान अवसर के अधिकार से जुड़ा हुआ है, इसलिए कानूनी व राजनीतिक दोनों ही दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## 'जीएसटी बचत उत्सव' के बाद एक और मास्टर स्ट्रोक

## नवरात्रि पर मोदी सरकार का और 25 लाख महिलाओं को तोहफा

# मुफ्त में मिलेगा एलपीजी कनेक्शन और गैस चूल्हा, लाभार्थियों की संख्या 10.6 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार नवरात्रि में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत और 25 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन वितरित करेगी जिससे लाभार्थियों की संख्या 10.6 करोड़ हो जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्रत्येक कनेक्शन पर 2050 रुपए खर्च होंगे जिसमें सिलेंडर चूल्हा और रेगुलेटर शामिल हैं।

उन्होंने इसे नारी शक्ति का सम्मान बताया। इसे महिलाओं के लिए नवरात्र का उपहार बताते हुए पुरी ने कहा कि उज्ज्वला का विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति के सम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी देवी दुर्गा की तरह महिलाओं का सम्मान करते हैं। यह निर्णय माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। मंत्री ने इस योजना की सराहना सशक्तिकरण के प्रतीक और परिवर्तन के स्त्रोत के रूप में भी की। पुरी ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से लोगों में खुशी की लहर है और इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

> पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देवी दुर्गा की तरह महिलाओं का सम्मान करते हैं। यह निर्णय माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है

### सरकार ने बताया इसे नारी शक्ति का सम्मान




- *पुरी ने कहा कि यह कदम मोदी की नारी शक्ति के सम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है*
- *उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से 0.8 प्रतिशत बढ़ सकती है जीडीपी*




### पीएम मोदी ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र

## सभी दुकानदारों से की 'मेड इन इंडिया' उत्पाद बेचने की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा।




### स्वदेशी अपनाने की अपील की

उन्होंने लिखा कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें।

**छतरपुर में मर्डर केस** | **दो हफ्ते बाद अगली सुनवाई**

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा भाजपा विधायक को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया ?

### एसपी को नोटिस सीबीआई डायरेक्टर और डीजीपी से मांगी स्टेटस रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने छतरपुर एसपी और राजनगर सीट से भाजपा विधायक अरविंद पटेरिया को नोटिस जारी किया है। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान राजनगर सीट से कांग्रेस के तत्कालीन विधायक कुंवर विक्रम सिंह के ड्राइवर सलमान खान की 17 नवंबर 2023 को गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। सलमान की पत्नी राजिया ने भाजपा विधायक पटेरिया पर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। डेढ़ साल बाद भी आरोपी विधायक की गिरफ्तारी और कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए एसपी से इसका जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर, डीजीपी, मुख्य सचिव और संबंधित जिले के एसपी को स्टेटस रिपोर्ट के साथ बुलाया है। इसके अलावा आरोपी अरविंद पटेरिया, जिन्हें मध्यप्रदेश सरकार ने सुरक्षा प्रदान की है, को भी नोटिस जारी किया है।


सलमान खान
मृतक

### पत्नी का आरोप आरोपी समझौता का बना रहे दबाव

ड्राइवर सलमान खान की पत्नी राजिया अली ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका में कहा कि घटना को डेढ़ साल से अधिक समय बीत गया है, लेकिन न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही जांच पूरी हुई। मुख्य आरोपी अरविंद पटेरिया चुनाव जीतकर राजनगर से विधायक बन गए हैं और उनका पुलिस-प्रशासन पर दबदबा है। राजिया अली ने कहा कि स्थानीय पुलिस आरोपियों को संरक्षण और सुरक्षा प्रदान कर रही है। जबकि उन्हें और उनके परिवार को लगातार यह दबाव बनाया जा रहा है कि वे समझौता कर लें। याचिकाकर्ता राजिया अली ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि अपराध क्रमांक 321/2023 की जांच स्थानीय पुलिस से हटाकर सीबीआई या स्वतंत्र एसआईटी को सौंपी जाए।



## खबर संक्षेप

### पाक में बाढ़ के चलते एक हजार की मौत

**कराची।** पाकिस्तान में 26 जून से देशभर में भारी बारिश और अचानक बाढ़ के कारण 1,006



लोगों की मौत हो चुकी है और 30.2 लाख लोगों को बचाया गया है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी है। इसने कहा कि देशभर में 5768 बचाव अभियान चलाए गए, जिनमें 273524 राहत सामग्री वितरित की गई। पाकिस्तान सेना और अन्य आपातकालीन सेवाओं के प्रयासों से 741 शिविरों में 662098 लोगों का इलाज कराया गया।

### बांग्लादेश के कई हिस्सों में भूकंप

**ढाका।** बांग्लादेश के कई हिस्सों समेत राजधानी ढाका में भूकंप के



झटके महसूस किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका केंद्र सिलहट जिले के छातक में था। बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग के हवाले से बताया कि दोपहर 12:19 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र ढाका से लगभग 185 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में छातक (सिलहट) में 4.0 तीव्रता का भूकंप था, जिसका केंद्र छातक, सिलहट में स्थित था। भूकंप का केंद्र दाउकी फॉल्ट क्षेत्र में था।

### छत गिरने से 6 बच्चों समेत 8 लोग जिंदा दफन

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक शिक्षण संस्थान की छत गिर जाने के कारण छह बच्चों समेत आठ लोग जिंदा दफन हो गए तथा तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना लाहौर के उत्तर-पश्चिम से



लगभग 120 किलोमीटर दूर हाफिजाबाद शहर में हुई। पंजाब आपातकालीन विभाग के बचाव दल 1122 के अनुसार, उस वक्त कक्षा में दो शिक्षक और नौ छात्र मौजूद थे। रेस्क्यू 1122 ने एक बयान में कहा, ''वे मलबे में दब गए थे। बचाव दल ने चार छात्रों को जीवित निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

## चीनी कंपनी में नौकरी के ऑफर बिना भी आवेदन कर सकेंगे

# एच-1बी वीजा का तोड़ लाया चीन, के वीजा लांच कर दुनियाभर के लिए खोल दिया अपना दरवाजा

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ सिस्टम से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। बता दे कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे।

अमेरिका ने 21 सितंबर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है। इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवार्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी।



### 12 तरह के वीजा जारी करता है चीन

चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड-वीजा की वैधता 1 साल की है। जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे जेड वीजा में नहीं है। जेड वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पॉन्सरशिप चाहिए होती है।

**चीनी कंपनी में नौकरी के बिना भी आवेदन कर पाएंगे**

*जेड-वीजा में किसी चीनी कंपनी की नौकरी मिलनी जरूरी है और वीजा सिर्फ उसी कंपनी के लिए वैध होता है। नौकरी बदलने पर नया वीजा लेना पड़ता है। के-वीजा के साथ ऐसा कोई नियम नहीं होगा। शिक्षा और अनुभव के आधार पर सीधे आवेदन किया जा सकता है। के-वीजा फीस के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वहीं, जेड वीजा की फीस हर देश के नागरिकों के लिए अलग-अलग होती है। भारतीय नागरिकों के लिए यह 2.9 हजार रुपए, अमेरिकी नागरिकों के लिए 2.3 हजार रुपए, कनाडाई नागरिकों के लिए 8.5 हजार रुपए और ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए 5.5 हजार है। इसके अलावा वीजा आवेदन प्रक्रिया में सर्विस चार्ज भी जोड़ा जाता है जिसकी कीमत भारतीयों के लिए 2 से 3 हजार के बीच होती है।*

### एच-1बी वीजा पर आए अपडेट से उद्योग जगत की चिंताएं दूर

**नई दिल्ली।** नैसकॉम कंपनी ने कहा कि अमेरिका की ओर से एच-1 बी वीजा शुल्क को लेकर जारी की गई नई स्पष्टता से उद्योग की चिंताएं बहुत हद तक दूर हुई हैं। ट्रंप प्रशासन ने साफ किया है कि शुल्क में बढ़ोतरी मौजूदा वीजा धारकों पर लागू नहीं होगी और यह केवल नए आवेदनों पर एक बार के शुल्क के रूप में लागू होगी। ट्रंप प्रशासन के स्पष्टीकरण से पात्रता और समयसीमा को लेकर बनी अनिश्चितता दूर हो गई है। नैसकॉम, यानी नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज, भारत में सॉफ्टवेयर और सर्विसेज कंपनियों का प्रमुख संगठन और गैर-लाभकारी उद्योग निकाय है। यह संगठन भारत सरकार के साथ मिलकर काम करता है, उद्योग के लिए नीतियां तैयार करने, कारोबारी माहौल सुधारने और अपने सदस्यों को प्रशिक्षण, नेटवर्किंग और मार्केट रिसर्च जैसी सेवाएं प्रदान करने में अहम भूमिका निभाता है।

## रबात में रक्षामंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया

# मोरक्को की धरती से राजनाथ ने पाक को दिया कड़ा संदेश, पीओके अपने आप भारत में आएगा

एजेंसी ▶▶ रबात

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिनों के लिए मोरक्को की यात्रा पर हैं। किसी भारतीय रक्षा मंत्री की ये पहली मोरक्को यात्रा है। राजनाथ सिंह मोरक्को में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने पहुंचे हैं।

रक्षा मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह इकाई अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। वह यहां पर अपने समकक्ष अब्देलतीफ लौदियी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित किया।

रक्षामंत्री मोरक्को में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करेंगे

भारतीय होने के नाते हमारी जिम्मेदारियां दूसरों से अलग

### हमें नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं- राजनाथ



मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- भारत के प्रति हमारी भक्ति, स्नेह और प्रेम स्वाभाविक है। हम दुनिया में कहीं भी हों, हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं। भारतीय होने के नाते, हमारी जिम्मेदारियां दूसरों से अलग हैं। अगर हम मोरक्को में आजीविका कमा रहे हैं और अपने परिवार की देखभाल कर रहे हैं, तो मोरक्को के साथ कोई विश्वासघात नहीं होना चाहिए- यह भारत का चरित्र है।

### पीओके अपने आप भारत का होगा

मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- पीओके अपने आप हमारा होगा। पीओके में मांगें उठने लगी हैं, आपने नारे सुने होंगे। मैं 5 साल पहले कश्मीर घाटी में एक कार्यक्रम में भारतीय सेना को संबोधित कर रहा था, तब मैंने कहा था कि हमें पीओके पर हमला करके कब्जा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, वह वैसे भी हमारा है; पीओके खुद कहेगा, 'मैं भी भारत हूं'। वह दिन आएगा। मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- 'जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे'...इस बार भी यही हुआ। हमने उन्हीं लोगों को मारा जिन्होंने हमारे लोगों को मारा। हमने किसी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया। केवल भारत ही ऐसा चरित्र रख सकता है। अगर हम चाहते तो किसी भी सैन्य या नागरिक प्रतिष्ठान पर हमला कर सकते थे, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। हमें भारत के इस चरित्र को कायम रखना चाहिए। राजनाथ सिंह ने कहा- आतंकवादी यहां आए और हमारे नागरिकों का धर्म पूछकर उन्हें मार डाला। हमने किसी का धर्म देख नहीं, उनका कर्म देख कर मारा है।

### रक्षा मंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत की

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- दूसरा भाग बाकी है या तीसरा, हम नहीं कह सकते। यह उनके पाकिस्तान के आचरण पर निर्भर करता है। अगर वे आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होते हैं, तो उन्हें जवाब मिलेगा। पहलगाम में हमारे 26 लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला गया। अगले दिन, 23 अप्रैल को, सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में मैंने पहला सवाल यही पूछा कि अगर सरकार कोई ऑपरेशन करने का फैसला करती है, तो क्या वे इसके लिए तैयार हैं। आपको यह जानकर खुशी होगी कि उन्होंने बिना एक सेकंड भी देर किए जवाब दिया कि वे पूरी तरह तैयार हैं। फिर हमने प्रधानमंत्री मोदी से संपर्क किया, उन्होंने हमें आगे बढ़ने को कहा और पूरी छूट दे दी।

### 100 किलोमीटर अंदर जाकर आतंकी ठिकानों को तबाह किया

रक्षामंत्री ने कहा- आपने देखा कि उसके बाद क्या हुआ। सीमा पर नहीं, हमने उनकी जमीन से 100 किलोमीटर अंदर जाकर आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। जैश-ए-मोहम्मद का एक शीर्ष आतंकवादी कह रहा था कि मसूद अजहर के परिवार को भारत ने तोड़ दिया। पाकिस्तान ने युद्धविराम का आग्रह किया, और हम मान गए। हम अच्छे संबंध चाहते हैं क्योंकि अटल बिहारी वाजपेयी पहले कहा करते थे कि दोस्त बदले जा सकते हैं, पड़ोसी नहीं। हम उन्हें सही रास्ते पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि यह बस एक विराम है। ऑपरेशन सिंदूर बस रुका है। दुनिया भारत की बात पर ध्यान देती है राजनाथ सिंह ने कहा-मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि आप अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष भारत के बढ़ते कद को महसूस कर सकते हैं।

## भारत का बड़ा कदम

# रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को किया जाएगा प्रदर्शित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष पहली बार रूस के काल्मिकिया गणराज्य की राजधानी एलिस्ता में प्रदर्शित होने जा रहे हैं। ये अवशेष नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय से विशेष धार्मिक सम्मान और परंपराओं के साथ भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा ले जाए जाएंगे। इस आयोजन का नेतृत्व भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्फेडरेशन आईबीसी, राष्ट्रीय संग्रहालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) मिलकर कर रहे हैं। इस आयोजन को स्थानीय बौद्ध समुदाय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहद ऐतिहासिक और आध्यात्मिक माना जा रहा है।

### प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केशव मौर्य करेंगे

वहीं भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। आईबीसी की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महानिदेशक करेंगे। साथ ही, 43वें साक्या त्रिजिन रिनपोछे साक्या परंपरा के प्रमुख, 13वें कुंडलिंग तक्सक रिनपोछे (द्रेपुंग गोमांग मठ), 7वें योंगजिन लिंग रिनपोछे और 17 अन्य वरिष्ठ भिक्षु भी शामिल होंगे। इसके अलावा भारत के तीन वरिष्ठतम वंदनीय भिक्षु स्थानीय श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे।

### भारत और रूस के सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे

पिपरहवा स्थल उत्तर प्रदेश, बस्ती जिले के बर्डपुर क्षेत्र से 1898 में विलियम क्लैक्सटन पेपे ने खुदाई के दौरान बुद्ध से जुड़े अस्थि और आभूषण प्राप्त किए थे। बाद में 1971 से 1977 के बीच के एम श्रीवास्तव के नेतृत्व में खुदाई में और अस्थि अवशेष मिले, जिन्हें 4वीं–5वीं शताब्दी ईसा पूर्व का माना गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने पिपरहवा को कपिलवस्तु की प्राचीन नगरी के रूप में पहचाना। इस प्रकार काल्मिकिया में होने वाला यह आयोजन भारत और रूस के बीच न केवल धार्मिक व सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा, बल्कि विश्व स्तर पर बौद्ध धर्म के संदेश को भी व्यापक बनाएगा।

वेनेजुएला के साथ बढ़ते तनाव के बीच

# 4500 जवान, 10 युद्धपोत, एफ-35 जेट और न्यूक्लियर सबमरीन... वेनेजुएला को चारों ओर से घेर रही अमेरिकी सेना

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला के साथ बढ़ते तनाव के बीच कैरिबियन के दक्षिणी इलाके में अमेरिकी सेना की बड़ी तैनाती कर रहे हैं। इसमें एफ-35 स्टील्थ जेट और अन्य हथियार शामिल हैं। अमेरिका इसे ड्रग तस्करी रोकने का नाम दे रहा है, लेकिन विशेषज्ञ कहते हैं कि यह हमले की तैयारी जैसा लगता है।

### क्या है वर्तमान ताकत



अभी 8 युद्धपोतों पर 4500 सैनिक तैनात हैं। ये वेनेजुएला पर आक्रमण के लिए कम हैं। ये जहाज ड्रग तस्करी वाले देशों पर हमला नहीं कर सकते। ये ताकतें पूर्वी पैसिफिक में नहीं हैं, जहां मुख्य ड्रग रोकथाम होती है।

### गुप्त विशेष बलों की तैनाती

एलीट स्पेशल ऑपरेशंस यूनिट्स की गुप्त तैनाती से लगता है कि वेनेजुएला के अंदर हमले या कमांडो छापे हो सकते हैं। अमेरिका ने दक्षिणी कमांड क्षेत्र में चौथा गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर भेजा है। वही कल यूएसएस स्टॉकडेल डीडीजी 106 पनामा पहुंचा। अब क्षेत्र में कम से कम 10 अमेरिकी नौसेना के जहाज हैं, जो पूरी दुनिया में तैनात अमेरिकी जहाजों का 13 प्रतिशत है।

### कानूनी आधार

जुलाई में राष्ट्रपति ट्रंप ने गुप्त आदेश पर हस्ताक्षर किए। ये लैटिन अमेरिका में नार्को-टेररिस्ट नेटवर्क पर बल प्रयोग की मंजूरी देते हैं। अगर कोई सरकार इनकी मदद करे, तो सीमा पार हमला हो सकता है। वेनेजुएला के राज्य-संबंधित कार्टेल निशाने पर हैं।

## पद एवं गोपनीयता की शपथ ली

# नेपाल के चार नवनियुक्त मंत्रियों ने ली शपथ, इनकी संख्या बढ़कर हुई आठ

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के चार नवनियुक्त मंत्रियों ने सोमवार को राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास में आयोजित एक समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने पूर्व न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय आविष्कार केंद्र के संस्थापक महावीर पुन, पत्रकार जगदीश खरेल और विशेषज्ञ मदन परियार को शपथ दिलाई। चार नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ प्रधानमंत्री सुशीला कार्की नीत मंत्रिपरिषद में सदस्यों की संख्या आठ हो गई है। प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं।

सिन्हा उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री हैं, जबकि खरेल संचार



एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। परियार कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री हैं, जबकि पुन शिक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने रविवार को घोषणा की थी कि सोमवार को पांच नए मंत्री शपथ लेंगे। हालांकि, संगीता कौशल मिश्रा को बाद में उनकी विवादास्पद पृष्ठभूमि के कारण सूची से हटा दिया गया। भ्रष्टाचार विरोधी संस्था अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग, नेपाल मिश्रा से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले की जांच कर रही है।

बमबारी से मचा बवाल

# पाक वायुसेना ने अपने ही नागरिकों पर गिराए 8 बम, 30 की मौत, कई घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। पाकिस्तान की वायु सेना ने अपने ही देश के नागरिकों पर बमों की बारिश की है। बताया जा रहा है कि ये कारमाना पाकिस्तानी वायुसेना ने तड़के करीब 2 बजे किया।

पाकिस्तानी वायु सेना की इस एअर स्ट्राइक में कम से कम 30 लोगों की जान गई है। मरने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिक थे। वहीं, इस बमबारी में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

### रात दो बजे पाकिस्तानी वायुसेना की एयर स्ट्राइक



मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने तिराह घाटी स्थित मत्रे दारा गांव पर आठ एलएस-6 बम गिराए, जिससे भारी तबाही मच गई।

### घटना सोशल मीडिया पर वायरल

इस घटना का के बाद की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें बच्चों समेत कई शव पड़े दिखाई दे रहे हैं। बचाव दल मलबे में दबे शवों को निकालने में लगे हुए हैं। दावा किया जा रहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

**घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती**

इस बमबारी में काफी लोगों के घायल होने की भी खबर है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। वहीं, अन्य लोगों को मलबे से निकालने की कोशिश जारी है। घटना से स्पष्ट होता है कि पाकिस्तान इस समय अंदरुनी हालात और कलह से गुजर रहा है। पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र पिछले काफी समय से अशांत रहा है।

## रियल लाइफ मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे

# जन्म देने के एक घंटे में ही छीनी बच्ची; कहा- तुम मां बनने के काबिल नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोपेनहेगन

साल 2023 में एक बॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम था- मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे। फिल्म में एक भारतीय महिला देबिका चटर्जी रानी मुखर्जी अपने परिवार के साथ नॉर्वे में रहती हैं, जहां उन पर बच्चों का ठीक से पालन-पोषण न करने का आरोप लगाकर नॉर्वे की चाइल्ड केयर संस्था देबिका के बेटा और बेटी को छीन लेती है। देबिका के किरदार में रानी मुखर्जी नॉर्वे की सरकार से बच्चों को वापस पाने के लिए जो जद्दोजहद करती हैं, जिस तरह रोती-बिलखती, तड़पती और लड़ती नजर आती हैं, उसने फिल्म देखने वालों को झकझोर कर दिया था। फिल्मी किरदार देबिका चटर्जी चैसी ही वास्तविक घटना ग्रीनलैंड मूल की निवासी 18 साल की इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड के साथ डेनमार्क में हुई है। इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के एक अस्पताल में बेटी को जन्म दिया।

### डेनमार्क सरकार ने इवाना से छीनी उसकी बेटी?



डेनमार्क सरकार ने इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड से उनकी बेटी छीनने का फैसला एक मनोवैज्ञानिक जांच पेरेंटिंग कॉम्पिटेंसी टेस्ट (एफकेयू) के आधार पर लिया था। इस टेस्ट में माता-पिता मानसिक स्थिरता, बौद्धिक क्षमता और सामाजिक कौशल का मूल्यांकन किया जाता है। इस टेस्ट की आलोचना इसलिए हो रही है, क्योंकि इसमें सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को नजरअंदाज किया जाता है। डेनमार्क में ग्रीनलैंड के परिवार इस तरह के परीक्षण का लंबे समय से विरोध करते रहे हैं। सांस्कृतिक असंवेदनशीलता और भेदभाव के आरोपों के बाद जब विवाद बढ़ा तो डेनमार्क सरकार ने जनवरी, 2025 में एलान किया कि पेरेंटिंग कॉम्पिटेंसी टेस्ट ग्रीनलैंडिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर लागू नहीं होंगे। नया कानून मई 2025 से लागू भी हो गया।

**मामला हाइलाइट हुआ तो नपा ने दिया तर्क**

विशेष सलाहकार इकाई (वीआईसो) को ऐसे मामलों की समीक्षा की जिम्मेदारी दी गई, लेकिन इवाना का केस कानून बदलने और लागू होने के बीच की अवधि में फंसा रह गया। इवाना का टेस्ट अप्रैल से जून 2025 के बीच हुआ। यानी कि आंशिक रूप से पुराने नियम के तहत और आंशिक रूप से नए कानून के बाद। जब यह मामला हाइलाइट हुआ तो नगरपालिका ने तर्क दिया है कि इवाना पर नया कानून लागू ही नहीं होता है,

### इवाना को दी गई यह मोहलत

इवाना को उनकी बच्ची से 15 दिन में एक बार सिर्फ एक घंटे के लिए अधिकारियों की निगरानी में मिलने की मोहलत दी गई है। अपील भी जारी है। हालांकि, न्यायिक इकाई अब तक किसी ठोस निर्णय तक नहीं पहुंच सकी है। इसी के साथ यह केस ग्रीनलैंड और डेनमार्क के बीच नया राजनीतिक विवाद बन चुका है, बिल्कुल वैसे, जैसे भारत की सागरिका भट्टाचार्य से 2011 में नॉर्वे में बच्चे छीन लिए थे। जिसके बाद भारत सरकार के इंटरप्ट करने के दो साल बाद बच्चे वापस मिले थे। फिल्म 'मिसेज चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे' इसी वास्तविक घटना पर बनी है।

## जांच के लिए भेजा गया

# डल झील में सफाई के दौरान मिला पाकिस्तानी मिसाइल का मलबा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इस दौरान भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच झड़प भी हुई थी। दोनों देशों की ओर से एक दूसरे पर मिसाइल भी दागे गए थे। अब जम्मू-कश्मीर में डल झील में फटे हुए मिसाइल का मलबा बरामद किया गया है। झील संरक्षण एवं प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से शनिवार को झील की सफाई के दौरान मलबे को बरामद किया गया है। शनिवार को डल झील की नियमित सफाई के दौरान, काम कर रहे लोगों को एक शेल के टुकड़े



मिले जो मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान फटे थे। कर्मचारियों ने मलबे को जांच और आगे की कार्रवाई के लिए नजदीकी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया है। दरअसल, बीते 10 मई को जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई थी। डल झील में एक मिसाइल जैसी चीज गिरी थी। अधिकारियों के मुताबिक, जब यह चीज डल में गिरी तो झील की सतह से धुआं उठ रहा था।

### हाई कोर्ट के प्रयास से माता-पिता ने प्रदान की सहमति

# साढे 14 वर्षीय किशोरी को मिली गर्भपात की अनुमति

**जबलपुर। साढ़े 14 वर्षीय किशोरी 28 सप्ताह की गर्भवती थी और मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार गर्भावस्था जारी रखना उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक था। हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने मेडिकल रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए माता-पिता की पुनः काउंसलिंग के निर्देश जारी करते हुए सभी संभावित जोखिमों की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिये थे। हाई कोर्ट के आदेश पर हुई पुनः काउंसलिंग के बाद माता-पिता ने गर्भपात की अनुमत्ति प्रदान कर दी।**



दरअसल, सतना जिला न्यायालय ने पीड़ित साढ़े 14 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने के संबंध में हाई कोर्ट को पत्र के माध्यम से सूचित किया था। जिसकी सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप हाई कोर्ट कर रहा था। याचिका की सुनवाई के दौरान मेडिकल बोर्ड की तरफ से पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि गर्भावस्था जारी रखने हानिकारक है। पीड़िता के माता-पिता गर्भावस्था जारी रखना चाहते है और गर्भपात की अनुमति प्रदान नहीं कर रहे है।

हाई कोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए गर्भपात के संबंध में पीड़ित के माता-पिता की पुनः काउंसलिंग करने के निर्देश जारी किए थे। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि पीडिता के माता-पिता को सभी संभावित जोखिम के संबंध में अवगत कराया जाए। संभावित जोखिम से अवगत होने के बाद माता-पिता ने गर्भपात के लिए अनुमति प्रदान कर दी। उनका कहना था कि भ्रूण जिन्दा पैदा होता है तो वह उसे अपने साथ नहीं रखेंगे।

हाई कोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेश में कहा कि विशेषज्ञ डाक्टरों के मार्गदर्शन में गर्भपात की अनुमति प्रदान की है। बच्चा जीवित पैदा होता है, तो 15 दिनों की अवधि के लिए, यदि बच्चा जीवित पैदा होता है तो स्तनपान कराने पीड़िता को सौंपा जाए। पीड़ति चाहे तो वह बच्चे को अपने पास रख सकती है। डाक्टर यह भी सुनिश्चित करेंगे कि भ्रूण का एक नमूना डीएनए परीक्षण के लिए सुरक्षित रखा जाए और आवश्यकता पड़ने पर उसे आपराधिक मामले में उपयोग के लिए अभियोजन पक्ष को सौंप दिया जाएगा। परिवार बच्चे को साथ में नहीं रखा चाहता है राज्य सरकार का दायत्वि होगा कि वह उसका पालन-पोषण करें। राज्य प्राधिकारी या सीडब्ल्यूसी को बच्चे कानून के अनुसार किसी भी इच्छुक परिवार को गोद देने की स्वतंत्रता होगी। राज्य सरकार के अधिकारियों को निर्देश किया जाता है कि वे पीड़ति की गोपनीयता सुनिश्चित करें और पारिवारिक विवरण सहित कोई भी जानकारी किसी भी माध्यम से प्रकाशित नहीं की जाए।

### सचिव नगरीय प्रशासन, सह आयुक्त नगर निगम, एवं सीईओ स्मार्ट सिटी को अंतिम नोटिस

**जबलपुर।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा एक संविदा कर्मचारी की तनख्वाह से हर माह की जा रही 5 प्रतिशत अवैध कटौती से संबंधित प्रकरण में बीते दो वर्षों से कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया है। हाईकोर्ट ने इस पर सचिव नगरीय प्रशासन एवं आवास, चैयरमेन सह कलेक्टर, कार्यकारी निदेशक सह आयुक्त नगर निगम, एवं सीईओ स्मार्ट सिटी को अंतिम नोटिस जारी किया। निर्देशित किया है कि तीन सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से जवाब प्रस्तुत किया जाए। अन्यथा बिना उत्तर के ही याचिका का निपटारा किया जाएगा।याचिकाकर्ता जबलपुर के अश्विनी मिश्रा का पक्ष अधिवक्ता प्रभात शुक्ला ने रखा। कोर्ट को बताया गया कि अश्विन मिश्रा आईटी सहायक के पद वर्ष 2017 से कार्यरत है। नवंबर 2020 से उनके मासिक वेतन से बिना किसी नोटिस पत्र ,जानकारी , जाँच के एकतरफा कारवाही करते हुए मासिक वेतन से 5 प्रतिशत की कटौती प्रारम्भ कर दी गयी। आवेदक द्वारा प्रतिवेदन का भी कोई प्रतिउत्तर नहीं दिया गया ।कटौती के आदेश के विरुद्ध यह याचिका दायर की गई।

## बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में अखंड ज्योति स्थापना, विशेष पूजन प्रारंभ

हरिभूमि, जबलपुर।



आस्था और भक्ति के पावन पर्व नवरात्रि के प्रथम दिन बगला मुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में अखंड ज्योति की स्थापना कर विशेष पूजन-अर्चन का शुभारंभ हुआ। ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी के मार्गदर्शन में यज्ञशाला में विधि-विधानपूर्वक ज्योति प्रज्वलित की गई, वहीं ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ने भक्तिभाव से पूजन-अर्चन, श्रृंगार एवं हवन प्रारंभ कराया। इस अवसर पर वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत से गूंज उठा। झोतेश्वर से पधारे आचार्य राजेंद्र शास्त्री ने माता राजराजेश्वरी का विशेष पूजन आरंभ किया। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में आस्था का अर्घ्य अर्पित करते हुए सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में दिव्यता और श्रद्धा का अद्भुत संगम दिखाई दिया। भक्तों ने धूप-दीप की आराधना में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। आयोजकों ने बताया कि अखंड ज्योति निरंतर प्रज्वलित रहेगी और प्रतिदिन विशेष अनुष्ठान, भजन-कीर्तन व हवन आयोजित होंगे। प्रकाश द्विवेदी, तुलसी अवस्थी, आशीष चौकसे, मोनू सिंह परिहार, वैभव दुबे, अंकित दिक्षित, गौरव चौबे, सुनील गुप्ता, शिव गुप्ता, गोविंदा साहू, मनोज सेन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सभी धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे इस पावन आयोजन में सम्मिलित होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## दुकान के बाहर 57 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या

**खून से लथपथ मिला शव**

**जबलपुर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम धनेटा में सोमवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब एक 57 वर्षीय बुजुर्ग का रक्तरंजित शव उसकी ही दुकान के बाहर बरामद हुआ। मृतक की पहचान रघुवीर सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी।जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 11 बजे रघुवीर सिंह खाना खाने के बाद अपनी दुकान पहुंचे और रोज की तरह बरामदे में लगे पलंग पर सो गए। सोमवार सुबह जब दुकान नहीं खुली, तो ग्रामीणों ने जाकर देखा कि वे मृत हालत में पड़े हुए हैं।घटना की सूचना मिलते ही पाटन थाना पुलिस तथा एसडीओपी लोकेश डाबर एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए पाटन स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का माना जा रहा है।मृतक के बेटे तेज सिंह ने बताया कि रोजाना सुबह दुकान खोलने की ज़िम्मेदारी पिता की रहती थी। आज सुबह करीब 11:30 बजे तक दुकान बंद होने और पिता के न दिखने पर ग्रामीणों ने फोन कर जानकारी दी। जब वह मौके पर पहुँचे, तो देखा कि पिता खून से सने पड़े हुए थे।

### पहले दिन 16,325 बालिकाओं की हुई हीमोग्लोबिन जांच

## शक्ति संस्कार : रक्त अल्पता का संहार अभियान का शुभारंभ



जबलपुर।

नवरात्र के पावन अवसर पर जबलपुर जिले में ₹शक्ति संस्कार - रक्त अल्पता का संहार₹ नामक विशेष स्वास्थ्य अभियान की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए ₹सेवा पखवाड़ा₹ के अंतर्गत ₹स्वस्थ्य नारी - सशक्त परिवार₹ अभियान के हिस्से के रूप में यह पहल की गई है। कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य जिले की बालिकाओं में खून की कमी (एनीमिया) की जांच और निदान करना है।अभियान के पहले ही दिन जिले के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों की कुल 16,325 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर हीमोग्लोबिन जांच की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत ने बताया कि जिले में कक्षा 5वीं से 12वीं तक की 1 लाख 5 हजार बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है।श्री गहलोत ने कहा कि खून की कमी से बालिकाएं अनेक बीमारियों की शिकार हो सकती हैं, अतः उन्हें समय रहते पहचान कर उपचार देना आवश्यक है। जिन बालिकाओं में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई, उन्हें आयरन टैबलेट्स प्रदान की गईं और पोषक आहार की जानकारी भी दी गई।इस अभियान की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह एवं सीईओ श्री गहलोत ने स्वास्थ्य विभाग के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। उन्होंने सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में छात्राओं की जांच के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।यह अभियान बालिकाओं के स्वास्थ्य की दिशा में एक सशक्त पहल है, जिससे जिले की बेटियों को बेहतर भविष्य और सशक्त जीवन देने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है।

### श्रमदान कर दिया स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 21 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता रैली एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्रांगण से हुई, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश दिया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर एनएसएस स्वयंसेवकों ने साफ सफाई कर पौधों की देखभाल व कचरा निस्तारण के कार्य किए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारीगणों के मार्गदर्शन में हुआ, इस अवसर पर महाविद्यालय से शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्र, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, प्रकृति विश्वास, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. संजय गुप्ता सहित समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### संवेदनशील क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखने का संदेश

## नवरात्रि-दुर्गोत्सव पर पुलिस का फ्लैग मार्च

हरिभूमि, जबलपुर।

नवरात्रि एवं दुर्गोत्सव पर्व पर शहर में शांति, सुरक्षा और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी तारतम्य में सोमवार शाम पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के मार्गदर्शन और एएसपी सिटी आयुष गुप्ता के नेतृत्व में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया।

### कंट्रोल रूम से प्रारंभ गोहलपुर में समापन

फ्लैग मार्च पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर घंटाघर, बड़ी ओमती, भरतीपुर, गलगला, फूटाताल, सराफा चौक, कोतवाली थाने के सामने से मिलौनीगंज, मछली मार्केट, नालबंद मोहल्ला, बूढ़ी खेरमाई, चार खंबा और बेनी सिंह की तलैया होते हुए गोहलपुर तिराहा पर समाप्त हुआ।

### यह अधिकारी रहे शामिल

फ्लैग मार्च में सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी, सीएसपी कोतवाली रीतेश कुमार शिव, सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, टीआई ओमती राजपाल सिंह बघेल, टीआई बेलबाग राजकुमार खटीक, टीआई कोतवाली मानस द्विवेदी, टीआई गोहलपुर रीतेश पाण्डेय, टीआई हनुमानताल धीरज राज सहित आरएएफ कंपनी का बल मौजूद रहा।



### शांति बनाए रखने की अपील

इस अवसर पर कप्तान उपाध्याय ने संस्कारधानी वासियों को नवरात्रि और दुर्गोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर और प्रतिबद्ध है। कोई भी असामाजिक तत्व शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने दिया रोजगार और आत्मनिर्भरता का संबल

## "प्रेरणा" पहल का शुभारंभ

हरिभूमि, जबलपुर।

नवरात्रि के पावन पर्व पर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने समाज के लिए एक अनूठी और संवेदनशील पहल की शुरुआत की। प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संपदा सराफ गुर्जर की देखरेख में सोमवार को "प्रेरणा प्रतिभा, रोजगार एवं रिफार्म की नई आशा" कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### वंचितों के लिए नया सहारा

इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजन, विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को मुख्यधारा में लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। समाज में अक्सर उपेक्षित रह जाने वाले इन वर्गों को कंपनी ने रोज़गार देकर न केवल आर्थिक सहारा दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान को भी पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है।




### 1912 निदान कॉल सेंटर बना प्रेरणास्थल

कंपनी का 1912 निदान कॉल सेंटर, जिसे स्वतंत्रता दिवस 2025 पर "बेस्ट प्लेस ऑफ वर्क" का सम्मान मिल चुका है, अब इन विशेष साथियों के लिए सुरक्षित और प्रेरणादायक कार्यस्थल बन गया है। प्रशिक्षण और स्क्रीनिंग के बाद संपदा सराफ गुर्जर द्वारा तीन विधवा महिलाओं, चार दिव्यांग महिलाओं और दो दिव्यांग पुरुषों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

प्रतिभा परिस्थिति की मोहताज नहीं

इन नियुक्तियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि अवसर मिलने पर कोई भी परिस्थिति किसी की राह नहीं रोक सकती। हर व्यक्ति अपनी प्रतिभा के बल पर समाज और संगठन में नई पहचान बना सकता है।

### आशा की किरण बनी "प्रेरणा"

यह पहल केवल एक कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज निर्माण की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। "प्रेरणा" उन जिंदगियों में आशा का प्रकाश बनकर पहुंच रही है, जो अब तक अंधेरों से जूझ रही थीं।

### हुआ लक्ष्मण परशुराम संवाद

## धनुष भंग होते ही चहूँ ओर गूंजा जय श्रीराम का जय घोष

**जबलपुर।** श्री रामलीला समिति गढा जाबालीपुरम् में राजा जनक के दरबार में माता सीता का स्वयंवर आयोजित हुआ। स्वयंवर में रावण, बाणासुर, मगध नरेश, वैशाली नरेश, तथा इनके साथ 10 सहस्त्र राजा भी उपस्थित हुए ।सभी राजा धनुष तोड़ने में असफल रहे इसके पश्चात मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से सहज रूप में शिव धनुष भंग किया। धनुष भंग होते ही चारों ओर जय श्रीराम का जय घोष गूंजने लगा। लोग खुशी से झूम उठे और जनक जननी माता सीता ने प्रभु श्री राम को वरमाला पहनाई ।जैसे ही भगवान श्री राम ने शिव धनुष को तोड़ा तो आकाश मंडल में जोरदार गर्जना हुई।धनुष भंग होने की गर्जना को सुनकर भगवान परशुराम क्रोधित हो गए। लक्ष्मण परशुराम संवाद की जोरदार प्रस्तुति देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। इसके पश्चात रावण



बाणासुर संवाद की लीला मंच पर हुई। लक्ष्मण नमन त्रिपाठी,परशुराम राजा पांडे, रावण मुकेश मिश्रा एवं बाणासुर निक्की पटेल के अभिनय की सभी ने तहे दिल से सराहना की। साथ ही प्रो.छाया अरूण मिश्रा, बलराम पांडे, इंदुलता प्यासी, अनीता मदन गोपाल पटेल, डॉक्टर नीना भूपेन्द्र उपाध्याय,रौनक मनोध्याय, नीराली चौबे, ने भी लीला दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।मंगलवार को श्रीराम बारात सांय 6 बजे रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर गढा बाजार, आनंद कुँज, बी.टी.तिराहा, गुलौआ चौक, गौतम मढ़िया, संजीवनी नगर, शाही नाका, पंडा की मढ़यि, गढ़ा बाजार होते हुए रामलीला मैदान में समाप्त होगी। समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राकेश पाठक,महामंत्री लोकराम कोरी,ने समस्त राम भक्तों से अपने घर के सामने स्वागत वंदन बार लगाने भगवान की आरती उतार कर दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

## सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

# स्वस्थ नारी से ही सशक्त समाज का निर्माण : बरकडे





**हरिभूमि सिहोरा।**

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान सशक्त समाज निर्माण हेतु अविस्मरणीय कदम है उक्त आशय के उद्गार सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े ने सिविल अस्पताल सिहोरा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में व्यक्त किये।बरकड़े ने आगे कहा कि स्वस्थ नारी से ही ससक्त समाज के निर्माण की कल्पना की जा सकती है। हमारी माता बहने परिवार संचालन कि केंद्र बिंदु होती हैं मातृशक्ति के स्वस्थ स्वास्थ से परिवार सशक्त होता है और सशक्त परिवार का योगदान समाज एवं राष्ट्र के विकाश मैं अपनी महती भूमिका निभाता है।समस्त अतिथियों का स्वागत विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्शिया खान, सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ सुनील लटियार ने किया।

### पीएम के जन्मदिन पर मनाया जा सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पहले रक्तदान और आज शिविर आयोजित किया गया है इसके अलावा इसमें समाज के ऐसे विभिन्न कार्यों का समावेश किया गया है जो मानवीय मूल्यों की श्रृंखला है।नारी सशक्त परिवार अभियान एक ऐतिहासिक पहल है। शिविर में प्रधानमंत्री के विभिन्न जन हितैषी कार्यो की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### शिविर से सैकड़ों मरीज हुए लाभान्वित

शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भावना मिश्रा शिशु रोग विशेषज्ञ,डॉक्टर रत्नेश नामदेव नाक कान गला विशेषज्ञ,डॉक्टर अमित अग्रवाल ओरल सर्जन,डॉक्टर तपस्या मेडिसिन,डॉक्टर भगत के अलावा हितकारिणी कॉलेज एवं विरेंद्र पुरी आई हॉस्पिटल के चिकित्सक शिविर में उपस्थित रहे। जिन्होने त्वचा संबंधी समस्याओं , उच्च रक्तचाप,एनीमिया,प्रजनन स्वास्थ्य समस्याओं,स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर,गैर संचारी रोग मधुमेह,तपेदिक ( टीबी ) और सिकल सेल रोग ( एससीडी ) जैसी स्थितियों की जाँच और विशेष परामर्श प्रदान किया। शिविर से जहां सैकड़ों महिला पुरुष मरीज लाभान्वित हुए वहीं इसे सफल बनाने में डॉ आर के त्रिपाठी,डॉ आकांक्षा वर्मा,डॉक्टर मेघा तिवारी,डॉक्टर आकांक्षा जैन, नीतू गुप्ता,मनोज गुप्ता,बीपीएम स्वेता कोष्टा, बीसीएम विरेन्द्र झरिया,विपिन मरावी,विनोद कोरी,अरुण दाहिया,दिलीप मार्को का योगदान रहा।

### ये रहे उपस्थित

आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर,जिला प्रचार प्रमुख अनुपम सराफ,नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,शिशिर पांडे,अंकित तिवारी, स्वास्थ्य शिविर प्रभारी डॉ कमलेश श्रीवास,डॉ नकुल पटेल,अरुण जैन,बिनोद सेठी,विनय जैन,पार्षद रीता शुक्ला,विरेन्द्र पटेल,रत्नेश दुबे,सुग्रीव श्रीवास,सारिका साहू,साधना साहू,वर्षा ठाकुर,अशोक चौधरी,सोनू मिश्रा,सुनील चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

# नप मझौली में साफ-सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था ठप



**मझौली।** शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व प्रारंभ हो चुका है, लेकिन नगर परिषद मझौली द्वारा नगर की साफ-सफाई, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड क्रमांक 1 और 3 की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यही वे स्थान हैं जहां पर नगर के अधिकांश श्रद्धालु जवारे बोने के लिए मिट्टी लेने आते हैं। लेकिन यहां न तो सफाई हुई है और न ही किसी प्रकार की व्यवस्था की गई है। चारों ओर गंदगी फैली हुई है, सड़कें कीचड़ और कचरे से अटी पड़ी हैं। स्थानीय निवासी रवी कोस्टा, दुर्गेश विश्वकर्मा, कासी कोस्टा, सुनील कामता आदि ने बताया कि वे एवं उनके पूर्वज वर्षों से यही स्थान उपयोग करते आ रहे हैं, लेकिन नगर परिषद द्वारा लगातार उपेक्षा की जा रही है। शासकीय बोरिंग पर आसपास के किसानों का कब्जा है, जिससे श्रद्धालुओं को पानी की सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही। वहीं पूरे नगर की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है – अधिकांश वार्डों में नालियां जाम हैं, सड़कें पानी में डूबी हुई हैं और जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं।

स्ट्रीट लाइट के खंभों पर बिजली या तो पूरी तरह बंद है या लिप्प-लिप्प कर रही है, जिससे रात्रि में दुर्गा प्रतिमा स्थलों पर अंधेरा पसरा हुआ है। नगर में 20 से 25 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, लेकिन श्रद्धालुओं को दर्शन में कठिनाई हो रही है।

**जल आपूर्ति भी अव्यवस्थित है** – कई वार्डों में दो-दो दिन तक नल नहीं आते, जिससे आम नागरिकों को पेयजल के लिए भी भटकना पड़ रहा है। नगरवासियों ने नगर परिषद मझौली से तत्काल सफाई, बिजली और पानी की सुचारू व्यवस्था की मांग की है, ताकि नवरात्रि जैसे पवित्र पर्व पर भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## देर रात तक चलता रहा दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना का क्रम




**सिहोरा।** सोमवार से प्रारम्भ हुए जगत जननी की आराधना उपासना के महापर्व शारदेय नवरात्र की बैठकी पर अनेक स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना हो चुकी थी तो वहीं अनेक समितियों में यह क्रम देर रात तक चलता रहा। नगर उपनगर के देवी मठों देवालयों में भी नौ दिनों तक भक्तों का तांता लगा रहेगा सभी देवी मंदिरों खासकर कंकाली मंदिर,दुर्गा मंदिर,बूढ़ी माई,मां ज्वाला देवी,पर्वतवासिनी खेर मां खितौला सहित अन्य मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई है। भक्त गण ढ़ोल बैंड बाजा आतिशबाजी पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ माता को स्थापित करने ले जाते देखे गये। इस बार भी लगभग आधा दर्जन से अधिक माता महाकाली की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। समिति सदस्य अपने दुर्गा पंडाल को सजाने संवारने में जुटे गये है। नवरात्र के नौ दिनों तक घर घर में भक्तगणों द्वारा उपवास रखने के साथ माता को प्रसन्न करने विशेष उपासना की जायेगी ।सिहोरा खितौला में लगभग एक सैकड़ा से अधिक दुर्गा प्रतिमा एक से बढ़कर एक झांकी के साथ स्थापित की जायेगी।

## मोबाईल लूटकर भागे लुटेरे

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत मेडीकल कॉलेज गेट नंबर 2 के पास कॉलेज के लेब अटेंडेंट का मोबाइल बिना नंबर की स्कूटी में सवार दो अज्ञात लड़के लूटकर भाग गए। बताया गया है कि लेब अटेंडेंट मोबाइल में क्रिकेट मैच देखते हुए जा रहा था। लूटे गए मोबाइल की कीमत लगभग 11 हजार रुपए बताई गई है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडीकल कॉलेज में पदस्थ लेब अटेंडेंट एमआईजी कालोनी धनवंतरीनगर निवासी 40 वर्षीय जगभान सिंह ठाकुर रविवार की रात लगभग 11.20 बजे भारत और पाकिस्तान के मैच को देखते हुए धनवंतरीनगर से पैदल जा रहा था तभी पीछे से बिना नम्बर की स्कूटी में आए दो अज्ञात युवक उसका मोबाइल लूट कर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शासकीय महाविद्यालय में लगा विधिक साक्षरता शिविर




**सिहोरा।** शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में सोमवार को तहसील विधिक साक्षरता समिति के सहयोग तथा राजनीति शास्त्र विभाग एवं एनएसएस इकाई के तत्वाधान में किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधीश श्यामसुंदर झा,विशिष्ट अतिथि विधिक साक्षरता समिति के अध्यक्ष माननीय न्यायाधीश सुधांशु सिंह रहे तथा अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर एम के श्रीवास्तव द्वारा की गई । विद्वान न्यायाधीश श्री झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सभी विद्यार्थियों को पाक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी तथा कहा अनेक बार बच्चे गलती कर जाते हैं जबकि इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती । आपने कहा मन शैतान होता है आप बहुत अच्छे छात्र हैं किंतु मन फिर गया और आपने कोई अपराध कर दिया तो आप यह नहीं कह सकते कि मैंने पाक्सो एक्ट नहीं पढ़ा।आप अच्छे विद्यार्थी बनकर माता-पिता,शिक्षकों एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करें। न्यायाधीश श्री सिंह ने कहा पुस्तक आपकी सच्ची दोस्त होती है। किताबों से दोस्ती करें ।सफलता का कोई संक्षिप्त मार्ग नहीं होता ।वहीं प्राचार्य प्रो श्रीवास्तव ने विधिक साक्षरता समिति के कार्यों पर प्रकाश डाला ।राजनीति शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ नीता तिवारी ने भी अपने उद्गार इस अवसर पर व्यक्त किये । कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आनंदीलाल कुर्मी एनएसएस अधिकारी द्वारा किया गया । आभार डॉक्टर एस के मेहरोलिया द्वारा व्यक्त किया गया

## नवरात्रि पर्व के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक



**पाटन।** नगर परिषद पाटन में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पाटन नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी,उपाध्यक्ष देव कुमार यादव,पाटन टी आई गोपेंद्र सिंह राजपूत सभी वार्ड के पार्षद गण और विभिन्न समितियों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। शांति समिति की बैठक में आने वाले त्योहारों को लेकर चर्चा की गई, जिसमें पाटन टी आई ,नगर परिषद अध्यक्ष ने अपने अपने सुझाव रखे।साथ ही नागरिकों से भी उनके सुझाव मांगे गए। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के अधिकारी नवनीत सिंह राठौर भी बैठक के दौरान मौजूद रहे। जिन्होंने की दुर्गा समिति के पदाधिकारी से विद्युत व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। वही इस संबंध में नगर की यातायात व्यवस्था और साफ सफाई को लेकर भी चर्चा हुई।नागरिकों ने भी दौरान अपनी-अपने सुझाव दिए।पाटन नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ने कहा कि नगर में दुर्गा उत्सव का त्योहार शांति और सद्भाव के साथ हर बार मनाया जाता है इस बार भी यह परंपरा कायम रहेगा। टी आई गोपेंद्र सिंह राजपूत का कहना था कि नगर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन हर संभव कोशिश करेगा। इसमें नागरिकों के सहयोग की जरूरत है वहीं मौजूद गणमान्य नागरिकों ने भी त्योहारों के द्वारा सहयोग देने की बात की। कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष देवकुमार यादव, पार्षद जितेंद्र सिंह ठाकुर, शेख अमजद , दीपक जैन,सत्यम झारिया पत्रकार सुजीत ठाकुर ठाकुर, राजेश सिंह ठाकुर अंकित जैन कुलदीप बबेले अभिषेक अग्रवाल संदीप पटेल केशव प्रताप सिंह और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने शांति और सद्भाव के साथ आने वाले त्योहारों को मनाने की बात कही।

## बहुजन समाज पार्टी की बैठक भेड़ाघाट में आयोजित



**भेड़ाघाट।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में बेलखेड़ा सेक्टर की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पोलिंग बूथ की समीक्षा हेतु सेक्टर पर 10 पोलिंग तैयार करने की रूपरेखा बनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामप्रसाद चड़ार हां बरगी विधानसभा प्रभारी, अध्यक्षता शिवदयाल कमल प्रसाद अहिरवार विशिष्ट अतिथि द्वारका प्रसाद चौधरी बरगी विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए कार्यक्रम में रेवाराम, सुरेश प्रसाद, दशरथ प्रसाद, विष्णु बर्मन, अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

### पचेलगढ़ में राजा रघुनाथ शाह, शंकर शाह को किया गया नमन

## सिहोरा में बलिदान स्थल की माटी कलश में संग्रह कर निकली शौर्य यात्रा



**सिहोरा।** राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर सिहोरा में जहां विशाल शौर्य यात्रा वाहन निकाली गई वहीं पचेलगढ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गोंड समाज महासभा सिहोरा के तत्वाधान में बलिदान स्थल जबलपुर से संकलित की गई पवित्र बलिदान स्थल की माटी कलश को रैली के साथ सिहोरा खितौला के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पचेलगढ़ चंडी माई परिसर पहुंची जहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आरंभ किया गया कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न आमंत्रित वक्ताओं का उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशाली धुर्वे गोंडी भाषा शिक्षिका के मुख्य आतिथ्य,ठाकुर जसवंत सिंह की अध्यक्षता में किया गया इस अवसर पर अशोक सिंह बरकडे,योगेश्वर सिंह, नीलेश प्रताप सिंह राजा भंडरा,कोमल कोरचे,प्रमोद प्रकाश सिंह,हिमाचल सिंह,इंद्रजीत सिंह,सुशील मरावी,क्रांति मरावी, नवनीत सिंह ठाकुर,शिवम सिंह ठाकुर,मूरत सिंह,अमर सिंह वीरेंद्र पटेल,प्रमोद पटेल आदि उपस्थित थे।अंत में नीलेश प्रताप सिंह के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बाईक चालक घायल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत श्रीराम कॉलेज मोड़ के सामने एक ई रिक्शा ने एक बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाईक चालक बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गया। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्राना मस्जिद के पास मझौली निवासी 23 वर्षीय जुमेटो में डिलेवरी ब्वॉय सुहेल खान गत दिवस अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 जेड टी 0173 से कटंगी वायपास आर्डर छोड़ने गया था वहां से वापस इंडियन काफी हाउस दीनदयाल चौक जा रहा था रात लगभग 9.30 बजे जैसे ही श्रीराम कॉलेज मोड़ के सामने पहुॅचा तभी पीछे से आ रहा सवारी ईरिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड व्ही 1272 के चालक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी, दिया जिससे वह बाईक सहित गिर गया और उसके हाथ पैर आंख के पास एवं शरीर में चोटें आ गईं हैं। वहीं ईरिक्शा का चालक दीनदयाल चौक तरफ भाग गया। पुलिस ने आरोपी ई रिक्शा के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### इनवर्टर लगाने आया युवक घर से जेवर ले उड़ा

## किचिन की ग्रिल तोड़कर जेवर ले गए चोर

**जबलपुर।** संजीवनीनगर और पनागर में चोरी के दो मामलें सामने आए है। संजीवनीनगर में एक सूने घर के किचन की ग्रिल काटकर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। वहीं पनागर में इनवर्टर लगाने आए एक युवक ने एक घर से सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिपुरी चौक गढ़ा निवासी 32 वर्षीय स्वान एलीजे इवेंट मैनेजर शुभम मांझी की छोटी बुआ सीमा केवट का मकान नव निवेश कालोनी गंगानगर में है जो भोपाल में एरीकेशन विभाग में नौकरी करती हैं एवं भोपाल मे रहती हैं। गत 18 अगस्त को बुआ सीमा मकान में ताला लगाकर भोपाल चली गई थीं। गत रात बड़ी बुआ का बेटा चितबन मांझी अपनी छोटी मौसी के घर की चाबी लेकर सुबह लगभग 4 बजे मौसी के घर में रखे गद्दा चादर लेने गया था गेट का ताला बंद था अंदर के कमरे का ताला खुला था अंदर जाकर देखा तो आलमारी खुली हुयी थी बाजू से किचन की ग्रिल काटकर कोई अज्ञात चोर घर के अंदर घुसकर आलमारी में रखे गिफ्ट के कपड़े एवं आईटम, और चांदी के जेवर पायल बिछिया,लगभग 5 हजार रूपये, चांदी की गणेश जी मूर्ति चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञता आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह पनागर में परियट निवासी 32 वर्षीय ट्रांसपोर्ट एवं कंसट्रक्शन व्यापारी शिवम कुमार व्यास ने अपने घर में नया इनवर्टर लगाने के लिए इनवर्टर एवं बैटरी सुहागी से खरीदा था इनवर्टर लगाने के लिये सांई बैटरी सुहागी के मालिक रोहित पटैल ने चंचल सिंह उर्फ भानू को गत 4 सितंबर को उसके घर भेजा था चंचल सिंह उर्फ भानू उसके घर पर गत 4 सितंबर को सुबह लगभग 11 बजे आकर इनवर्टर लगाकर दोपहर लगभग 1 बजे चला गया था जिसके जाने के बाद उसने शिवम के बेडरूम में रखी ड्रेसिंग टेबल के अंदर रखी सोने की चैन वजनी 20 ग्राम एवं अंगूठी वजनी 14 ग्राम नहीं मिली। अंगूठी तथा चैन को चंचल उर्फ भानू चुरा ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**श्री प्रकाश चंद्र तिवारी-** सिहोरा, ब्राह्मण पुरा वार्ड क्रमांक 8 निवासी प्रकाश चंद्र तिवारी का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया।वे विकास चंद्र तिवारी के पिता थे।

**श्री शारदा प्रसाद वर्मा-** सुहागी ग्राम पंचायत के पास निवासी श्री शारदा प्रसाद वर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल राय-** एकता चौक गंगासागर गढ़ा निवासी श्री श्याम लाल राय (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अमित नन्होरिया-** टंडन काम्पलेक्स गढ़ा निवासी श्री अमित नन्होरिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामचंद्र तिवारी-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री रामचंद्र तिवारी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील विश्वकर्मा-** पाटन रोड ग्राम रैगवां राम आश्रम कॉलोनी निवासी श्री सुनील विश्वकर्मा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनीष कुमार प्रजापति-** शीतलामाई कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री अशोक प्रजापति के पुत्र श्री मनीष कुमार प्रजापति (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भीमसेन कोरी-** कालपी मंडला रोड निवासी श्री भीमसेन कोरी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट




मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रानी रैकवार-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री दिनेश रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती रानी रैकवार (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मिश्री लाल अहिरवार-** जिलहरी गौरीघाट निवासी श्री मिश्री लाल अहिरवार (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामलली जायसवाल-** बेलबाग निवासी श्री महेश प्रसाद जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती रामलली जायसवाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री बाई अहिरवार-** रामपुर चौधरी मोहल्ला निवासी श्री प्रकाश अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई अहिरवार (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुखनंदन नागले-** रामनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री सुखनंदन नागले (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नरेंद्र कुमार-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री नरेंद्र कुमार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रभात कुमार दास-** गोपाल होटल चांदमारी रोड लालमाटी निवासी श्री प्रभात कुमार दास (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अरूण पांडे-** राइट टाउन पोस्ट आफिस के पास निवासी श्री अरूण पांडे (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नन्हें लाल-** बजरंग नगर व्हीकल रांझी निवासी श्री नन्हें लाल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई रैकवार-** लालमाटी चांदमारी पंचशील स्कूल के पास निवासी श्री छोटे लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई रैकवार (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित यादव-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री कल्लू यादव के पुत्र श्री अमित यादव (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री धवल बेरूलकर-** शारदा कॉलोनी शक्तिनगर निवासी श्री प्रदीप कुमार बेरूलकर के पुत्र श्री धवल बेरूलकर (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुग्गा बाई रजक-** गली नं. 21, सदर निवासी श्री विपत लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती सुग्गा बाई रजक (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रभा पटेल-** रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री मुन्नी लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा पटेल (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकुंवर हिनोतिया-** रतन नगर एकता परिसर दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री चंद्रशेखर हिनोतिया की धर्मपत्नी श्रीमती रामकुंवर हिनोतिया (89) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

# घट रहा है अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात : जीटीआरआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का अपने सबसे बड़े बाजार अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात मई के 2.29 अरब डॉलर से 58 प्रतिशत घटकर अगस्त में 96.48 करोड़ डॉलर रह गया। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सोमवार को कहा कि यह घटनाक्रम चिंताजनक और विरोधाभासी है क्योंकि स्मार्टफोन पर कोई शुल्क नहीं है। स्मार्टफोन के मामले अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा बाजार है। जीटीआरआई ने कहा, 'इस गिरावट के असली कारणों का तत्काल पता लगाने की जरूरत है।'

- निर्यात मई में 2.29 अरब डॉलर से घटकर अगस्त में 96.48 करोड़ डॉलर

## स्मार्टफोन निर्यात में 58 फीसदी की गिरावट

### आभूषण निर्यात 9.1 फीसदी घटा

अगस्त में आभूषण निर्यात 9.1 प्रतिशत घटकर 22.82 करोड़ डॉलर रह गया। हीरे जड़ित सोने के आभूषणों और कटे-पॉलिश किए हीरों में भी नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात 43.8 प्रतिशत घटकर मई के 28.97 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अगस्त में 16.27 करोड़ अमेरिकी डॉलर रह गया। इसमें कहा गया कि अमेरिका को कपड़ा, परिधान और तैयार उत्पादों का निर्यात 9.3 प्रतिशत घटकर मई, 2025 के 94.37 करोड़ डॉलर से अगस्त, 2025 में 85.55 करोड़ डॉलर रह गया।



*रासायनिक निर्यात में 16 फीसदी की गिरावट : मई तथा अगस्त, 2025 के बीच रासायनिक निर्यात 15.9 प्रतिशत घटकर 45.19 करोड़ डॉलर रह गया। श्रीवास्तव ने कहा, अगस्त के आंकड़े उच्च शुल्क के प्रभाव को आंशिक रूप से ही दर्शाते हैं। देश ने छह अगस्त तक 10 प्रतिशत शुल्क का भुगतान किया, 27 अगस्त तक 25 प्रतिशत और 28 अगस्त के बाद ही 50 प्रतिशत शुल्क का भुगतान किया।*

*पीएलआई के पटरी से उतरने का खतरा : श्रीवास्तव ने कहा, "स्मार्टफोन और औषधि जैसे शुल्क-मुक्त निर्यात में अप्रत्याशित गिरावट काफी चिंताजनक है। इससे देश की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के पटरी से उतरने का खतरा है।*

स्मार्टफोन निर्यात मई, 2025 के 2.29 अरब डॉलर से 58 प्रतिशत घटकर अगस्त में 96.48 करोड़ डॉलर रह गया। यह गिरावट मासिक आधार पर स्थिर रही। जून में यह दो अरब डॉलर और जुलाई में 1.52 अरब डॉलर था।

### शुल्क मुक्त उत्पाद निर्यात में हिस्सेदारी 28 फीसदी

2024-25 में अमेरिका 10.6 अरब डॉलर के आयात (भारत के 24.1 अरब अमेरिकी डॉलर के वैश्विक निर्यात का 44 प्रतिशत) के साथ भारत का शीर्ष स्मार्टफोन बाजार बना रहा। इसके बाद यूरोपीय संघ 7.1 अरब डॉलर (29.5 प्रतिशत) के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

## खबर संक्षेप



### आरबीआई ने दत्ता फाइनेंस का पंजीकरण किया रद्द

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अनियमित ऋण देने की गतिविधियों के कारण नयी दिल्ली स्थित दत्ता फाइनेंस एंड ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ने अपने डिजिटल ऋण संचालन में वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में आचार संहिता के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है।

### एनबीसीसी ने हुडको के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी (इंडिया) लि. ने 117 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के विकास के लिए हुडको के साथ एक शुरुआती समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पंचकूला, कौशांबी, अहमदाबाद और नयी दिल्ली में आवास एवं शहरी विकास निगम लि. के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।


### रुपया 15 पैसे टूटकर 88.31 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे टूटकर 88.31 पर बंद हुआ। निवेशकों ने जोखिम से बचने की बढ़ती धारणा के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय लोगों द्वारा विदेश से पैसा भेजने पर होने वाले प्रभाव को लेकर चिंता जताई।

# वीजा मुद्दे को लेकर आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 466 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली से शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 466 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 125 अंक की गिरावट आई। बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 466.26 अंक यानी 0.56 प्रतिशत टूटकर 82,159.97 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 628.94 अंक तक नीचे आ गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं।



- निफ्टी में भी 125 अंक की गिरावट आई
- रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी बिकवाली दबाव रहा

*अदाणी की कंपनियों का मूल्यांकन बढ़ा : अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को भी तेजी जारी रही और दो दिन में उनका संयुक्त बाजार मूल्यांकन 1.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। अदाणी टोटल गैस के शेयर में 19.87 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 11.75 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में 6.94 प्रतिशत, अदाणी लिमिटेड के शेयर में 4.24 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 1.43 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स के शेयर में 1.17 प्रतिशत वृद्धि हुई।*


## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नये ईमारती काष्ठ / जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम - काष्ठागार जनकपुर
नीलाम दिनांक-29-09-2025
नीलाम समय- प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | | | पुराने अविक्रित काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0.250 | 10 | 468 | 32.033 | 3786 | 44.720 |
| 2 | साल | 870.000 | 550 | 9561 | 966.326 | 1696 | 45.581 |
| 3 | साजा | 5.000 | 25 | 201 | 22.549 | 38 | 1.018 |
| 4 | धावड़ा | 4.000 | 15 | 21 | 1.684 | 0 | 0 |
| | योग:- | 879.250 | 600 | 600 | 1022.592 | 5520 | 91.319 |
| 5 | मिश्रित जलाऊ | 450 चट्टा नया | | 534 चट्टा पुराना | | | |
| | योग:- | 450 चट्टा नया | | 534 चट्टा पुराना | | | |

टीप :- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व कय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई डी से लॉगईन करके देख सकते है।

G-252603634/4

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-521 Date-22/09/2025 2025_UAD_453464_1 | संभाग क्रमांक -07 निर्मल चंद जैन वार्ड अंतर्गत पुराना कंचनपुर शासकीय स्कूल के पास वार्ड कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>08.47 | 2000/-<br>8473/- | 05/10/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

## कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट जिला बालाघाट (म.प्र.) 481001

क्र०. एफ/ लोनिवि शाखा/50-2/2025/7901 — बालाघाट, दिनांक 22.09.2025

**//निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्रं. | टेण्डर आईडी नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_453062_1 | वार्ड क्रमांक 09 में पुलिस कालोनी के पास पेविंग ब्लॉक निर्माण कार्य। | 01 माह 3,67,284=00 | 2,000=00 एवं 7,346=00 | 06/10/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, बालाघाट
जिला बालाघाट

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस जिला शहडोल म.प्र.

म.प्र. भू राजस्व संहिता की धारा 146 एवं 147 के तहत् इस न्यायालय के दुवारा नीचे लिखे गये प्रकरणों में संबंधित बकायादारों को कमी राशि चुकाने हेतु प्रकरण में संलग्न विलेख में वर्णित संपत्ति की कुर्की करने से पूर्व बकाया राशि चुकाने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। बकायादारों को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि सूचना के प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के भीतर बकाया राशि ऑनलाईन चालान के माध्यम से जमा कर चालान कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बकाया राजस्व राशि जमा न करने की स्थिति में बकायादारों को संबंधित संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाकर संपत्ति की नीलामी की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी। **(माह सितम्बर 2025 प्रथम सूची)**

**जिला शहडोल से संबंधित प्रकरणों के बकायादारों की सूची निम्नानुसार है।**

(राशि रुपए लाख में)

| क्र. | जिले का नाम | दिनांक की स्थिति में लंबित प्रकरणों की संख्या | कुल निहित राशि | पक्षकारों का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शहडोल | 129/B-105/2015-16 | 50032 | श्रीमती उर्मिला पत्नी रामसत्य पटेल निवासी ब्यौहारी तह. ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र. |
| 2 | शहडोल | 116/B-105/2015-16 | 33157 | श्रीमती सुल्ताना बी पत्नी जावेद खान निवासी वार्ड नं. - 02 धनपुरी जिला शहडोल म.प्र. |
| 3 | शहडोल | 104/B-105/2015-16 | 165200 | श्री भुवनमोहन जायसवाल पिता भागवत प्रसाद जायसवाल निवासी वार्ड नं. - 11 शहडोल जिला शहडोल म.प्र. |
| 4 | शहडोल | 79/B-105/2015-16 | 108632 | श्री अनिल पाण्डेय पिता सत्यनाराण पाण्डेय निवासी शहडोल तह. सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. |
| 5 | शहडोल | 117/B-105/2001-02 | 38216 | श्यामलाल प्रजापति पिता श्री सुखलाल प्रजापति निवासी वार्ड नं. 12 तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 6 | शहडोल | 102/B-103/2001-02 | 46028 | 1. दिलीप सिंह, 2. महीप सिंह दोनों के पिता बद्री सिंह निवासी विराटनगर बाईपास रोड शहडोल, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 7 | शहडोल | 103/B-103/2001-02 | 46028 | हर्षवर्धन सिंह पिता स्व. श्री कुंवर मृगेन्द्र सिंह निवासी राजा बाग सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 8 | शहडोल | 98/B-103/2001-02 | 32965 | इफताक खान पिता नबाव खान निवासी न्यू बस स्टैण्ड तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 9 | शहडोल | 93/B-103/2001-02 | 27228 | महीप सिंह पिता श्री बद्री सिंह निवासी विराटनगर बाई पास रोड शहडोल, थाना पोस्ट शहडोल, जिला शहडोल म. प्र. |
| 10 | शहडोल | 95/B-103/2001-02 | 34529 | श्यामलाल पिता श्री नत्थू लाल जायसवाल निवासी ग्राम गोरतरा तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. 2. रफीक खान पिता स्व. श्री मजे खान निवासी वार्ड नं. 10 धनुपरी, थाना पोस्ट धनपुरी तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. 3. नरेन्द्र सिंह पिता स्व. श्री मोहन सिंह निवासी बंगवार कालोनी थाना पोस्ट धनपुरी, जिला शहडोल म.प्र. 4. सकूर खान पिता स्व. गफूर खान निवासी वार्ड नं. 06 धनपुरी थाना व पोस्ट धनपुरी तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. 5. जेठू पिता धन्सू लोधी निवासी वार्ड नं. 01 धनुपरी, थाना पोस्ट धनपुरी, जिला शहडोल म. प्र. |
| 11 | शहडोल | 117/B-105/1998-99 | 20266 | रज्जू सिंह पिता गंगा सिंह निवासी बिजौरा राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर |
| 12 | शहडोल | 99/B-105/1998-99 | 36780 | श्रीमती प्रेमवती पति रामानुज वर्मा निवासी शहडोल तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 13 | शहडोल | 62/B-105/1998-99 | 42681 | श्री राघवेन्द्र सिंह पिता श्री धर्मेन्द्र सिंह निवासी कदोंहा तह. सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. |
| 14 | शहडोल | 69/B-105/1998-99 | 43842 | श्री अनन्त सिंह पिता डा. एल.एम. सिंह निवासी ग्राम कदौंहा तह. सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. |
| 15 | शहडोल | 29/B-105/1998-99 | 27434 | श्रीमती विभा सिंह पत्नी नागेन्द्रनाथ सिंह निवासी कोटमा रोड तह. सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. |
| 16 | शहडोल | 18/B-105/1998-99 | 32294 | श्री झगडू पिता श्री गोकूल जैसवारा निवासी अमलाई तह. बुढार जिला शहडोल म.प्र. |
| 17 | शहडोल | 17/B-105/1998-99 | 32485 | श्रीमती रेखा बाई खॉन चन्दानी पति श्री हरीश खान चन्दानी निवासी बुढ़ार, थाना बुढ़ार, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 18 | शहडोल | 09/B-105/1998-99 | 34164 | श्री विनोद कुमार पिता श्री मोहनलाल मिश्रा निवासी ग्राम तेंदुहा हाल मुकाम बलपुरवा तह. सोहागपुर जिला शहडोल |
| 19 | शहडोल | 12/B-105/1997-98 | 11399 | अनिल सिंह पिता बी. पी. सिंह निवासी बस स्टैण्ड शहडोल, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 20 | शहडोल | 09/B-105/1997-98 | 20929 | सुधाकर प्रसाद द्विवेदी पिता छोटेलाल द्विवेदी निवासी वार्ड नं. 11 इन्द्रा बस्ती शहडोल, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 21 | शहडोल | 03/B-105/1997-98 | 10200 | दिलीप कुमार खत्री पिता रमेश कुमार खत्री निवासी शहडोल तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म. प्र. |
| 22 | शहडोल | 21/B-105/1997-98 | 19583 | रामदीन पनिका पिता दुईयां पनिका निवासी वार्ड नं. 06 सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 23 | शहडोल | 155/B-105/2015-16 | 5708 | श्री पुजारी सिंह पिता दुक्खी सिंह गोड निवासी वार्ड नं. - 06 शहडोल तहसील सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. |
| 24 | शहडोल | 12/B-103/2010-11 | 41330 | राजेन्द्र कुमार कुकरेलिया पिता चुरामन कुकरेलिया निवासी वार्ड नं. 26 सिंधी बाजार शहडोल, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 25 | शहडोल | 13/B-105/2010-11 | 51635 | पूरनवती पति प्रीतम चौरसिया निवासी विक्रमपुर तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म. प्र. |
| 26 | शहडोल | 05/B-103/2013-14 | 239018 | राकेश कुमार अग्रवाल पिता नारायण प्रसाद अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 14 घरौला मोहल्ला शहडोल जिला शहडोल म.प्र. |
| 27 | शहडोल | 07/B-103/2013-14 | 85800 | अब्दुल कादिर जिलानी पिता श्री अब्दुल रज्जाक निवासी वार्ड नं. 22 शहडोल, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म. प्र. |
| 28 | शहडोल | 10/B-103/2013-14 | 191086 | अब्दुल कदीर खान पिता मोहम्मद सफीक निवासी पुरानी बस्ती वार्ड नं. 30 शहडोल, जिला शहडोल म.प्र. |
| 29 | शहडोल | 10/B-103/2017-18 | 172114 | श्रीमती ममता मिश्रा पत्नी श्री अवधेश मिश्रा निवासी वार्ड नं.- 32 तहसील सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. |
| 30 | शहडोल | 16/B-105/2004-05 | 55521 | श्री जुमड़ामल कटारिया पिता स्व. टीपनदास कटारिया निवासी वाड न. 7 तहसील सोहागपुर जिला शहडोल, म.प्र. |
| 31 | शहडोल | 07/B-105/2005-06 | 460492 | पुष्पेन्द्र सिंह पिता श्री विश्वनाथ सिंह निवासी बंजरग नगर रीवा, तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. |
| 32 | शहडोल | 76/B-105/2015-16 | 65461 | श्री विकास प्रताप सिंह पिता रामबहादुर सिंह निवासी वार्ड नं.-17 शहडोल जिला शहडोल म.प्र. |
| 33 | शहडोल | 05/B-105/2012-13 | 111054 | श्रीमती रानी देवी पति पी.डी. शर्मा निवासी शहडोल, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 34 | शहडोल | 57/B-105/2015-16 | 21570 | श्री साजनदास मोटवानी पिता ठाकुरदास मोटवानी निवासी घरौला मोहल्ला वार्ड नं. 15 शहडोल, जिला शहडोल म.प्र. |
| 35 | शहडोल | 55/B-105/2015-16 | 186650 | श्री कुलजीत सिंह दुआ पिता सरदार गुरूवचन सिंह, संजय कुमार जैन पिता संपत लाल जैन, शिव सिंह चंदेल पिता टीकाराम सिंह चंदेल ज्ञानी गुप्ता पिता सुन्दरलाल गुप्ता निवासी वार्ड नं. 19 कांग्रेस भवन के सामने शहडोल जिला शहडोल म.प्र. |
| 36 | शहडोल | 04/B-105/2015-16 | 32980 | श्री निखिल कुमार त्रिपाठी पिता शिवकुमार त्रिपाठी निवासी राव कालोनी वार्ड नं. 10 शहडोल जिला शहडोल म.प्र. |
| 37 | शहडोल | 32/B-105/2015-16 | 76860 | प्रवीण खरे पिता जे.पी. खरे निवासी किरन टाकीज के पास वार्ड नं. 25 शहडोल, जिला शहडोल म.प्र. |
| 38 | शहडोल | 33/B-105/2015-16 | 97080 | श्री सुधीर प्रताप सिंह पिता नरेन्द्र बहादुर सिंह निवासी वार्ड नं. 13 घरौला मोहल्ला शहडोल जिला शहडोल म.प्र. |
| 39 | शहडोल | 25/B-105/2015-16 | 76656 | श्री तरूणेन्द्र शखर शर्मा पिता आर. पी. शर्मा निवासी शर्मा कालोनी वार्ड नं. 18 शहडोल म.प्र. |
| 40 | शहडोल | 51/B-105/2015-16 | 560195 | श्री शंकरदयाल पिता महावीर प्रसाद कोरी निवासी पुरानी बस्ती वार्ड नं. 27 शहडोल म.प्र. |
| 41 | शहडोल | 11/B-105/2015-16 | 39975 | सतीश कुमार मिश्रा पिता हरवंश प्रसाद मिश्रा निवासी वार्ड नम्बर 12 शहडोल सोहागपुर |
| 42 | शहडोल | 39/B-105/2015-16 | 28751 | श्री घनश्यामदास अहूजा पिता रूपचंद्र अहूजा निवासी झूलेलाल मंदिर के पास शहडोल म.प्र. |
| 43 | शहडोल | 10/B-105/2015-16 | 820207 | श्री मेर्सस प्रगति एसोसिएटस जरिये पार्टनर - ( 1 ) कुलजीत सिंह दुआ पिता सरदार सिंह निवासी वार्ड नं. 19 कांग्रेस भवन के सामने शहडोल जिला शहडोल म.प्र. |
| 44 | शहडोल | 14/B-105/2015-16 | 115555 | श्री कुलजीत सिंह दुआ ( 2 ) संजय जैन श्री मेसर्स प्रगति एसोसिएटस निवासी कांग्रेस भवन के सामने शहडोल म.प्र. |
| 45 | शहडोल | 08/B-105/2015-16 | 115555 | श्री कुलजीत सिंह दुआ पिता सरदार गुरूवचन सिंह निवासी वार्ड नं. 19 कांग्रेस भवन के सामने शहडोल जिला शहडोल म.प्र. |
| 46 | शहडोल | 45/B-105/2015-16 | 749887 | श्री अनिल सक्सेना पिता ब्रम्हानंद सक्सेना जी. एम. प्रोजेक्ट एस. जे. के. पॉवरजेन लिमि. |
| 47 | शहडोल | 09/B-105/2015-16 | 42520 | 1. भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिंहपुर जिला शहडोल म.प्र. द्वारा - शाखा प्रबंधक श्री पी. एस. सुखदेवे। 2. कैलाश नाथ पाण्डेय पिता स्व. रामेश प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम बोडरी, जिला शहडोल, म.प्र. |
| 48 | शहडोल | 56/B-105/2015-16 | 34125 | 1. भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुढ़ार जिला शहडोल म.प्र. इन्द्रजीत मिश्रा शाखा प्रबंधक 2. कोमलपाल पिता श्री चुनुवा पाल निवासी ग्राम पो० बेम्हारी थाना धनपुरी, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल, म.प्र.। |
| 49 | शहडोल | 46/B-105/2015-16 | 407422 | श्री सोहरत अली पिता सावित अली निवासी वार्ड नं. 03 सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 50 | शहडोल | 42/B-105/2015-16 | 87399 | श्रीमती मंजू पाण्डेय पति स्व. दुर्गेशदत पाण्डेय निवासी वार्ड नं. 13 घरौला मोहल्ला शहडोल जिला शहडोल म.प्र. |
| 51 | शहडोल | 43/B-105/2015-16 | 185985 | श्री धीरज वजाज पिता चन्द्रप्रकाश बजाज निवासी वार्ड नं. 24 शहडोल म.प्र. |
| 52 | शहडोल | 53/B-105/2001-02 | 22202 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चतुवेर्दी पिता श्री केशव प्रसाद चतुवेर्दी निवासी प्रोफेसर कालोनी वार्ड नं. 09 मकान नं. 06 शहडोल, तहसील सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. |
| 53 | शहडोल | 54/B-105/2000-01 | 11867 | कृष्णपाल द्विवेदी पिता रामसिया द्विवेदी निवासी पानी टंकी के पास सिविल लाईन माधव नगर कटनी, जिला कटनी म.प्र. |
| 54 | शहडोल | 52/B-105/2000-01 | 35413 | राकेश कुमार चतुवेर्दी पिता श्री केशव प्रसाद चतुवेर्दी निवासी वार्ड नं. 12 शहडोल, तहसील सोहागपुर, थाना व पो.आ. शहडोल, जिला शहडोल म.प्र. |
| 55 | शहडोल | 119/B-103/2001-02 | 10888 | अनिल कुमार श्रीवास्तव पिता डी आर. श्रीवास्तव निवासी वार्ड नं. 06 पाण्डवनगर शहडोल तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म. प्र. |
| 56 | शहडोल | 17/B-103/2001-02 | 12744 | मेल प्रकाश खेस पिता फिलोप खेस निवासी धनुपरी, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 57 | शहडोल | 92/B-103/2001-02 | 4618 | त्रिभुवन सिंह पिता कालू सिंह निवासी बलपुरवा पो. बलपुरवा, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 58 | शहडोल | 97/B-103/2001-02 | 4610 | श्री आदिल खांन पिता इनायत खान निवासी सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 59 | शहडोल | 104/B-103/2001-02 | 41923 | श्रीमती सुशीला सिंह पति रमाप्रताप सिंह निवासी विराट नगर बाणगंगा शहडोल, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र. |
| 60 | शहडोल | 115/B-103/2001-02 | 38240 | श्रीमती उर्मिला पाण्डेय पति श्री जय प्रकाश पाण्डेय निवासी घरौला मोहल्ला वार्ड नं. 12 शहडोल, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल म. प्र. |
| 61 | शहडोल | 102/B-105/1998-99 | 39248 | राम जानकी मंदिर धनपुरी द्वारा नरेश चन्द्र गुप्ता पिता राम चन्द्र गुप्ता निवासी धनपुरी जिला शहडोल म. प्र. |
| 62 | शहडोल | 18/B-105/99-2000 | 23416 | मो. जाबिर खान पिता जमसीर मो. 2. रफीक खान पिता मंजे खान 3. बाबूलाल पिता जयदीन बैगा निवासी वार्ड नं. - 01 बुढार तहसील बुढार जिला शहडोल म. प्र. |
| 63 | शहडोल | 37/B-105/99-2000 | 31674 | श्री सीताराम गोड पिता फागू राम गोड निवासी लमलाई तहसील बुढार जिला शहडोल म. प्र. |
| 64 | शहडोल | 34/B-103/2002-03 | 58283 | श्री संजय कुमार रुचंदानी पिता माधौदास रुचंदानी निवासी जैन मंदिर रोड बुढ़ार जिला शहडोल म. प्र. |
| 65 | शहडोल | 44/B-103/2002-03 | 2576 | श्री पुष्पेन्द्र ताम्रकार पिता शंकर लाल ताम्रकार निवासी बुढ़ार तहसील बुढ़ार जिला शहडोल म. प्र. |
| 66 | शहडोल | 50/B-105/2011-12 | 72157 | श्री गोविन्द्र प्रसाद रैदास पिता लक्ष्मण प्रसाद रैदास निवासी रूगटा कालरी थाना तहसील बुढार जिला शहडोल |
| 67 | शहडोल | 54/B-105/2011-12 | 29956 | श्रीमती चेतना दीक्षित पति श्री भानू दीक्षित निवासी वार्ड नम्बर 09 बुढार जिला शहडोल |
| 68 | शहडोल | 53/B-105/2011-12 | 35045 | श्रीमती अंबिका सिंह पिता श्री बलवीर सिंह निवासी बुढार थाना तहसील बुढार जिला शहडोल म.प्र. |
| 69 | शहडोल | 23/B-105/2011-12 | 20404 | श्री आदित्य विक्रम सिघांनिया पिता परम कुमार सिंघानिया निवासी बुढार तहसील बुढार जिला शहडोल म.प्र. |
| 70 | शहडोल | 34/B-105/2011-12 | 51016 | श्री सावित्री मिश्रा पिता बालमुकंन्द मिश्रा निवासी पुरानी चौकी धनपुरी थाना तहसील बुढार जिला शहडोल |
| 71 | शहडोल | 35/B-105/2011-12 | 63077 | श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह पिता श्री उदयभान सिंह निवासी बुढार जिला शहडोल |
| 72 | शहडोल | 45/B-105/2011-12 | 32820 | श्री दिग्विजय सिंह पिता राजमणि सिंह वार्ड न. 02 धनपुरी जिला शहडोल |
| 72 | शहडोल | 42/B-105/2011-12 | 49137 | श्री सुबेश प्रसाद वर्मा पिता सुखदेव प्रसाद निवासी देवहरा शान्ति नगर तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प. |
| 74 | शहडोल | 37/B-105/2011-12 | 58807 | श्री अफजल अहमद पिता स्व. असफाक अहमद निवासी बुढार जिला शहडोल |
| 75 | शहडोल | 14/B-105/2011-12 | 59693 | श्री सुभाष चन्द्र शर्मा पिता हनुमान प्रसाद शर्मा निवासी वार्ड न. 08 बुढार जिला शहडोल कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस जिला शहडोल म.प्र. |

G-19051/25

"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस
जिला शहडोल म.प्र.

चिंतन

# हमें तुरंत देश की प्रतिभा को आकर्षित करना होगा

दुनिया की तस्वीर बहुत तेजी से बदल रही है। एक के बाद एक ऐसे फैसले आमने आ रहे हैं जो हैरान करने वाले हैं। सबसे ज्यादा तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चौंका रहे हैं। उन्होंने एकाएक एच-1बी वीजा के नियमों में संशोधन करके भारतीय पेशेवरों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। अब अगला फैसला चीन की तरफ से आया है। अपने विकास और अपनी तकनीक को हमेशा गोपनीय रखने वाले चीन ने दुनिया भर के टैलेंट को आकर्षित करने के लिए एक नई के वीजा कैटेगरी की शुरुआत करने का ऐलान किया है। वैसे तो चीन की नई वीजा कैटेगरी को लेकर फैसला अगस्त में ही कर लिया गया था। लेकिन अब एक अक्टूबर, 2025 से ये लागू हो जाएगी। अमेरिका साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स की फील्ड से जुड़े लोगों को एच-1बी वीजा के जरिए देश में लाता रहा है, लेकिन अब यही काम चीन करने वाला है। कई देशों में वर्किंग प्रोफेशनल्स की एंट्री कड़ी की जा रही है। ऐसे में चीन ने इसका फायदा उठाते हुए नए वीजा को लॉन्च किया है, ताकि वह उन्हें देश में लेकर आ सके। दरअसल, अमेरिका ने टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग सेक्टर में जिस तरह का दबदबा बनाया है, उसके पीछे एच-1बी वीजा का बड़ा हाथ रहा है। बिना एच-1बी वीजा वर्कर अमेरिका की टेक इंडस्ट्री प्रभावित हो सकती है। चीन को ये बात अच्छी तरह से मालूम है, तभी वह चाहता है कि जिन वर्किंग प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में दिक्कत हो रही है, वो सीधे चीन आ जाएं और उसने कई तरह की सुविधाएं देने का भी वादा किया है। ऐसे में जल्द ही सारे टैलेंटेड लोग चीन का रुख भी कर सकते हैं। आवेदकों को ये वीजा तभी मिलेगा, जब वे चीनी अधिकारियों द्वारा तय की गई क्वालिफिकेशन और शर्तों को पूरा करेंगे। उन्हें इस दौरान जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी दिखाने होंगे। हालांकि, अभी वीजा की शर्तों को जारी नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही चीनी दूतावासों और महावाणिज्य दूतावासों की तरफ से इसकी जानकारी पब्लिश की जाएगी। इस फैसले से तय है कि चीन दुनियाभर की प्रतिभा अपने देश में लाने की तैयारी में है। अमेरिका के ही सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच जारी किए गए सभी एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत से ज्यादा भारतीयों को मिले हैं। ट्रंप सरकार स्वदेशियों को रोजगार के अवसर की आड़ लेकर अपने यहां स्किल्ड अप्रवासियों के रास्ते धीरे-धीरे बंद कर रही है। एक तथ्य यह भी है कि अमेरिका की कई नामी कंपनियां भारतीय पेशेवरों के भरोसे ही रहती आई हैं। अमेरिका में भारी वीजा फीस देनी पड़ी तो ये कंपनियां भी अपने कार्यालय भारत व दूसरे देश में खोलने का विकल्प रख सकती हैं। अब चीन चाहता है कि वे कंपनियां उनके देश में आ जाएं। हमें भी चीन की तरह तुरंत कदम की उठाने की जरूरत है ताकि हमारे युवा अपने ही देश में रहकर विकास को रफ्तार दें। इसके लिए अभी कई तरह के प्रयास करने होंगे। क्योंकि वेतन व जीवनशैली से जुड़ी सुविधाओं का इन प्रयासों में खासा योगदान रहने वाला है। अभी हमारे शहरों में ऐसे पेशेवरों के लिए बुनियादी सुविधाओं की दिशा में काफी कुछ करना बाकी है। लेकिन इतना तय है कि बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे आइटी शहरों में पेशेवरों और स्टार्टअप्स को आकर्षित करने का यह बेहतर मौका है। समुचित सुविधाएं देने के साथ अपने ही देश में पेशेवरों को रोक कर 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में कदम तेज किए जा सकते हैं। बस जरूरत है कि कदम आगे बढ़ाने की।



पहल
अवधेश कुमार

# संबोधन का दूरगामी महत्व

प्रधानमंत्री मोदी के बारे में उनकी पार्टी के शीर्ष लोग भी बोलते हैं की उनका पूर्व अनुमान लगाना लगभग असंभव होता है। इस कारण शायद देश के बड़े समूह की उम्मीदें ज्यादा रही होंगी। इस समय जिस तरह की चुनौतियां भारत के सामने उत्पन्न हुई हैं, सोशल मीडिया में इतनी बातें आती है कि लोग सभी में शीर्ष नेतृत्व से प्रतिक्रिया की मांग करने लगते हैं। उसमें यदि कुछ लोगों को लगता है कि इतने के लिए संबोधन की आवश्यकता नहीं थी तो यह उनकी सोच हो सकती है। सच कहा जाए तो किसी संबोधन का छोटा होना उसके आवश्यक, प्रासंगिक और महत्वपूर्ण न होने का पर्याय नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन लगभग 19 मिनट का था। विरोधियों की आम प्रतिक्रिया यही है कि केवल जीएसटी या वस्तु और सेवा कर सुधार की ही बात रखनी थी तो उसके लिए राष्ट्र के नाम संबोधन की कोई आवश्यकता नहीं थी। कई विश्लेषकों और पत्रकारों ने भी अपने सोशल मीडिया पर इसी तरह का पोस्ट लिखा है। मोदी की छवि अच्छे प्रभावी होने के साथ लोगों की समझ में आ जाए इस तरह से बात रखने वाले वक्ता की है। जैसे ही यह सूचना आई कि प्रधानमंत्री शाम 5 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे अनेक तरह की अटकलें लगाई जाने लगी। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में उनकी पार्टी के शीर्ष लोग भी बोलते हैं की उनका पूर्व अनुमान लगाना लगभग असंभव होता है। इस कारण शायद देश के बड़े समूह की उम्मीदें ज्यादा रही होंगी। इस समय जिस तरह की चुनौतियां भारत के सामने उत्पन्न हुई हैं, सोशल मीडिया में इतनी बातें आती है कि लोग सभी में शीर्ष नेतृत्व से प्रतिक्रिया की मांग करने लगते हैं। उसमें यदि कुछ लोगों को लगता है कि इतने के लिए संबोधन की आवश्यकता नहीं थी तो यह उनकी सोच हो सकती है। सच कहा जाए तो किसी संबोधन का छोटा होना उसके आवश्यक, प्रासंगिक और महत्वपूर्ण न होने का पर्याय नहीं हो सकता।

2017 में जीएसटी की शुरुआत के समय भी प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन किया था और उसे आर्थिक आजादी की शुरुआत बताया था। अप्रत्यक्ष करों में इतनी बड़ी कटौती केवल दो दरों 5 प्रतिशत और 18% तक सीमित कर देने जैसे ऐतिहासिक कदम पर वे देश को संबोधित नहीं करें ऐसा संभव नहीं था। उसमें भी इस वर्ष के बजट में 12 लाख तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया। ध्यान रखिए, 15 अगस्त को लाल किले के संबोधन से ही उन्होंने सेकंड जेनरेशन रिफॉर्म यानी दूसरी पीढ़ी के सुधारों की बात की थी और इसे सतत प्रक्रिया बताया था। इस नाते जीएसटी दरों में परिवर्तन का क्रांतिकारी महत्व है। शारदीय नवरात्र और ग्रेगोरियन कैलेंडर से 22 सितंबर से इसकी शुरुआत करने का महत्व भी समझ जाना चाहिए। आखिर नौ दिनों का यह त्योहार शरीर और चित्त की शुद्धि ही नहीं अपनी साधना से बहु स्वरूपा मां दुर्गा को प्रसन्न कर सिद्धि प्राप्त करने की भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं दासत्वकाल के अवशेषों और मानसिकता से मुक्ति का बार-बार आह्वान किया है। शुभ मुहूर्त में देवी देवताओं की आराधना के साथ कार्य शुरू करने की हमारी परंपरा है। नवरात्र के आरंभ जैसी अवसरों से अपने व्यापक आर्थिक सुधार के इतने महत्वपूर्ण कदम की शुरुआत करते हैं तो राष्ट्र के नाम संबोधन से इसका महत्व स्पष्ट होता है। प्रधानमंत्री ने नागरिक देवो भव, बचत उत्सव से लेकर स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की बातचीत की। वर्तमान विश्व परिदृश्य अनिश्चितताओं से भरा हुआ है। ऐसा लगता है जैसे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के संचालन के लिए कोई नियम या तंत्र नहीं है। सभी देशों को अपनी आंतरिक व बाह्य शक्ति के आधार पर ही अस्तित्व बनाए रखने और कार्य करने का यथार्थ सामने है। भारत के सामने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले 25% सीमा शुल्क फिर रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25% शुल्क लागू कर दिया। अमेरिका विपक्षीय व्यापार में हमारा सबसे ज्यादा



42 से 43 अरब डॉलर का लाभ देने वाला देश है। यहां हमारे वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात प्रभावित हुए तो इसका असर संपूर्ण अर्थव्यवस्था पर पड़ना है। आप इसका आकलन अपने अनुसार कर सकते हैं। शायद सामान्य समय में भारत रूस से तेल आयात में थोड़ी बहुत कमी कर सऊदी और अन्य जगहों से बढ़ा सकता था। किंतु अभी ऐसा करने का अर्थ देश का दबाव में झुक जाना होगा और इसका आर्थिक प्रभाव भी होगा। विश्व को दिशा देने का लक्ष्य रखने वाला देश कदापि ऐसा नहीं कर सकता। तो यह एक अवसर है हमें भविष्य की दृष्टि से सचेत होकर कदम उठाने का ताकि आने वाले समय में इससे बड़े आघात भी राष्ट्र के रूप में भारत को प्रभावित नहीं कर सकें।

रक्षा, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय समीकरणों की दृष्टि से भी संपूर्ण विश्व उथल-पुथल के दौर में है। थोड़ी गहराई से देखे तो यह विचारधाराविहीनता का भी युग है जहां संपन्न व प्रभावी व्यक्तित्व, संस्थाएं, संगठन, समूह, समुदाय किसी देश में उथल-पुथल का खतरा पैदा कर सकते हैं। इन सबसे निपटने का कोई एक रास्ता हो सकता है तो यही कि भारत हर दृष्टि से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाएं और आत्मनिर्भरता का रास्ता राष्ट्र के प्रति स्वभाव के अभियान और स्वदेशी से जाता है। प्रधानमंत्री स्वयं लंबे समय से लोकल फौल वोकल की बात तो करते ही रहे हैं।

इन सारे परिप्रेक्ष्यों को आधार बनाएं तो निष्कर्ष आएगा कि प्रधानमंत्री ने छोटे संबोधन में ही राष्ट्र के लिए एक क्रांति का आह्वान किया है। उन्होंने उद्यमियों, एक-एक व्यक्ति, सभी राज्यों से अपील की है कि मिलजुल कर इस तरह से कम करें, ऐसे नियम बनाएं ताकि स्वदेशी सोच व संसाधनों की बदौलत आत्मनिर्भर बन सकें। यही एकमात्र रास्ता है जिसके बाद कोई देश हमको आर्थिक, सैन्य, तकनीक, वैज्ञानिक किसी दृष्टि से दबावों में लाने का दुस्साहस नहीं करेगा। राष्ट्र के नाम संबोधन में सामान्य विदेश नीति ,,कूटनीति ही नहीं विपक्ष के आरोपों का उत्तर या विपक्ष पर राजनीतिक हमले नहीं किए जाते। कांग्रेस के जयराम रमेश या अन्य नेताओं के पूर्व कटाक्षों से आप प्रभावित केवल भारत के भविष्य का विचार करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के नेता के रूप में सभी से इन परिस्थितियों में भारत राष्ट्र के नाते सोचने और उस दृष्टि से संगठित होकर काम करने का आह्वान किया है।

25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया जो नवमध्यम वर्ग है। इसकी अभिक्षाएं हैं जो बहुत कुछ करने और पाने को तत्पर है। दूसरे , भारत में सुधारों के कारण नियम-कानूनों को इतना आसान कर दिया गया है कि एक शहर से दूसरे शहर, एक राज्य से दूसरे राज्य और अनेक मायनों में देशव्यापी उद्यम, कारोबार और आवागमन सहित आपूर्ति श्रृंखला में पहले की तरह समस्या नहीं है। प्रधानमंत्री ने उदाहरण भी दिया कि बेंगलुरु से हैदराबाद सामान पहुंचाने में इतने कर देने पड़ते थे कि उत्पादक पहले उसे यूरोप भेज कर वहां से हैदराबाद मांगना आसान समझते थे। यह उदाहरण देश और विदेश के पूंजी निवेशकों के लिए भी था कि भारत बदल चुका है। पहले बड़े आय को कर मुक्त करने अप्रत्यक्ष कर भी केवल पांच प्रतिशत और 18% तक सीमित करने का अर्थ घरों में बचत होगा और भारत जैसे व्यापक मध्यवर्ग परिवार के लोग अतिरिक्त पैसों से खरीदारी करेंगे। भारत की दृष्टि से देखें तो नवरात्र के समय से त्योहार का दौर शुरू होता है जिसमें आम परिवार खरीदारी करते हैं। जीएसटी के बदलाव का समय ऐसा चुना गया है कि बाजारों में बिक्री बढ़नी ही है। वैश्विक परिस्थितियों के और बिगड़ने के बावजूद इसका नकारात्मक असर नहीं हो सकता है। इन दृष्टियों से प्रधानमंत्री के संबोधन के तात्कालिक एवं दूरगामी महत्व को समझा जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मौसम
पंकज चतुर्वेदी



# मानसून को जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य में समझना होगा


इस बार उत्तर भारत में मानसून ने लोगों को डरा दिया है। बांध लबालब हैं, नदियों का पानी खेतों में प्रवेश कर गया है। भारत के मौसम विभाग के 2012 से उपलब्ध के आंकड़ों के अनुसार 22 अगस्त से चार सितंबर तक देश के उत्तरी हिस्से में सामान्य से तीन गुना अधिक बारिश हो चुकी है। जो कि पिछले 14 सालों में सबसे अधिक है। पंजाब में आई इस दशक की सबसे भीषण बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश के पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ये प्रकृति की नियति है लेकिन यह बड़ी चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के बड़े हिस्से में चरम रूप में सामने आ रहा है। भारत में मानसून पर अब अलनीनो से अधिक असर हिन्द महासागर में हो रहे मौसमी बदलाव का असर है। हिंद महासागर में तेजी से तापमान बढ़ने के चलते अब मानसून में अधिक बदलाव आ रहा है, जिससे कभी-कभी सूखा तो कभी अति वर्षा देखने को मिल रही है। इसका कारण हिंद महासागर का द्विध्रुव जिसे आईओडी कहते हैं। आईओडी अर्थात समुद्री सतह के तापमान का ऐसा अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम या अधिक होता रहता है। जो बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच गर्म पानी और वायुमंडलीय दबाव में उतार-चढ़ाव का कारण बनता है। आमतौर पर आईओडी अप्रैल से मई के बीच विकसित होता है और अक्टूबर में चरम पर होता है। इसके विकास और चरण से मानसून के समय और ताकत पर असर पड़ता है। जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, इसे सकारात्मक आईओडी कहते हैं। इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं। जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। ऐसे हालात को नकारात्मक आईओडी कहते हैं और इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर हिंद महासागर बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारणए अन्य महासागरों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। आइआइटीएम पुणे के विज्ञानी राक्सी मैथ्यू कौल के नेतृत्व में हुए अध्ययन में गर्म होते हिंद महासागर से मानसून की बारिश में बदलाव की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंद महासागर में समुद्री गर्मी बढ़ रही है और इसका असर भारतीय मानसून पर भी पड़ रहा है। जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च ओशन्स में श्जेनेसिस एंड ट्रेंड्स इन मरीन हीट वेव्स ओवर दा ट्रॉपिकल इंडियन ओशन एंड देयर रिएक्शन विथ समर मानसून् नाम से प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिंद महासागर के गर्म होने का सीधा प्रभाव मानसून पर होने का निष्कर्ष निकाला है। जब पश्चिमी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री लहरों का तापमान बढ़ता है तो मध्य भारतीय उपमहाद्वीप में शुष्क मौसम हो जाता है। इसी के चलते उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गर्म हवाएं उठती है इसके चलते दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बरसात में बढ़ोतरी हो रही है है।

बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण महासागरों को संभवतः पहले से कहीं अधिक बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। भारत के लोक जीवन अर्थ व्यवस्थाए पर्व त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है तो समाज व सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों में इस तरह का बदलाव लाने को राजी नहीं है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात मौसम विज्ञान नहीं हैं इससे इंजीनियरिंग, ड्रैनेज एसेनिटेशन, कृषि सहित बहुत कुछ जुड़ा है। मानसून प्रबंधन का गहन अध्ययन हमारे समाज और स्कूलों से लेकर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में हो वहीं जफसलों, सड़कों व शहरों में बरसाती पानी के निकासी के माकूल प्रबंधों व संरक्षण जैसे अध्याय हों। खासकर महासागर में हो रहे बदलाव के चलते अचानक चरम बरसात के कारण उपजे संकटों के प्रबंधन पर भी हमे नइ सिरे से रणनीति बनानी होगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत्तत्व की आराधना है।

## अच्छी बातें जीवन में उतारने पर लाभ मिलेगा



संकलित
प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## महालय पर प्रभात फेरी



'दुर्गा पूजा' उत्सव की शुरुआत के प्रतीक 'महालय' के अवसर पर गुरुग्राम में निकाली गई 'प्रभात फेरी'।

## आज की पाती


### कंप्यूटर शिक्षा वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य हो

आधुनिक युग में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हर काम कंप्यूटर से किया जाता है और आसान हो गया है। दूरसंचार हो या बिजनेस शिक्षा हो या खेलकूद विज्ञान, बैंकिंग हो या मनोरंजन। हर जगह कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है। नई-नई खोजें कंप्यूटर के माध्यम से हो रही हैं। व्यापार कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम कायम किए हैं। आज हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं। यह भी कंप्यूटर के माध्यम से संभव हो पाया है। सूचनाओं का आदान-प्रदान कंप्यूटरों के माध्यम से हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से हम किसी भी विषय की जानकारी ले सकते हैं। सरकारी के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्रों में भी कंप्यूटर महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में कंप्यूटर की शिक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए।

*-रवि चतुर्वेदी, पलारी*

## ट्रेंड

### असाधारण स्नेह



आज सुबह ईटानगर में मेरा स्वागत सचमुच यादगार रहा। वंदे मातरम के नारों और नारी शक्ति व युवा शक्ति की जीवंत उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण था। अरुणाचल प्रदेश के लोगों का उत्साह और स्नेह असाधारण था।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बचत उत्सव



नवरात्र में जीएसटी बचत उत्सव के तहत नई दिल्ली के लक्ष्मी नगर में एक स्टेशनरी दुकानदार से बातचीत की। दुकानदार ने बताया कि कई स्टेशनरी वस्तुओं पर नेक्स्ट-जेन जीएसटी दरों में कटौती से कीमतें कम हुई हैं, जिससे छात्रों और अभिभावकों को लाभ हुआ है।

**- निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री**

### ऐसा प्रेम नहीं देखा



मैंने अपने जीवन में किसी कलाकार के लिए यह प्रेम नहीं देखा जैसा ज़ुबीन को लेकर आसाम और पूर्वोत्तर में है। दो दिन से प्रदेश ग़म में है। मुख्यमंत्री से लेकर गोद में शिशु लेकर रास्तों पर खड़ी माँएँ उसके गाने गा-गाकर रो रही हैं।

**-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि**

### जीएसटी में सुधार



प्रधानमंत्री ने जीएसटी काउंसिल जो एक संवैधानिक निकाय है, द्वारा किए गए संशोधनों का श्रेय खुद को देने की कोशिश की। कांग्रेस लंबे समय से यह तर्क देती आई है कि जीएसटी में सुधार जरूरी हैं।

**- जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

## करंट अफेयर

### परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग छोड़े अमेरिका : किम



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि उनके जेहन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पूर्व में की गई मुलाकातों की अच्छी यादें अब भी ताजा हैं। किम ने साथ ही, लंबे समय से रुकी हुई राजनयिक स्तर की वार्ता बहाल करने के लिए पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया से परमाणु हथियार बनाना बंद करने संबंधी मांग छोड़ने की अपील की। रविवार को उत्तर कोरिया की संसद को संबोधित करते हुए किम ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिद्वंद्वी देश दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत शुरू करने का उनका कोई इरादा नहीं है। दक्षिण कोरिया अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी है, जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति के पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप के साथ किम की शिखर बैठकों में मध्यस्थता करने में मदद की थी। किम की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क रवाना होने वाले हैं। उम्मीद है कि वह कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु तनाव पर और वार्ता की मेज पर उत्तर कोरिया के लौटने के संबंध में बात कर सकते हैं। ट्रंप के अगले महीने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण कोरिया जाने की भी उम्मीद है।

## ऑफ बीट

### रोज सनस्क्रीन लगाने से विटामिन डी की कमी



हालिया अध्ययन में दावा किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन का उपयोग करता है, विशेष रूप से उन दिनों जब अल्ट्रावायलेट (यूवी) इंडेक्स तीन या उससे अधिक होता है, तो उसमें विटामिन डी की कमी का खतरा बढ़ सकता है। सनस्क्रीन के फ़ायदे जगज़ाहिर हैं, इसलिए हमारे निष्कर्षों का मतलब यह नहीं है कि हमें एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल छोड़ देना चाहिए। इसका मतलब है कि जो लोग रोज़ाना एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें विटामिन डी सप्लीमेंट लेना शुरू करना पड़ सकता है। यह अध्ययन हाल ही में 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ डर्मेटोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है। इसमें कहा गया है कि हालांकि सनस्क्रीन के उपयोग से त्वचा कैंसर और सनस्पॉट्स जैसी समस्याओं से बचाव होता है, लेकिन नियमित उपयोग से शरीर में विटामिन डी का स्तर अपेक्षाकृत कम हो सकता है। अध्ययन में 639 वयस्कों को शामिल किया गया, जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी राज्यों में रहते हैं। इन्हें दो समूहों में बांटा गया। एक समूह को रोजाना एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन लगाने को कहा गया, जबकि दूसरा समूह अपनी सामान्य दिनचर्या के अनुसार सूर्य सुरक्षा उपाय करता रहा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# मैहर शारदा मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, नवरात्रि के पहले दिन 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

मैहर।

प्रसिद्ध मां शारदा मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। सुबह 3 बजे से ही श्रद्धालु सीढ़ियों के रास्ते मंदिर की ओर बढ़ना शुरू हो गए थे। सुबह 4 बजे मंगला आरती के बाद भक्तों के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए। मैहर को 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है,क्योंकि पौराणिक कथाओं के अनुसार,यहां देवी सती का हार गिरा था। इसी कारण इस स्थान का नाम 'माई हार' यानी मैहर पड़ा। नवरात्रि मेले के पहले दिन,सोमवार को,सुबह 9 बजे तक ही 60 हजार से अधिक भक्तों ने माता के दर्शन कर लिए थे। शाम तक यह आंकड़ा 1लाख 50 हजार के पार पहुंच गया,जिसमें लगभग 1 लाख 5 हजार श्रद्धालुओं ने सीढ़ियों से और 40 हजार से अधिक ने रोपवे से दर्शन किए।





### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

नवरात्रि मेले को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मैहर रेलवे स्टेशन से लेकर मंदिर परिसर तक जगह-जगह सुरक्षा बल तैनात हैं।एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ अधिक होने के कारण अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। शहर में कई स्थानों पर विशेष जांच चौकियां भी बनाई गई हैं। मेला क्षेत्र और आसपास के प्रमुख स्थानों पर चाक-चौबंद सुरक्षा है। पुलिस बल पैदल गश्त के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्रों में मोटरसाइकिल से भी पेट्रोलिंग कर रहा है। मंदिर के ऊपरी और निचले हिस्से की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जा रही है,और पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

### भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं

मंदिर समिति ने भक्तों की सुविधा के लिए कई इंतजाम किए हैं। घंटाघर,रेलवे स्टेशन और मंदिर पार्किंग जैसी जगहों पर एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से माता के लाइव दर्शन की व्यवस्था की गई है,जिसका श्रद्धालु निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा,समिति ने 1100 रुपये में सुगम दर्शन की व्यवस्था भी की है। इस सुविधा के तहत,श्रद्धालु 1100 रुपये की रसीद कटाकर रोपवे से मुफ्त यात्रा कर सकते हैं और आसानी से माता के दर्शन कर सकते हैं। इसके साथ ही,उन्हें मंदिर समिति की ओर से माता की चुनरी,भोग प्रसाद और एक स्मृति चिन्ह भी दिया जाता है।मैहर रेलवे स्टेशन पर भी भक्तों की भीड़ नजर आई। दर्शन के बाद कई श्रद्धालु स्टेशन के बाहर बने विश्राम पंडालों में आराम करते दिखे,जहां उनके लिए लाइव दर्शन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। मैहर रेलवे स्टेशन से लेकर मंदिर तक बॉम्बे स्कॉट की टीम भी कड़ी निगरानी बनाए हुए है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एक एडिशनल एसपी, 6 डीएसपी, कई इंस्पेक्टर, उपनिरीक्षक और लगभग 600 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। मेले की लगातार निगरानी पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह कर रहे हैं,जबकि एडिशनल एसपी डॉ.चंचल नगर को मेला इंचार्ज बनाया गया है।

## नवरात्र में श्रद्धालुओं को मिली राहतः यातायात पुलिस ने बाहरी वाहनों की चेकिंग बंद की

**सतना।** नवरात्रि के पहले दिन सतना से मैहर स्थित माँ शारदा देवी धाम जाने वाले और वहां से लौटने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है। यातायात पुलिस द्वारा बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर की जा रही चालान कार्रवाई को यातायात प्रभारी पंकज शुक्ला ने बंद करा दिया है। पिछले कई दिनों से सतना नदी पुल और बगहा बाईपास के पास यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की सघन जाँच की जा रही थी। इस दौरान खासतौर पर उत्तर प्रदेश और अन्य प्रदेशों के वाहनों को रोककर चालान काटे जा रहे थे,जिससे दर्शनार्थी बेहद परेशान हो रहे थे।आरोप यह भी लग रहा था कि पुलिस टारगेट पूरा करने के लिए बाहरी श्रद्धालुओं को बेवजह तंग कर रही थी। इसके अलावा,इस कार्रवाई के दौरान 'दो तरह की राशि' लिए जाने की बात भी सामने आ रही थी,जिसने सतना पुलिस की छवि पर सवाल खड़े कर दिए थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार,यह अभियान डीएसपी यातायात के मार्गदर्शन में चल रहा था,जिनकी कार्यशैली पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए उनकी नियुक्ति हुई थी,लेकिन कई लोग मानते हैं कि उनका ध्यान केवल डिवाइडर लगाने तक सीमित है।

# सीवर लाइन में ज़हरीली गैस, दो सफाई कर्मी बेहोश; लापरवाही फिर पड़ी भारी

सतना





एक बार फिर नगर निगम की लापरवाही खुलकर सामने आई है। सोमवार दोपहर क्रिस्तुकुला स्कूल के पास महादेवा रोड पतेरी क्षेत्र में सीवर लाइन की सफाई के दौरान एक दर्दनाक हादसा हुआ। लगभग 12 बजे,आदर्श शुक्ला और किशन वर्मा नाम के दो कर्मचारी सीवर के चैंबर में उतरे और ज़हरीली गैस के संपर्क में आते ही बेहोश हो गए। यह घटना एक बार फिर उन गंभीर सवालों को जन्म देती है कि क्या हमारे सफाई कर्मचारियों की जान की कोई कीमत नहीं है। हादसे की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में प्रशासन को सूचित किया और दोनों कर्मचारियों को बाहर निकालने की कोशिशें शुरू हुईं। सूचना मिलते ही एसडीएम सिटी राहुल सिलड़िया तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उनकी तत्परता के कारण ही दोनों बेहोश कर्मचारियों को तत्काल उनकी सरकारी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू कर दिया है,लेकिन उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। दोनों की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं,बल्कि प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर निगम द्वारा सीवर की सफाई के लिए कर्मचारियों को कोई भी सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाते हैं। न ही गैस मास्क,न ही सुरक्षा किट। खुले में बिना किसी सुरक्षा के ये लोग मौत के कुएं में उतरने को मजबूर होते हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है,जिसका परिणाम आज दो कर्मचारियों की जान पर बन आया है। नगर निगम की यह अनदेखी किसी आपराधिक लापरवाही से कम नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब सतना में इस तरह की घटना सामने आई है। पहले भी ऐसी कई घटनाएं हुई हैं,जिनमें सफाईकर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। बावजूद इसके,प्रशासन की नींद नहीं खुल रही। अगर समय रहते सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता,तो यह हादसा टाला जा सकता था। क्या प्रशासन अब भी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतज़ार कर रहा है? इस घटना के बाद,प्रशासन को सिर्फ जांच और कार्रवाई की बात नहीं करनी चाहिए,बल्कि ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में किसी की जान पर इस तरह का खतरा न मंडराए। इस हादसे के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर सफाईकर्मी को उसकी जान की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हों। अन्यथा, ऐसी खबरें हमें बार-बार देखने को मिलती रहेंगी।

### घायलों को अस्पताल किया गया रेफर

# सिल्लेवानी घाटी में पलटी क्रेन, एक की मौत, चार घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मोहखेड़ थाना के उमरानाला चौकी क्षेत्र के एक घाटी में पलटे ट्रक को बाहर निकालने गई एक क्रेन अनियंत्रित होकर पलट गई इसकी चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं अन्य चार लोग गंभीर बताये जा रहे है।

चौकी प्रभारी पारसनाथ आरमो ने बताया कि सोमवार की शाम सिल्लेवानी नागपुर मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। सड़क किनारे फंसे एक ट्रक को निकालने के दौरान ट्रक को उठाने पहुंची क्रेन क्रमांक एमपी 28 जेएन 0329 क्रेन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसकी चपेट में आने से एनएचआई के एक कर्मचारी नरेश पिता जवाहरलाल विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी सोनबद्री की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि क्रेन की चपेट में आने से अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये दोनों व्यक्ति क्रेन ऑपरेशन में मदद कर रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही उमरानाला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल भिजवाया गया।

# नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने जहर खाकर दी जान

### पिता ने आरोपी की पत्नी पर लगाए धमकाने के आरोप



**छतरपुर।** सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाई गई एक नाबालिग लड़की ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद उसके पिता ने बताया कि कुछ माह पहले एक व्यक्ति ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया था, जिसके लिए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बीते रोज आरोपी की पत्नी घर पर आई थी और उसके जाने के बाद बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिस कारण से उसकी मौत हुई है। मामला पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के अजनर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मृतिका के पिता ने बताया कि 1 जून 2025 को गांव के एक व्यक्ति ने उसकी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया था। 2 जून को उसने अजनर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसकी विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पिता के मुताबिक बीते रोज आरोपी की पत्नी उसके घर आई थी, जहां उसने बेटी से मुलाकात कर प्रकरण में राजीनामा करने का दबाव बनाया। पिता का आरोप है कि आरोपी की पत्नी द्वारा दी गई धमकी से डरकर उसकी बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तो वह इलाज के लिए लड़की को छतरपुर जिला अस्पताल लाए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद लड़की का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### लज्जा भंग करने वाले आरोपी को सजा

**नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग की लज्जा भंग करने के प्रकरण में आरोपी राहुल कौरव आ. रोशन कौरव आयु 30 वर्ष, निवासी ग्राम घघरौला, चौकी सिहोरा, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7/8 व 11/ 12 में क्रमश 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500- 500- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रभारी उप निदेशक अभियोजन अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में, विशेष लोक अभियोजक श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण में सशक्त पैरवी की गई।

### दीवार गिरने से महिला की मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कुएं से पानी भर रही एक अधेड़ महिला अचानक गिरी पुरानी दीवार के मलबे में दब गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम श्याम कली गडारी पति गुमई पाल उम्र 50 वर्ष है। घटना उस समय हुई जब वह अपने घर के पीछे स्थित कुएं से पानी निकाल रही थी। कुएं के पास बनी पुरानी दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और महिला उसके नीचे दब गई। दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और श्याम कली को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह दीवार काफी जर्जर हालत में थी और परिजन उसे जल्द गिरवाने वाले थे, लेकिन मजदूर न मिलने के कारण दीवार को हटाया नहीं जा सका। इसी कारण यह हादसा घटित हुआ। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।



# चीतल का मांस व अवैध हथियारों के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया तथा पूछताछ करते हुए आरोपियों कब्जे से दो भरमार वंदूक, बारूद जप्त किया गया। आरोपियों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा चीतल का शिकार भी किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से बड़ी मात्रा में चीतल का मांस मांस एवं सींग जप्त किया गया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आरोपी कुमेर मलाह निवासी ग्राम घुघरी, थाना ठेमी, नेतराम उर्फ नित्तू मलाह ग्राम घुघरी, थाना ठेमी के पास अवैध रूप से रखी गैर लायसेंसी दो भरमार वंदूक बरामद की गई। उनके द्वारा जंगल से एक चीतल का शिकार कर लाना बताया गया जिस पर तलाशी लेने पर उनके पास से बड़ी मात्रा में पका हुआ, कच्चा मांस एवं सींग को बरामद किया गया है। आरोपियो के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं धारा 50, 51 एवं 9 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया।

# जिला अस्पताल पर फिर लगे गंभीर लापरवाही के आरोप

### गर्भवती महिला का नहीं कराया गया प्रसव, शिशु की मौत

छतरपुर।



अक्सर लापरवाहियों के लिए सुर्खियों में रहने वाले जिला अस्पताल से एक बार फिर गंभीर मामला सामने आया है। ताजा मामले में एक प्रसूता महिला के परिजनों ने अस्पताल के डिलीवरी वार्ड में प्रसव कराने के एवज में पैसों की मांग किए जाने और इलाज में लापरवाही किए जाने के आरोप लगाए हैं। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम ढिलापुर-डुड़ारी के रहने वाले फूल सिंह यादव ने बताया कि उसकी बहू मोना यादव उम्र 20 वर्ष गर्भवती थी। 20 सितंबर की रात करीब 3 बजे अचानक उसे प्रसव पीड़ा होने लगी, जिसके बाद वे निजी वाहन से उसे जिला अस्पताल लेकर आए। फूल सिंह के मुताबिक डिलीवरी वार्ड की एक नर्स ने डिलीवरी कराने के एवज में उनसे 5 हजार रुपए मांगे, जो देने के लिए वह तैयार हो गए थे लेकिन इसके बाद भी वार्ड की नर्सों और डॉक्टरों ने मोना का प्रसव नहीं कराया, रात 3 बजे से अगले दिन दोपहर 3 बजे तक मोना दर्द से तड़पती रही। फूल सिंह ने बताया कि इसके बाद स्टाफ ने प्रसव में समय बाकी होने की बात कहकर जबरन मोना की छुट्टी कर दी। मजबूरन उन्हें मोना को वापिस गांव ले जाना पड़ा, लेकिन गांव पहुंचने के मात्र 2 घंटे बाद ही मोना का प्रसव हो गया। फूल सिंह ने बताया कि मोना के गर्भ से निकला शिशु शिथिल था, जिस कारण से वे पुनः बहू और शिशु को लेकर जिला अस्पताल आए। अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने शिशु को मृत घोषित कर दिया, जबकि बहू को फिर से भर्ती कर लिया गया। फूलसिंह ने कहा कि जिला अस्पताल में उनकी बहू और उसके पेट में पल रहे बच्चे के साथ किए गए खिलवाड़ की शिकायत वे कलेक्टर और एसपी से करेंगे। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता से भी बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### ग्रामीणों ने जताया विस्थापन का विरोध, बड़े आंदोलन की घोषणा

**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती रिजर्व टाइगर के नौरादेही अभयारण्य क्षेत्र में जारी विस्थापन प्रक्रिया के विरोध में नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के तत्वावधान में दिनांक 20 सितंबर 2023 को ग्राम पंचायत सर्रा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मीसाबंदी संतोष भारती जी ने की। इस बैठक में चार ग्राम पंचायतों सर्रा, भैंसा ,कुतपुरा, बोरिया के सैकड़ों 4 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के नवयुवक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा 20 सितंबर 2023 को जारी राजपत्र में नौरादेही क्षेत्र से विस्थापन के आदेशों के विरोध में गहरा आक्रोश प्रकट किया। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा, "मर जाएंगे, लेकिन अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे।"सभा को संबोधित करते हुए संतोष भारती ने कहाः "हमें हमारी मातृभूमि प्राणों से भी अधिक प्रिय है। जब तक हम एकजुट हैं, तब तक कोई भी हमें हमारी जमीन से नहीं उखाड़ सकता। हमें प्रशासन पर काले मेघों की तरह गरजना और बरसना होगा।

### पाकिस्तान के अस्पताल में प्रसन्नजीत रंगारी

# 14 साल बाद मिला बालाघाट का लापता फार्मासिस्ट



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** करीब 13 वर्षों से लापता बालाघाट जिले खैरलांजी का निवासी प्रसन्नजीत रंगारी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के लाहौर स्थित पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ में सुरक्षित है. पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम के.डी.देशमुख को भारतीय उच्चायोग इस्लामाबाद पाकिस्तान ने ई-मेल के जरिए यह जानकारी साझा की है. भारतीय उच्चायोग, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से प्रसन्नजीत की शीघ्र रिहाई और उसकी भारत वापसी के लिए लगातार बातचीत कर रहा है. बीते दिनों 2 सितंबर 2025 को प्रसन्नजीत की रिहाई का मुद्दा पाकिस्तानी पक्ष के समक्ष भी उठाया गया था. प्रसन्नजीत रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट थे और वर्ष 2012 में अचानक से उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था जिसके बाद से वह लापता थे. प्रसन्नजीत की बहन संघमित्रा खोब्रागड़े जो बालाघाट जिले के ही तिरोड़ी तहसील के ग्राम महकेपार की निवासी है उन्हें वर्ष 2023 में एक अनजान शख्स ने कॉल कर बताया था उनका भाई जीवित है और पाकिस्तान के लाहौर स्थित कोट लखपत जेल में बंद है. जिसके बाद संघमित्रा ने अपने लापता भाई की सकुशल रिहाई और भारत वापसी के लिए भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री और तत्कालीन बालाघाट कलेक्टर को आवेदन किया था. तब यह मामला राष्ट्रीय और स्थानीय मीडिया के समाचार पत्रों और टीवी चैनलों में छा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख ने वर्ष 2023 के दिसंबर माह में महकेपार पहुंचकर संघमित्रा से मुलाकात की और दो मुल्कों के बीच का मामला होने पर विक्रम देशमुख ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित होने वाले 'मदद' पोर्टल पर लापता प्रसन्नजीत की भारत वापसी के लिए शिकायत दर्ज करवाई. इस शिकायत के करीब 20 माह बाद अब भारतीय उच्चायोग इस्लामाबाद पाकिस्तान से ईमेल के माध्यम से विक्रम देशमुख को सूचना दी गई कि प्रसन्नजीत रंगारी पाकिस्तान के लाहौर स्थित पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ में सुनील अद्यय के नाम से उपचार ले रहे हैं. उन्होंने बताया कि भारतीय उच्चायोग पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से प्रसन्नजीत की शीघ्र रिहाई और भारत प्रत्यावर्तन के लिए निरंतर बातचीत हो रही है।

### नाबालिग बालिका को डुण्डासिवनी पुलिस ने किया दस्तयाब

सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता नाबलिग बालक बालिकाओ के दस्तयाबी हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन मे एवं ए.एस.पी. दीपक मिश्रा व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पाण्डेय के नेत्तृव व निर्देशन में कार्य करते हुए थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबलिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया था। दिनांक 31/08/2025 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी 17 वर्ष ।। माह कि नाबलिग बालिका मिल नहीं रही है जो कही चली गयी है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 431/25 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सतीश तिवारी व्दारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर अपहृता बलिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी ।

# अब ड्राइविंग लाइसेंस के लिए देना होगा अत्याधुनिक टेस्टः 108 कैमरों से होगी निगरानी, सिम्युलेटर की भी परीक्षा

### सतना में जल्द खुलेगा अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट




**सतना।** सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से सरकार की पहल पर अब सतना जिले में एक अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट(डीटीटीआई) जल्द ही शुरू होने जा रहा है। लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संस्थान,उंचेहरा तहसील के बडखेरा में स्थापित किया जा रहा है और इसका संचालन सार्थक वेलफेयर सोसायटी के हाथों में होगा। उम्मीद है कि अगले दो से तीन महीनों में यह पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। यह नया संस्थान ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को पूरी तरह से बदल देगा। अब आवेदक को एक अत्याधुनिक टेस्ट देना होगा,जिसमें 108 कैमरों से निगरानी की जाएगी।इसके साथ ही,उम्मीदवारों को सिम्युलेटर की परीक्षा भी पास करनी होगी। इस संस्थान का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल वही व्यक्ति लाइसेंस प्राप्त करे जो वाहन चलाने और यातायात नियमों की पूरी जानकारी रखता हो। यह इंस्टीट्यूट 87,120 वर्ग फीट के बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है,जिसमें एक टेस्टिंग ट्रैक,क्लासरूम और अधिकारियों के लिए कक्ष शामिल हैं। लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को पहले एक लिखित परीक्षा देनी होगी,जिसके बाद ट्रैक पर वाहन चलाकर अपनी कुशलता साबित करनी होगी। ट्रैक पर वाहन और चालक की गतिविधियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और सेंसर से की जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले या पूरी तरह से प्रशिक्षित न होने वाले व्यक्ति को लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा। इस नई प्रणाली से फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनने पर रोक लगेगी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।यदि कोई आवेदक पहली बार में फेल हो जाता है,तो उसे दोबारा टेस्ट देने के लिए अतिरिक्त सरकारी शुल्क जमा करना होगा। अधिकारियों के अनुसार,पूरी परीक्षा प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी। यह पहल सुनिश्चित करेगी कि सड़कों पर केवल योग्य और जिम्मेदार चालक ही उतरें।

# आदिशक्ति के पांव पखारने सुबह से लगी कतारें

# घट स्थापना के साथ शारदेय नवरात्र प्रारंभ

जबलपुर।

शारदेय नवरात्र के पहले दिन जहां घर-घर में घट कलश स्थापना हुई, वहीं मंदिरों में प्रातःकाल से पूजन-अर्चन का क्रम प्रारंभ हो गया। दुर्गा उत्सव समितियों में प्रतिमाओं की स्थापना के लिए जोरदार तैयारियों की जा रही हैं। वहीं बैठकी से ही कुछ स्थानों में प्रतिमाओं की स्थापना कर ली गई है। रामलीला का मंचन चल रहा है। रावण दहन परंपरा अनुसार छोटे फुहारा में किया जायेगा। वैसे शहर में पंचमी तक अधिकांश सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना पूरी कर ली जाती है। शारदेय नवरात्र के इस पर्व पर चारों तरफ धर्म ध्वजा लहरा रही है, श्रद्धालु आदिशक्ति की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। महाआरती, दुर्गा सप्तशती का पाठ, भजन संध्या, आदि विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।नवरात्र के प्रथम दिन से ही नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। तेवर स्थित मां त्रिपुर सुन्दरी मंदिर, भानतलैया स्थित बड़ी खेरमाई, चारखंबा स्थित बूढ़ी खेरमाई मंदिर, छोटी





खेरमाई मंदिर, मदन महल स्थित मां शारदा मंदिर, शोभापुर स्थित माई के मंदिर, भटौली स्थित कालीधाम, सिविक सेंटर स्थित मां बगला मुखी मंदिर, मां शीतला मंदिर, घमापुर, गंजीपुरा, स्थित हरदौल मंदिर आदि में श्रद्धालुओं की चहल-पहल देखी जा रही है मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा भी की गई है।

### भगवती ब्रम्हचारिणी का पूजन आज

नवरात्र के पहले दिन माँ शैलपुत्री की आराधना की गई। दूसरे दिन भगवती ब्रह्मचारिणी के पूजन का विशेष महत्व है। पर्व का दूसरा दिन उन्हीं का माना जाता है। पं.पीएल गौतमाचार्य के अनुसार भगवान शिव को पाने के लिए मां ब्रह्मचारिणी ने कठोर तप किया, जिसके परिणामस्वरुप प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें स्वीकार किया। आज के दिन तीन वर्ष की कन्या के पूजन का विशेष महत्व है। इनको देवी जैसा मानकर वस्त्र, फल व मिष्ठान भेंट करना चाहिए। इससे जीवन में समृद्धि आती है। यदि जन्मपत्रिका में ग्रहों का कारण मानसिक अस्थिरता या व्यापार व करियर में बाधा आ रही हो तो भगवती को सात हरे वस्त्र भेंट कर उन्हें कन्याओं को अर्पित करना चाहिए।

### प्रतिमाओं की स्थापना प्रारंभ

श्रीवृहद महाकाली समिति गढाफाटक बड़ी महाकाली, सुनहराई, नुनरहाई, नटबाबा दुर्गा उत्सव समिति गढ़ाफाटक, नवयुवक महाकाली मंडल छोटी मस्जिद, सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक आदि स्थानों पर मां भगवती की प्रतिमाएं स्थापित की जा चुकी है।




# राम बारात में उमड़ी भीड़, चारों दिशाओं में गूंजा भगवान राम का जयघोष

## गगनभेदी जय श्री राम के उद्घोष से संपूर्ण जनकपुरी आकर्षण का केंद्र बनी

जबलपुर।

सोमवार को धनुष यज्ञ रामलीला सदर बाजार में भगवान की बारात नगर भ्रमण के दौरान प्रत्येक गलियों से जय श्रीराम स्वागत मंच लगाकर भगवान राम का कलेवा करने के लिए लोग बड़े आतुर थे, ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो संपूर्ण सदर नगरी आज मिथिला नरेश की नगरी हो गई हो, राम जी के जयगीत गाए जा रहे थे, अपने-अपने धुन में बैंड बाजे के साथ दुलदुल घोड़ी आगे आगे कर्तव्य दिखाते हुए, वाजपेई तिवारी अखाड़ा के पहलवान नरेश तिवारी के नेतृत्व में चल रहे थे, सीता अपनी सहेलियों के साथ, भगवान राम अपने पूरे परिवार के साथ रथ में विराजमान रहे, भगवान की बारात में कृष्ण भगवान, शिव नंदी, राजा, मंत्री, सैनिक घोड़े पर विराजमान थे, आकर्षक जगह जय श्रीराम 51 ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन से सदर गुंजायमान हो गया, साधु संत इस बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। महिलाओं ने भी अपना नृत्य महिला संगीत किया, आज सदर आलौकिक छठा बिखेर रहा था, मानो स्वर्ग से स्वयं सदर की नगरी में भगवान के दर्शन के लिए देवता अवतरित हुए हों। अपने-अपने घरों से पुष्प वर्षा की गई, गणमान्य नागरिकों के रूप में क्षेत्र जनप्रतिनिधि, अधिवक्तागण, प्रेस मीडिया विशेष रूप से शामिल हुए। स्वागत सीताराम कुरचनिया द्वारा किया गया, अभिषेक चौकसे, मधुर तिवारी ने सभी को शाल, श्रीफल भेंट कर तिलक वंदन अभिनंदन किया। जगह-जगह भगवान का स्वागत आरती उतारी गई, अंत में रामलीला मैदान में विधि अनुसार राम कलेवा के साथ विवाह संपन्न हुआ। मुख्य रूप से सदरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज अयोध्या नगरी में भगवान राम का राजा दशरथ द्वारा राजतिलक की घोषणा होगी, कैकेई मंत्रा संवाद होगा। अधिक संख्या में उपस्थित होकर लीला का आनंद लीजिए उपस्थिति की अपील धनंजय बाजपेई, संदीप चौकसे, प्रकाश सोनी, प्रवण अवस्थी, दिलीप रजक, राहुल रजक, आशीष पाठक, अभय नायडू, आकाश नायडू, विजय ठाकुर, डीपी कमल, शिव शंकर मिश्रा, दिनेश शुक्ला, संजय शुक्ला, नरेश तिवारी, शिवदत्त चौबे, मनोहर लाल अग्निहोत्री, ओमप्रकाश पाठक, सतीश पाठक, आशीष पाठक, अरुण तिवारी, प्रमोद तिवारी, आदेश दीक्षित, अभिषेक उपाध्याय, राजकुमार गुप्ता आदि द्वारा की गई।

**जनकपुरी में भगवान राम की बारात का मिथिला नगरवासियों ने धूमधाम से किया स्वागत**

# अवैध शराब, नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक पर बसपा धरना प्रर्दशन

जबलपुर।

रांझी उपनगरीय क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर 21/9/2025 को बसपा द्वारा एक दिवसीय धरना विरोध प्रर्दशन रांझी बड़ा पत्थर में किया गया। बसपा नेता राजमणी साकेत ने बताया कि रांझी के विभिन्न गरीबों की बस्तियों में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, शराब इत्यादि से आम जनता, महिलाएं बहुत परेशान हैं, गुंडागर्दी, लूट, मारपीट की घटनाओं से लोग डरे रहते हैं, साथ ही गरीबों की बस्तियों में गंदगी, नाली, पानी, सफाई की समस्याओं से जनता परेशान है, इन्हीं बिंदुओं को लेकर बसपा ने एक दिवसीय धरना, ज्ञापन देकर प्रशासन से लोगों को राहत देने की मांग की गई। बसपा जिला अध्यक्ष लखन अहिरवार ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि अवैध शराब, नशीले पदार्थों के कारोबार में लिप्त लोगों की




जानकारी पुलिस को होती है, इनकी और नेताओं की मिलीभगत के चलते इन पर रोक नहीं लग रही है, पुलिस अधीक्षक को ऐसे लोगों पर कठोर कार्यवाही करना चाहिए जिससे परेशान आम जनता को राहत मिल सके, साथ में मानेगाँव, गांधी चौक पर पुलिस चौकी बनाने, बस्तियों में पुलिस गश्त की मांग भी की गई। धरना में विशेष रूप से बसपा जबलपुर जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार, विधानसभा अध्यक्ष केन्ट दिलीप चंद, राजमनी साकेत, सुरेश बंसकार, दिनेश कुशवाहा, प्रकाश गौतेल, सुधा सिंह, सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## संस्कार सिटी में फहराया गया विशाल दिव्य देवी ध्वज

**जबलपुर।** ब्राह्मण मंडल, जबलपुर के तत्वावधान में शहर के उत्तरी प्रवेश द्वार पर स्थित संस्कार सिटी कालोनी में जगद्जननी मां भगवती की आराधना के प्रतीक शारदेय नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस पर विशाल, दिव्य और भव्य देवी ध्वज फहराया गया। आरंभ में ध्वज की पूजा अर्चना शिक्षाविद शिवाधार शर्मा द्वारा की गई और ध्वज को जय दुर्गे के जयघोष के बीच फहराया गया। इस मौके पर राजेन्द्र तिवारी, प्रकाश कुररिया, अमर कुमार श्रीवास्तव, डॉ. सौरभ शर्मा एवं मुकेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।



## संत रविदास विचार मंच की सभा संपन्न

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 21 सितम्बर को मध्यान्ह 12.30 बजे से बादशाह हलवाई मंदिर गौरीघाट रोड स्थित मंच के राष्ट्रीय सचिव रामसिपाही सेठ के निवास पर मंच की सभा आयोजित की गई। सभा के मुख्य अतिथि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी रहे, अध्यक्षता मानिकलाल जाटव ने की। सभा में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। मंच के वक्ताओं ने बताया कि आज मानव समाज में देखा जा रहा है कि जो माता-पिता बच्चों को जन्म देते हैं वही बच्चे बड़े होकर अपने माता-पिता की हत्या कर देते हैं, ऐसे बच्चों को शिक्षित करने संत रविदास विचार मंच जगह-जगह सभाएं कर बच्चों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है।मसभा में मंच के तुलसीराम चौधरी, मीना चौधरी, श्यामाबाई, रामबाई, सियाबाई, सीताबाई, रामबाई चौधरी, दीपा बाई, रवि चौधरी, श्यामलाल, बृजलाल, डॉ. मानिकलाल जाटव, आशु चौधरी, चंदाबाई सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विद्युत मंडल अभियंता संघ की जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी एवं जनरल बॉडी मीटिंग आज सम्पन्न हुई जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। इस अवसर पर संघ कार्यालय, जबलपुर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से इमरान खान, सुरेश त्रिवेदी एवं संजीव सिंह को उपाध्यक्ष, विकास श्रीवास्तव को संगठन सचिव, संयुक्त सचिव पद का दायित्व जितेंद्र तिवारी, नेहा सिंह, हिमांशु



अग्रवाल, उमेश चौरसिया और प्रफुल्ल नरवरे को सौंपा गया, जबकि नरेंद्र चंदेल को पुनः प्रचार सचिव बनाया गया है।

क्षेत्रीय कार्यकारिणी में प्रशांत सिंह भदौरिया को अध्यक्ष, अर्पित चौबे को क्षेत्रीय सचिव, गौरव साहू को वित्त सचिव तथा जबलपुर क्षेत्र से प्रणय जोशी को क्षेत्रीय सचिव के रूप में शपथ दिलाई गई। आज जनरल बॉडी मीटिंग में सर्वसम्मति से संघ की सभी कमेटी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अभियंताओं के अधिकारों की रक्षा, संगठन को सशक्त बनाने और विद्युत क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। साथ ही आश्वासन दिया कि नई कार्यकारिणी संघ को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।




## स्मार्ट इंडिया हैकथॉन इंटरनल 2025 का आयोजन

**जबलपुर।** एआईसीटीई और शिक्षा मंत्रालय के बैनर तले बहुप्रतीक्षित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन इंटरनल 2025, 19 सितंबर 2025 को श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जबलपुर में शुरू हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम (19 और 20 सितंबर 2025 को) में विभिन्न प्रतिनिधित्व करने वाली 110 टीमों ने भाग लिया। इंजीनियरिंग की सभी शाखाएं श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जबलपुर स्मार्ट इंडिया हैकथॉन इंटरनल 2025 समापन समारोह में प्रतिष्ठित स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही थी। उद्घाटन समारोह को डॉ. एल.के. पटेल समूह के निदेशक श्री राम ग्रुप जबलपुर, डॉ. वाई.एम. दुबे निदेशक श्री राम ग्रुप जबलपुर, डॉ. शैलेश गुप्ता प्राचार्य श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जबलपुर के प्रेरक भाषणों से और भी ऊंचा किया गया। पहला दिन प्रतिस्पर्धी टीमों द्वारा विचार-मंथन और नवीन समाधानों के विकास पर केंद्रित था। कई घंटों की कोडिंग और रचनात्मक समस्या समाधान के बाद, अंतिम दौर में आगे बढ़ने के लिए 50 टीमों का चयन किया गया, जिसका मूल्यांकन आशीष खरे, डेटा साइंस के निदेशक, एजेंटिक एआई, “ड्रग फॉर्मूलेरी मैनेजमेंट”, नरेंद्र कुमार जबलपुर और इन्क्यूबेशन सेंटर, स्मार्ट सिटी, जबलपुर के सदस्य सहित बाहरी विशेषज्ञों के एक सम्मानित पैनल ने किया।

## सनातन धर्म समरस हिन्दू संगठन की बैठक संपन्न

**जबलपुर।** ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ, जबलपुर के प्रदेश अध्यक्ष अनिल धनगर ने बताया कि सनातन धर्म समरस हिन्दू संगठन के समस्त सदस्यों एवं मातृ शक्ति की बैठक शनिवार 20 सितंबर 2025 को रात्रि 7.30 बजे से हमारे निज निवास जूनियर चेम्पियन स्कूल रामपुर अखाड़े के पास आयोजित की गई। जिसमें पत्रक में दिए गए, विषयों के अनुरूप चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक के मुख्यातिथि महंत रामशरण महाराज काली धाम नया गांव रामपुर रहे, अध्यक्षता पंडित राममूर्ति मिश्रा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (भाजपा) ने की।



## जैविक खेती पर जागरूकता व्याख्यान संपन्न

**जबलपुर।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर पीडी अंजुमन इस्लामिया महिला महाविद्यालय में जैविक खेती पर जागरूकता से संबंधित व्याख्यान का आयोजन 22 सितम्बर को किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शबाना अंजुम, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुधा भोला एवं राशिदा तबस्सुम ने कार्यक्रम के दौरान मार्गदर्शन प्रदान किया।

**CHANGE OF NAME**
I, Indu is legally wedded spouse of JC-676621K Rank Nb/Sub/SKT Name Vikram Singh presently, residing at Vill- Sai, PO-Sai, Teh- Bhiwani, Dist- Bhiwani, State- Haryana. PIN- 127027 I, have changed of my name from INDU (Name as per my Husband Army service records) to INDU DEVI (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD) vide affidavit dated 20/09/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary Jabalpur (MP)
CORRECT NAME-INDU DEVI
INCORRECT NAME-INDU

# कृषि स्नातक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, दस्तावेज सत्यापन जारी

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. अनीता बब्बर के मार्गदर्शन में कृषि स्नातक पाठ्यक्रम (बी.एससी एग्रीकल्चर) में प्रवेश की प्रक्रिया गतिशील है। विश्वविद्यालय एवं इससे सम्बद्ध राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के तहत कुल 1472 सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल इस प्रकार है- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व शुल्क भुगतानः 18 सितम्बर से 23 सितम्बर तक, दस्तावेजों का सत्यापनः 19 सितम्बर से 24 सितम्बर तक,



च्वॉइस फीलिंगः 26 सितम्बर से 29 सितम्बर तक, सीट आवंटनः 1 अक्टूबर 2025, प्रवेश की अंतिम तिथियाँः 3, 6 एवं 8 अक्टूबर 2025।

इस प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत जनेकृविवि में 997 सीटें तथा राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में 475 सीटें शामिल हैं। एमएससी के सभी विभागों में प्रवेश की चतुर्थ चरण की प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुकी है। शैक्षणिक प्रभारी डॉ. जयंत भट्ट ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन और अन्य प्रक्रियाएँ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय पर संचालित की जा रही हैं। जबलपुर के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय समेत सभी सम्बद्ध संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है।एडमिशन कमेटी में शामिल प्रमुख सदस्यों में डॉ. अनीता बब्बर, डॉ. जयंत भट्ट, डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी, डॉ. एच.के. राय, डॉ. सुब्रता शर्मा, डॉ. रीना नायर, डॉ. अमित कुमार उपाध्याय, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह नरवरिया, डॉ. आर.एस. मरावी, डॉ. स्वर्णा कुर्मी, डॉ. सचिन नागरे, डॉ. पूनम चतुर्वेदी, श्रीमती भूमिका सिंह लोधी, लक्ष्मी नारायण पटेल। इस पूरी प्रक्रिया में राजेश श्रोती, वीरेन्द्र पटेल और राम प्रकाश पटेल का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

**रजिस्ट्री गुमी**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा लक्ष्मीपुर नं.बं. 643 तहसील अधारताल व जिला जबलपुर स्थित संपत्ति की दिनांक 15/04/1975 को रजिस्ट्री हुई थी। उक्त संपत्ति में क्रेता बाबूलाल किनदरया पिता मगनलाल किनदरया एवं विक्रेता अयोध्या प्रसाद साहू पिता भोला राम साहू उक्त रजिस्ट्री घर से बैंक जाते समय बैग से रास्ते में गिर गयी है यदि किसी व्यक्ति को मेरी रजिस्ट्री मिले तो वे कृपया कर नीचे लिखे पते एवं मोबाईल नंबर पर संपर्क करें।
संपर्क
नाम-गिरधारी लाल नामदेव
पिता स्व. श्री बाबूलाल किनदरया (नामदेव)
पता- 323 स्टेट बैंक कॉलोनी, नर्मदा नर्सरी के पास, उखरी रोड बल्देवबाग जबलपुर म.प्र.
मो.- 7583898919

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं. 0629/अ-6/2025-26**
**आम इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका श्री/श्रीमति पाना बाई पिता/पति... स्व. रमेश निवासी मकान नं. 149 वाटर वर्क्स रोड, सेन मोहल्ला, जबलपुर द्वारा ग्राम भीटा प.ह.नं. 23 नं.ब. 220 ख.नं. 183 रकबा हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र / वसीयतनामा / सहमति पत्र / फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है. जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्रं. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 08/09/2025 को जारी।
जारी दिनांक 08/08/2025
पेशी दिनॉक 23/09/2025
अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**In The Court Of XX Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer: महिमा कछवाहा**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC/ 0000601/ 2025)
गौरव पाण्डेय............................आवेदक
Vs
आम जनता............................अनावेदक
Process Id-/2025 पेशी दिनांक :-27/10/2025
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र. (1) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौरव पाण्डेय पता म.नं. 507, पोस्ट ऑफिस के पास बिलहरी जिला-जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक कृष्णा देवी पाण्डे निवासी 64 सिविल लाईन जिला जबलपुर की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड जबलपुर से प्राप्त करने हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 October 2025 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 October 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 15 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
मुद्रा
न्यायाधीश (सुश्री महिमा कछवाहा)
जिला न्यायाधीश (20वां) जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दे:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## आयुर्वेद का शंखनाद, पुनः गुंजायमान - स्वर्णिम क्षण की ऐतिहासिक पुनरावृत्ति

# आचार्य बालकृष्ण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में पुनः सम्मिलित

**हरिद्वार।** आचार्य बालकृष्ण जी को अमेरिका के प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोध समूह और विश्वप्रसिद्ध प्रकाशक एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में पुनः सम्मिलित किया गया है। इस उपलब्धि की ऐतिहासिक पुनरावृति, आचार्य बालकृष्ण जी के लिए व्यक्तिगत रूप से ही नहीं, अपितु पतंजलि, आयुर्वेद एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष के लिए हर्ष का विषय है। भारत के सनातन ज्ञान को साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण के धरातल पर प्रमाणित कर, आचार्य बालकृष्ण जी ने सिद्ध कर दिया है कि अगर प्रबल इच्छाशक्ति हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। उनके द्वारा किए गए शोध कार्य, विश्व भर के वैज्ञानिकों के लिए प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से जुड़ें भविष्य के शोध कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे।आचार्य जी की अनुसन्धानीय एवं आयुर्वेदिक कार्यों में गहन विशेषज्ञता एवं उनके गतिशील मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर 300 से अधिक शोध लेखों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल्स में किया गया है।




आचार्य जी के सतत निर्देशन में पतंजलि द्वारा 100 से अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक औषधियों को विकसित किया गया है, जिससे जनमानस को आयुर्वेदिक औषधियों का एक सुगम एवं एलोपैथिक दवाइयों का दुष्प्रभाव रहित विकल्प उपलब्ध हुआ है। योग और आयुर्वेद पर 120 से अधिक पुस्तकों और 25 से अधिक अप्रकाशित प्राचीन आयुर्वेद पांडुलिपियों का लेखन उनके आयुर्वेद के प्रति आस्था एवं समर्पण का परिणाम है।

प्राकृतिक जड़ी - बूटियों को हर्बल एनसाइक्लोपीडिया के माध्यम से सूचीबद्ध कर भविष्य की वैज्ञानिक पीढ़ी को एक समग्र कोष प्रदान करने की उनकी दूरदृष्टि को विश्वभर के वैज्ञानिक समूहों द्वारा सराहा गया है।

विश्व के अनेक देशों की प्रचलित पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों को एक सूत्र में पिरोकर, उत्तराखंड के मालागांव स्थित हर्बल वर्ल्ड के माध्यम से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत कर आचार्य जी ने इसे एक ज्ञानवर्धक स्वरुप दिया है, जोकि आगंतुकों के मध्य जागरूकता जगा रहा है।

इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण जी ने न केवल आयुर्वेद को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ स्थापित किया है, बल्कि विश्वभर के शोधकर्ताओं के लिए आयुर्वेद में शोध के नए द्वार भी खोले हैं।

उन्होंने आगे कहा कि विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों में सम्मिलित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और सनातन आयुर्वेदिक ज्ञान में अपार संभावनाएं छिपी हैं। स्वामी जी ने इसे भारत की अनुसंधान क्षमता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि हमें आचार्य जी के सानिध्य में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। आयुर्वेद को आधुनिक प्रमाणीकरण के माध्यम से विश्व पटल पर स्थापित करने के अनुकरणीय शोध कार्य एवं उनके समर्पण को हम बारम्बार नमन करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आचार्य बालकृष्ण जी का यह योगदान हमें प्रेरित करता है कि हम अपने सनातन ज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान का समन्वय स्थापित कर स्वस्थ, उज्जवल एवं आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला का निर्माण करें।

## मंडी बोर्ड के नागले सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रहण किया अवॉर्ड

# मंडी बोर्ड की महत्वपूर्ण योजना ई-मंडी तथा एमपी फार्म गेट एप को मिला प्रतिष्ठित स्कोच अवॉर्ड-2025

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा प्रवृत्त ई-मंडी एप को तथा एमपी फार्म गेट एप को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटैट सेंटर के सिल्वर ओक हॉल में प्रतिष्ठित स्कोच अवॉर्ड 2025 दिया गया। दोनों एप्लीकेशन एनआईसी भोपाल द्वारा विकसित की गई है। पुरस्कार प्रोफेसर एस महेंद्र देव अध्यक्ष प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद, एनके सिंह अध्यक्ष 15वें वित्त आयोग भारत सरकार, डॉ.पिंकी आनंद वरिष्ठ अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली, डॉ.एम रामचंद्रन पूर्व सचिव भारत सरकार तथा समीर कोचर अध्यक्ष स्कॉच ग्रुप के कर कमलों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त पुरस्कार प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर मुशर्रफ सुल्तान वरिष्ठ तकनीकी निदेशक एनआईसी भोपाल, योगेश नागले सहायक संचालक मंडी बोर्ड भोपाल तथा डॉ निरंजन सिंह द्वारा ग्रहण किया गया।

### ई-मंडी योजना प्रदेश की 259 मंडियों में क्रियाशील



*ई-मंडी एप्लीकेशन- यह एक एंड्रॉयड एप्लीकेशन है। मंडी प्रांगण में प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल७ भुगतान तथा अनुज्ञा की कार्यवाही का रियल टाइम कंप्यूटराइजेशन है। ई-मंडी योजना प्रदेश की सभी 259 मंडियों में क्रियाशील है। वर्तमान तक 32 लाख से अधिक कृषक योजना से सीधे जुडकर लाभ ले रहे हैं। एमपी फार्म गेट एप- एक एंड्रॉयड बेस्ड एप्लीकेशन है। जिसे किसान अपने एंड्राइड मोबाइल पर निःशुल्क डाउनलोड कर अपने दाम पर अपने घर, खलियान, गोदाम से अपनी कृषि उपज को बेचने में सक्षम हुआ है। किसानों को ऐसी सुविधा उपलब्ध कराने वाला पूरे भारत में मध्य प्रदेश इकलौता राज्य है। उक्त एप का उपयोग कर 8.5 लाख से अधिक कृषकों द्वारा 8.5 लाख मेट्रिक टन से अधिक विभिन्न कृषि उपज विक्रय की गई है।*

## मध्य प्रदेश में एमएसएमई फाइनेंसिंग को बढ़ावा देने के लिए तेजी से उपस्थिति बढ़ा रहा यूग्रो केपिटल

**जबलपुर।** एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) कर्ज देने वाली डेटा टेक एनबीएफसी यूग्रो केपिटल लिमिटेड भारत की एमएसएमई में व्याप्त कर्ज के अंतर को पाटने के राष्ट्रीय मिशन के तहत मध्यप्रदेश में अपनी उपस्थिति को सशक्त कर रहा है। जबलपुर, कटनी, सतना और रीवा जैसे शहरों में अपनी 42 शाखाओं के साथ, यूग्रो मध्य भारत की असली अर्थव्यवस्था को सेवा दे रहा है। इन एमएसएमई में कपड़ा उद्योग, खनिज और पत्थर के व्यापार से जुड़े उद्यमी, सीमेंट क्लस्टर और छोटी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट से जुड़े लोग शामिल हैं। ये सभी सेक्टर के एमएसएमई संचालक अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए उसे भरोसेमंद कर्ज पर निर्भर है जो समय और जरूरत पर मिल जाए। मध्य प्रदेश में 16.5 लाख से अधिक पंजीकृत एमएसएमई हैं। इनका कुल साझा निवेश 53,000 करोड़ रुपए से ज्यादा है। ये छोटे मझौले उद्योगों ने प्रदेश में 8.6 लाख लोगों को रोजगार दिया है। राज्य की मजबूत सड़क संपर्क और सरकारी नीतियां राज्य के एमएसएमई इकोसिस्टम को देश के सबसे बेहतर ईकोसिस्टम वाले राज्यों में शुमार करती है। समय पर कर्ज मिलने से स्थानीय उद्यमों को गति मिलेगी।यूग्रो कैपिटल को पूरे देश के बाजारों का प्रदर्शन यह बताता है कि इस सेक्टर में कितना बड़ा अवसर है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून)में कंपनी ने 1,599 करोड़ रुपए के कर्ज दिए। पिछले वर्ष की समान अवधि यानी 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) की तुलना में यह 39% की ग्रोथ पर है। टियर-2 और टियर-3 शहरों पर खास फोकस करने वाले इसके 'इमर्जिंग मार्केट' चैनल ने इसी अवधि में 360 करोड़ रुपए का कर्ज दिया। कंपनी का इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 2,772 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। जून 2025 तक यूग्रो का कुल एयूएम 12,081 करोड़ रुपए था। यह पूरे दशे में दो लाख से ज्यादा एमएसएमई को सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# जब मिली लाश तो पेड़ पर लटककर किया रेस्क्यू



### पुलिस ने दिखाई साहस

इस दौरान पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी जान को हथेली में लेकर युवती के शव को बाहर निकाला। पड़ोसी जिले पंतोरा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि युवती की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही के लिए युवती के शव को पंतोरा चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच पंतोरा चौकी पुलिस कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

नहर में एक युवती की लाश बहता देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, लाश बहुत आगे निकल चुकी थी लेकिन पुलिस लाश का पीछा करते हुए पड़ोसी जिले जा पहुंची और जिला पुलिस की टीम ने युवती के शव को बाहर निकालने के लिए नहर किनारे लगे एक नीम के पेड़ पर चढ़कर इसका सहारा लिया और रस्सी से खींच कर उसे बाहर निकाला और इसके उपरांत वैधानिक कार्रवाई के लिए पड़ोसी जिले की पंतोरा चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। यहां रविवार की दोपहर एक युवती का शव नहर में बहते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने देखा तो उन्होंने इसकी सूचना उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को दी।

# 12 करोड़ रुपए का लाल चंदन जब्त

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक फार्महाउस से लाल चंदन का लगभग 12 करोड़ रुपए मूल्य का विशाल भंडार बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चंदन की लकड़ी कुछ दक्षिणी राज्यों से तस्करी करके महाराष्ट्र में लाई गई थी। खुफिया जानकारी के आधार पर वन कर्मियों ने 18 सितंबर की रात पालघर तालुका के दहिसर वन क्षेत्र के साखरे गांव में खाली पड़े एक फार्महाउस पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम ने परिसर के अंदर छिपाए गए लाल चंदन के लगभग 200 बंडल बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि जब्त की गई खेप की कीमत अवैध बाजार में 12 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। वन अधिकारी ने कहा, यह हाल के वर्षों में पालघर में हुई सबसे बड़ी जब्ती में से एक है।

## कारोबारियों की कर घटाने की मांग

# स्कूल के बस्ते पर 18 फीसदी जीएसटी का भारी बोझ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑल इंडिया स्कूल बैग एसोसिएशन ने सोमवार को कहा कि सरकार का शैक्षणिक उत्पादों का कर मुक्त करने का कदम स्वागतयोग्य है लेकिन स्कूल के बस्ते (बैग) पर 18 प्रतिशत जीएसटी को घटाने से छोटे कारोबारियों को काफी राहत मिल सकती थी। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में बदलाव सोमवार से लागू हो गए। इसके तहत कॉपी, पेन, पेंसिल, मैप, चार्ट और ग्लोब जैसे शैक्षणिक उत्पादों को करमुक्त कर दिया गया है। इन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था, जिसे अब शून्य कर दिया गया है। दूसरी ओर स्कूल बैग पर जीएसटी की दर को 18 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है, जिसको लेकर कारोबारियों में नाराजगी है।

### बैग पर भी जीएसटी ढांचा लागू किया जाए

त्यागी ने कहा, '' 500 रुपये का साधारण स्कूल बैग और हवाई अड्डे पर बिकने वाला 5,000 रुपये का लक्जरी बैग दोनों ही 18 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में रखे गए हैं। यह तर्कसंगत नहीं लगता। उन्होंने कहा, '' सरकार को कपड़ो एवं जूते-चप्पल की तरह ही स्कूल बैग पर भी कीमत आधारित जीएसटी ढांचा लागू करना चाहिए। इसके तहत 2,000 रुपये तक के स्कूल बैग पर जीएसटी दर पांच प्रतिशत जबकि 2,000 रुपये से अधिक कीमत के बैग पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाए।''



*एसोसिएशन में 15 से अधिक राज्यों के निर्माता शामिल : ऑल इंडिया स्कूल बैग एसोसिएशन में 15 से अधिक राज्यों के बैग निर्माता, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और कच्चा माल प्रदाता शामिल हैं। इसकी स्थापना राष्ट्रीय स्तर पर बैग उद्योग के हितों को एकजुट करने और उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए की गई है।*

### स्कूल बैग पर राहत मिलनी चाहिए

*ऑल इंडिया स्कूल बैग एसोसिएशन के महासचिव उदयवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केवल स्टेशनरी या शैक्षणिक उपकरणों पर ही कर कम करना पर्याप्त नहीं है। बच्चों की पढ़ाई का अहम हिस्सा होने के नाते स्कूल बैग पर भी कर राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, '' सरकार 'सबको शिक्षा' और 'सुलभ शिक्षा' की बात करती है लेकिन स्कूल बैग पर 18 प्रतिशत का कर बोझ इस सोच के विपरीत नजर आता है।'*

### छोटे कारोबारियों को नुकसान होगा

*ऑल इंडिया स्कूल बैग एसोसिएशन के संस्थापक देव कुमार त्यागी ने कहा, '' सरकार ने शिक्षा से जुड़ी वस्तुओं को कर मुक्त किया जिससे छोटे कारोबारियों और बच्चों को राहत देने का संदेश मिलता है। हालांकि, सरकार ने स्कूल बैग पर कर घटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।*

### पेस डिजिटेक का आईपीओ 26 सितंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** दूरसंचार अवसंरचना समाधान प्रदाता पेस डिजिटेक लिमिटेड आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 819 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। यह आईपीओ 26 सितंबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 30 सितंबर को बंद होगा।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



### जीएसटी पर कार्यशाला का आयोजन, पारदर्शी दवा वितरण प्रणाली पर दी जानकारी

भोपाल । भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ के द्वारा जीएसटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य दवा कारोबार से जुड़े नवीनतम नियमों, जीएसटी प्रावधानों, दवा वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के विषय पर मार्गदर्शन करना रहा। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सीए नवनीत गर्ग एवं टैक्स ला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य एवं कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने दवा उद्योग की चुनौतियों एवं अवसरों पर विस्तार से चर्चा की।

## आवास एवं पर्यावरण विभाग ने जारी की सूचना

# विकास अनुज्ञा शुल्क : रायपुर, दुर्ग बिलासपुर होगा महंगा, कोरबा, जगदलपुर, नांदगांव सस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ के शहरों में अब किसी भी भूमि के लिए विकास अनुज्ञा शुल्क की दर तीन स्लैब में होगी। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में यह दर सबसे अधिक, इसके बाद कोरबा, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और अंबिकापुर में दर कुछ कम होगी। इन शहरों के अलावा अन्य शहरों के निवेश क्षेत्र में दरें सबसे कम होंगी। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन के तहत यह बदलाव केंद्र सरकार के एक रीफार्म के तहत किया जा रहा है। राज्य सरकार ने यह बदलाव लागू करने के पहले 30 दिनों के अंदर दावा आपत्ति मंगाई है। इसके निराकरण के बाद नई दरें लागू हो जाएंगी। राज्य शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने इस संबंध में एक सूचना जारी कर संशोधन का प्रारूप जारी किया है। इस संबंध में कोई आपत्ति, दावा या सुझाव होने पर आवास एवं पर्यावरण विभाग नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्ताव दिया जा सकता है।

### किस शहर के लिए विकास अनुज्ञा शुल्क कितना

*विकास अनुज्ञा शुल्क की दरें अलग-अलग शहरों के लिए अलग अलग रखी गई है। देय अनुज्ञा शुल्क रुपए और हेक्टेयर के हिसाब से वसूला जाना प्रस्तावित है। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के लिए यह दर 60 हजार रुपए। यह दर आवासीय या सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक या औद्योगिक या परिवहन संबंधी उपयोग के लिए होगी। इन्ही शहरों में वाणिज्यक के लिए यह दर 1 लाख रुपए, आमोद प्रमोद या कृषि के लिए 30 हजार रुपए होगी।*

### अब प्लींथ सर्टिफिकेट भी

*इन प्रस्तावित नियम में अब प्लींथ सर्टिफिकेट का प्रावधान भी जोड़ा गया है। भवन का स्वामी प्लींथ निर्माण पूरा होने के बाद एक प्रारुप में प्राधिकृत अधिकारी को सूचना देगा। प्राधिकृत अधिकारी या बाहरी एजेंसी ऐसी सूचना मिलने के बाद चार दिनों के अंदर वहां एकल संयुक्त निरीक्षण करेगा। निरीक्षण के बाद 48 घंटो के अंदर एक रिपोर्ट जमा करेगा। इसके सात दिनों के भीतर प्लींथ सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। जिसमें मकान स्वामी द्वारा पालन की जाने वाली शर्तें होंगी। स्वामी को जो निर्देश मिलेंगे उसका पालन करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो प्राधिकारी प्लींथ के ऐसे हिस्से जो आपत्ति के अधीन हैं, को हटाने के लिए सक्षम होगा।*


हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5997



**बाएँ से दाएँ**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5996 का हल



## सुडोकु नवताल - 6007

कठिन



### सुडोकु नवताल - 6006 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# सहेली





आवरण कथा

मोनिका शर्मा

## व्यावहारिक धरातल पर बढ़ती स्त्री शक्ति की स्वीकार्यता

यह एक अनुपम संयोग है, इस बार नवरात्रों में बेटी दिवस भी पड़ रहा है। नवरात्र में कन्या पूजन की परंपरा है। बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजना मात्र एक रीत नहीं है, यह स्त्री शक्ति का मान है। दूसरी ओर नवरात्र में देवी की उपासना से हमें आध्यात्मिक-मानसिक ऊर्जा मिलती है, हमारी आत्मशक्ति बढ़ती है। इसी आत्मशक्ति से आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेधा शक्ति प्रदर्शित कर रही हैं।

बेटियां घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। लक्ष्मीस्वरूपा कही जाती हैं। हमारे परिवारों में बिटिया के मान-मनुहार की रीत सदा से रही है। त्योहारी खुशियां, घर की लाडलियों की मुस्कुराहटों के बिना अधूरी सी लगती हैं। इतना ही नहीं, बिटिया को देवी स्वरूप मानकर पूजन का भी रिवाज है। मां आदिशक्ति की उपासना के ये दिन बेटियों के सशक्त रूप और पूज्यनीय स्थान को ही याद दिलाते हैं। सुखद है कि बेटियां आज कोमलांगी रूप में स्नेह-मान ही नहीं पा रहीं, उनका सशक्त स्वरूप आर्म्ड फोर्सेस से लेकर खेलों की दुनिया तक भी स्पष्ट दिखता है। ऐसे में मां शक्ति की अर्चना के उत्सव में कन्या पूजन की रीत, बेटियों से सशक्त व्यक्तित्व की स्वीकार्यता और स्नेह जताने के भाव से ही जुड़ी है। वहीं पंडालों में मां शक्ति के समक्ष नत होने का भाव स्त्री शक्ति के सामर्थ्य का सुंदर उत्सव सा है।

**शक्ति पूजन से जुड़ा रिवाज:** बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजन करने की रीत मात्र एक रिवाज भर नहीं है। यह स्त्री शक्ति को मान देने की रीत भी है। मां गौरी के सौम्य ही नहीं, रौद्र रूप तक की आराधना का भाव लिए है। शक्ति के प्रति भय नहीं, भावपूर्ण जुड़ाव की झांकी-सा है। असल में नवरात्रों में कन्या का पूजन करने के पीछे बेटियों को सर्वविद्या स्वरूपिणी मानने की आस्था भी है। यही वजह है कि हमारे शास्त्रों में भी मां गौरी स्वरूप मानते हुए बालिकाओं के पूजन को बहुत अहमियत दी गई है। इसका एक प्यारा और प्रगतिशील पक्ष यह भी है कि इससे धार्मिक ही नहीं, सामाजिक-पारिवारिक पहलू भी जुड़े हैं। सामाजिक रूप से कन्या पूजन में कोई जाति भेद ना रखना, रेखांकित करने वाली बात है। वहीं परिवार में भी बिटिया को समान अधिकार और परवरिश मिलने की सोच को बल मिलता है। धार्मिक मोर्चे पर यह मातृ शक्ति के रूप में स्त्री के सामर्थ्य को मान देने का पहलू लिए है।

**साहस और सफलता की स्वीकार्यता:** असल में नवरात्र शब्द संस्कृत के 'नव' और 'रात्र' से बना है। यहां नव का अर्थ नौ और रात्र यानी रातें है। माता दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों को समर्पित नौ रातों में आस्था और उत्सव की रौनक हर ओर दिखती है। उपवास और आराधना के ये दिन भीतरी बदलाव के भी प्रतीक हैं। यह पर्व राक्षस महिषासुर पर मां शक्ति की विजय का स्मरण करवाता है। यह जीत स्त्री शक्ति और उनके मान के मायने समझाती है। माता भगवती के नौ शक्तिशाली रूपों के सम्मान का भाव कहीं न कहीं महिलाओं के सम्मान और समानता की सोच को भी पोसता है। व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो आज हर ओर स्त्रियों की सशक्त उपस्थिति दिखती है। यह मौजूदगी उनके सबल होने का ही प्रतीक है। भारत में महिलाओं की कुल आबादी लगभग 66.3 करोड़ है। इनमें हर आयुवर्ग की स्त्रियां शामिल हैं। महिलाओं के कुल आबादी में से करीब 45 करोड़ महिलाओं की उम्र 15 से 64 वर्ष के बीच है। देश की श्रमशक्ति में अहम हिस्सेदारी निभाने वाली युवतियां हों या परीक्षाओं में अव्वल आने वाली बेटियां, महिलाएं राष्ट्र की रीढ़ बनी हुई हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में मेडल बटोरने वाली लाडलियां हों या सैन्य मोर्चे पर डटीं बेटियां, ये शक्तिस्वरूपा बन परिवार का ही नहीं, देश का भी मान बढ़ा रही हैं। ग्लोबल मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज नजर आती हैं। स्टार्टअप्स की बात हो या सफल उद्यमियों की, महिलाएं अहम भूमिकाओं में दिख रही हैं। सुखद है कि देश की श्रमशक्ति का हिस्सा बनी स्त्रियों के साहस और सफलता की समग्र समाज में स्वीकार्यता दिखती है। वहीं घर-परिवार को थामने वाली स्त्रियों की भागीदारी और संघर्ष को भी समझा और मन से मान दिया जाने लगा है।



**विचार और व्यवहार का परिष्करण:** नवरात्र का पर्व समाज में वैचारिक चेतना भी जगाता है। मां की उपासना के इन दिनों में आध्यात्मिक और मानसिक ऊर्जा के उपार्जन को बल मिलता है। पूजन-अर्चन का यह जीवंत उत्सव सकारात्मक सोच और आत्मशुद्धि की ओर प्रवृत्त करता है। 'या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते' श्लोक के अनुसार-देवी तुम चेतना के रूप में सभी जीवों में स्थित हो। यह भाव मां की सर्वव्यापकता और चेतनामयी उपस्थिति को समझाता है। आराधना से जुड़ा यह भाव इंसानी मन को चैतन्य बनाता है। अपने परिवेश और प्रकृति से जोड़ता है। विचार और व्यवहार के इस परिष्करण से भी स्त्रियों के प्रति मान का भाव बढ़ा है। वहीं आत्मिक ऊर्जा जुटाकर स्त्रियां सबल बन रही हैं, अपने लक्ष्यों तक पहुंच रही हैं। महिलाएं तो विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर रूढ़िवादी बंधनों से खुद को मुक्त कर ही रही हैं, समाज भी उनके जाग्रत अस्तित्व को सम्मान देने लगा है। स्त्री शक्ति चेतनामयी बन जीवन के अंतर्द्वंद्वों पर विजय पा रही है। परिवार में भी सधी सोच की सजगता से दमकते बहू-बेटियों के व्यक्तित्व को सराहा जाने लगा है। नवरात्र, मां आदिशक्ति की उपासना का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व जरूर है पर हर क्षेत्र में भागीदारी दर्ज करवाती महिलाओं के सामर्थ्य और बुराइयों का प्रतिकार करने की उनकी सोच हमें स्त्री शक्ति के वास्तविक स्वरूप से भी मिलवाती है। a

### नेह-सम्मान का साझा भाव

**बेटियां समाज** की साझी होती है। उनका मान पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संभवतः इसीलिए मां शक्ति की उपासना में, आस-पड़ास और समाज की नौ कन्याओं को भोजन करवाने का रिवाज जुड़ा है। देवी का रूप मानकर कन्या



पूजन करने की परंपरा को कंजक कहा जाता है। बंगाल में तो छोटी-छोटी बच्चियों को भी मां कह कर बुलाया जाता है। वहां छठवें दिन मां आदि शक्ति के आह्वान से शुरू होने वाला यह पूजन-अर्चन का उत्सव, दसवें दिन तक चलता है। यहां भी मां गौरी को बेटी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि माता दुर्गा, इन दिनों ससुराल से मायके आती हैं। आज जब बेटियों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है, नवरात्र के पर्व से जुड़ी आस्था का भाव उनकी सुरक्षा-सम्मान दोनों का संदेश देता है। कंजक के रूप में छोटी बच्चियों से लेकर मायके आने वाली बिटिया के मान-मनुहार तक, बेटियों को अपना मानने और उनका मान बनाए रखने की साझी रीत को लिए है।

## नवरात्रों में ऐसे करें देवी पूजन सिद्ध होंगी सभी मनोकामनाएं

नवरात्रों में देवी पूजन का विशेष महत्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। अगर आप इस दौरान शास्त्रोक्त विधान से पूजन करेंगी तो देवी माता की विशेष कृपा आपके पूरे परिवार को प्राप्त होगी।

पूजन-विधान

अनिता जैन, वास्तुविद



मां आदिशक्ति भवानी की उपासना, शक्ति की साधना, ऋतुओं के संधिकाल में पड़ने वाला आध्यात्मिक ऊर्जा के संचयन का महापर्व, शारदीय नवरात्र कल (22 सितंबर, सोमवार) से शुरू हो चुका है। आगामी 2 अक्टूबर, मंगलवार को विजय दशमी के साथ इसका समापन होगा।

**मां दुर्गा की महिमा:** नवरात्र के इन पावन दिनों में मां के भक्त परब्रह्म शक्ति की उपासना करके स्वयं को और अपने परिवार को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिला सकते हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गा ही ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करती हैं। भगवान शिव के कहने पर रक्तबीज शुंभ-निशुंभ, मधु-कैटभ आदि दानवों का संहार करने के लिए देवी पार्वती ने असंख्य रूप धारण किए, लेकिन देवी के प्रमुख नौ रूपों (मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री) की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र का हर दिन देवी मां के विशेष रूप को समर्पित होता है, हर स्वरूप की उपासना करने से अलग-अलग प्रकार के मनोरथ पूर्ण होते हैं। शास्त्रों की मान्यता है कि देवी इन नौ दिनों में पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर, उन्हें सुख-सौभाग्य, विद्या और दीर्घायु का वरदान प्रदान करती हैं। इसलिए नवरात्र, माता भगवती की साधना का सर्वोत्तम समय होता है। नवरात्र के नौ दिनों में पांच ज्ञान इंद्रियां, पांच कर्म इंद्रियां और एक मन, इन ग्यारह को जो संचालित करती हैं, वही परम शक्ति हैं। यह जीवात्मा, परमात्मा, भूताकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश में सर्वव्यापी हैं। इनकी श्रद्धाभाव से आराधना की जाए तो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**ऐसे करें देवी पूजन:** नवरात्रों में प्रतिदिन प्रातः घर को साफ-सुथरा करके मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और सुख-समृद्धि के लिए दरवाजे पर आम या अशोक के ताजे पत्तों का तोरण लगाएं। मान्यता है कि माता की पूजा के दौरान देवी के साथ तामसिक शक्तियां भी घर में प्रवेश करती हैं, लेकिन मुख्यद्वार पर बंदनवार लगी होने के कारण तामसिक शक्तियां घर के बाहर ही रहती हैं। इस दिन सुबह स्नानादि करके माता दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर को लकड़ी की चौकी या फिर आसन पर, स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर स्थापित करना चाहिए। मां दुर्गा की मूर्ति के बाईं तरफ श्री गणेश की मूर्ति रखें। उसके बाद माता के समक्ष मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं, जौ समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माने जाते हैं। मां की आराधना के समय यदि आपको कोई भी मंत्र नहीं आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे' से पूजा कर सकते हैं और यही मंत्र पढ़ते हुए पूजन सामग्री अर्पित करें। माता शक्ति का यह मंत्र अमोघ है। अगर संभव हो सके तो देवी को श्रंगार का सामान और नारियल-चुन्नी जरूर चढ़ाएं। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व की तरफ घी का दीपक जलाते हुए 'ॐ दीप ज्योतिः परब्रह्म दीप ज्योतिर्जनार्दनः। दीपो हरतु में पापं पूजा दीप नमोस्तुते' यह मंत्र पढ़ें और आरती करें। देवी मां की पूजा में शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, सुख-शांति आती हैं। a

### देवी मां के इन मंत्रों का करें जाप

मान्यता है कि अगर नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के मंत्रों का जाप पूरे भक्तिभाव से किया जाए तो व्यक्ति को विशेष फल की प्राप्ति होती है, जीवन भय एवं बाधारहित हो जाता है और साथ ही समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

- सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
  शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।
- ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
  दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।
- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै।

अनुभूति

सरस्वती रमेश

बेटियां घर-परिवार की वो खुशबू होती हैं, जो सबको अपनेपन से बांधे रखती हैं। सबको आपस में जोड़, घर की ताकत बढ़ाती हैं बेटियां। ऐसे में बेटियां इस बात की हकदार हैं, उन्हें हर परिवार में प्यार-दुलार और मान-सम्मान मिले।

## परिवार की अनमोल रत्न हैं बेटियां

जिस घर में बेटियां होती हैं, वह घर हमेशा प्रेम-स्नेह से सराबोर रहता है। एक भीनी-भीनी आत्मीय सुगंध परिवार के हर सदस्य को मिलती रहती है। जिस तरह गुलाब के फूल पूरे चमन की खूबसूरती को बढ़ा देते हैं, ठीक ऐसे ही बेटियां, घर-आंगन की रौनक बढ़ा देती हैं। बेटियां परिवार, रिश्तों और भावनाओं को बड़ी तन्मयता से अपने स्नेह के जल से सिंचित करती हैं।



**बेटियों से रोशन हैं रिश्ते:** बेटियां घर की रौनक होती हैं। बचपन में वो अपनी मासूम हंसी और आत्मीय बातों से सबका मन मोह लेती हैं। बड़ी होने पर अपनी परवाह और देखभाल से सबकी चहेती बन जाती हैं। शादी के बाद यादों में बस कर माता-पिता, दादा-दादी सबकी आंखों में आंसू छलका देती हैं। पहले घर के कामों में आगे बढ़कर मां का हाथ बंटाती हैं, फिर शादी होने के बाद संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाती हैं। ससुराल और मायके के बीच पुल बनकर दो परिवारों को जोड़ती हैं। इस तरह सदियों से चली आ रही सामाजिक परंपरा की धारा को अनवरत जारी रखती हैं। बेटियां, एक रिश्ते में कई रिश्तों के अहसास दिलाती हैं। हर रिश्ते में प्यार की मिठास घोलती हैं बेटियां।



**सबकी परवाह करती हैं:** पारिवारिक फिल्मों में ऐसे दृश्य खूब दिखाई देते हैं, जिसमें परिवार के सभी सदस्य घर के किसी काम के लिए छोटी या बड़ी बेटी को ही बुलाते हैं। उन्हें पता है कि उनका काम बेटी जरूर कर देगी। बेटी भी खुशी-खुशी मम्मी-पापा, दादा-दादी, काका-काकी की पुकार पर दौड़ी चली आती है। ये सिर्फ फिल्मों के दृश्य नहीं हैं। आज भी हमारे भारतीय परिवारों में रिश्ते-नातों से प्रेम बेटा-बेटी दोनों करते तो हैं, लेकिन बेटी के प्रेम में करुणा, ममता और सेवाभाव भी होता है। पापा की छोटी-मोटी चीजें, दादाजी का चश्मा और दादी की जोड़ों के दर्द की दवाएं यदि खो गई हैं तो उसे बेटी ही ढूंढ कर लाती है।

**घर को सजाती है बेटियां:** घर को सहेजने, संवारने में बेटियां जी-जान लगा देती हैं। परिवार से रिश्ता गांठने वाली बेटियां घर के कोने-कोने से संबंध बना लेती हैं। तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है, बेटियों का मान-सम्मान करने के साथ ही, उनके मन को समझने की कोशिश करें। ससुराल जाने के बाद भी उन्हें वही पुराना दुलार-प्यार जीवन भर दें। a

### बेटी दिवस का संदेश

बेटियां माता-पिता के जीवन की सबसे अनमोल रत्न होती हैं। फिर ऐसा क्यों है कि घर-परिवार और समाज में पीड़ित, प्रताड़ित होने की खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। दरअसल, सदियों से चली आ रही ये रीतियां गलत हैं। इन्हें बदलने की पहल हमको, आपको ही करनी होगी। यह हमारी और समाज की जिम्मेदारी है कि उन्हें घर-परिवार में आदर के साथ बराबरी का अधिकार मिले। जिस घर को संवारने में उन्होंने अपना तन-मन लगाया, उस घर की संपत्ति में उन्हें भी बराबर का हक दिया जाए, जिससे किसी मुसीबत में पड़ने पर जब भी वो ससुराल से मायके लौटें तो अपना घर समझ कर लौटें। तो बेटी दिवस (28 सितंबर) पर आप भी संकल्प लें, अपने घर की बेटियों को बिना किसी बंधन या रूढ़ियों के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की आजादी देंगे। बेटी दिवस मनाने के पीछे संदेश भी यही है।

मेकअप


ललिता गोयल

## मेकअप करें ऐसे कि फंक्शन में आप दिखें सबसे अलग-गॉर्जियस

नवरात्र के दौरान युवतियां और टीनएजर गर्ल्स गरबा और डांडिया फंक्शन में शामिल होने के लिए मचलने लगती हैं। इस खास अवसर पर महिलाएं ट्रेडिशनल आउटफिट पहनती हैं। इसके साथ आपको अपने मेकअप पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है क्योंकि खूबसूरत मेकअप ही आपके लुक में चार चांद लगाता है। अगर आप भी गरबा नाइट के दौरान खुद को सबसे अलग और गॉर्जियस दिखाना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे टिप्स को फॉलो करें।

**फेस क्लीनिंग:** डांडिया फंक्शन के लिए मेकअप ऐसा होना चाहिए, जो पसीने से बहे भी नहीं और ज्यादा देर तक टिका भी रहे। इसके लिए मेकअप से पहले चेहरे को क्लींजर से साफ करें और क्लीन फेस पर आइस पैक से मसाज करना भी ना भूलें।

**वाटर-बेस्ड प्रोडक्ट्स:** गरबा या डांडिया नाइट फंक्शन में शामिल होने के लिए वाटरप्रूफ मेकअप ही अप्लाई करें, क्योंकि अगर मेकअप वाटरप्रूफ नहीं हुआ तो गरबा खेलते हुए पसीना आने से फेस का लुक खराब हो सकता है। वाटर-बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छे रहते हैं क्योंकि ये काफी लाइट होते हैं।



**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप शुरू करने से पहले अच्छा फेस प्राइमर जरूर लगाएं। प्राइमर, मेकअप को लंबे समय तक टिके रहने में मदद करता है। प्राइमर लगाने के बाद चेहरे, गले और बैक पर एसपीएफ फ्री फाउंडेशन से बेस बनाएं।

**कंसीलर यूज करें:** मेकअप करते समय चेहरे के दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करेक्टर या कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसके बाद कॉम्पेक्ट पावडर लगाएं।

**ब्लश से शाइनिंग लुक:** चेहरे को शाइनिंग लुक देने के लिए चीक्स पर आगे की तरफ से ब्लशर को आउटर चीक्स की तरफ ब्लेंड करें।

**लिपस्टिक:** गरबा नाइट में तैयार होने के लिए लाइट पीच, न्यूड शेड, लाइट ऑरेंज, कलर की लिपस्टिक का शेड बेहद खूबसूरत लगता है। ये शेड्स पूरे लुक में निखार लाते हैं। लाइट आई शैडो के साथ डार्क कलर की लिपस्टिक लगाएं और डार्क आई शैडो के साथ लाइट कलर की लिपस्टिक लगाएं, यह स्टनिंग लुक देगा।

**आई मेकअप:** आंखों का मेकअप करने के लिए सबसे पहले वाटर प्रूफ जैल आईलाइनर से आंखों के ऊपरी किनारे पर विंग्ड या स्मज लुक दें। वाटरलाइन पर काजल लगाएं, लेकिन ध्यान रखें कि वह स्मज-प्रूफ हो। इसके बाद वाटर प्रूफ मस्कारा लगाएं। आंखों का मेकअप करते समय अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ आईशैडो यूज करें। आई मेकअप को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए हल्की आई पेंसिल आईब्रोज पर अप्लाई करें। अंत में मेकअप सेटिंग स्प्रे का यूज करें। a

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**



# भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करें, मुकाबला है ही नहीं : सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों को जबर्दस्त प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करने का आग्रह किया है चूंकि उनकी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह से दबदबा रहा है। भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को रविवार को छह विकेट से हराया। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोनों टीमों का सामना 15 बार हुआ है और भारत ने 12 बार जीत दर्ज की है। रविवार के मैच के बाद पाकिस्तान के एक सीनियर पत्रकार ने दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में अंतर के बारे में पूछा तो सूर्यकुमार ने मुस्कुराते हुए कहा ,' सर, मेरी गुजारिश है कि आप भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद कर दें।' जब पत्रकार ने कहा कि वह प्रदर्शन के स्तर की बात कर रहे हैं, प्रतिद्वंद्विता की नहीं , इस पर भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा,' प्रतिद्वंद्विता और स्तर सभी बराबर है। प्रतिद्वंद्विता कहां है। अगर दो टीमें 15 मैच खेले और 8-7 का आंकड़ा हो तो प्रतिद्वंद्विता होती है। यहां तो 13-1 या ऐसा ही कुछ है। कोई मुकाबला ही नहीं है।''



■ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत - पाक का 15 बार सामना, टीम इंडिया ने 12 बार जीता मुकाबला

## आग और बर्फ की तरह हैं शुभमन और अभिषेक

सूर्यकुमार यादव का मानना है कि जिगरी दोस्त अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बल्लेबाजी के विपरीत अंदाज से भारतीय टी20 क्रिकेट को ' आग और बर्फ' का संयोजन मिल गया है। सूर्यकुमार ने छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,' यह आग और बर्फ जैसा संयोजन है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यही मैं देखना चाहता हूं। अगर एक जबर्दस्त बल्लेबाजी कर रहा है तो दूसरा सहायक की भूमिका निभाकर स्ट्राइक रोटेट कर सकता है। हमें अच्छी शुरुआत की जरुरत थी और दोनों ने वह दी।' पंजाब में अंडर 12 दिनों से साथ खेल रहे अभिषेक और गिल एक दूसरे के खेल को बखूबी जानते हैं और मौके के हिसाब से भूमिकाएं बदल लेते हैं। सूर्यकुमार का मानना है कि मैदान के बाहर की अच्छी दोस्ती मैदान पर आपसी समझ में भी परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा,' मैदान के बाहर अच्छे दोस्त होना जरूरी है। जब आप पारी की शुरुआत कर रहे हैं तो यह समझ काफी जरुरी है। एक रन लेने के लिए एक नजर का इशारा ही काफी होता है। जब ये दोनों साथ में बल्लेबाजी करते हैं तो इनकी दोस्ती दिखती है।'

## पाकिस्तानी खिलाड़ी का बिना वजह भिड़ना पसंद नहीं : अभिषेक

जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 39 गेंद में 74 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों का बेवजह लड़ने का इरादा उन्हें पसंद नहीं आया, जिसकी वजह से बहस हुई। अभिषेक और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने मैच के बाद कहा,' जिस तरह से पाकिस्तानी खिलाड़ी बिना वजह हमसे भिड़ रहे थे, मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आया और उनका इलाज आक्रामक बल्लेबाजी से ही करना था।' पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी से अभिषेक और गिल की बहस हुई । गिल के साथ साझेदारी के बारे में अभिषेक ने कहा,' हम स्कूली दिनों से साथ खेल रहे हैं और एक दूसरे के साथ खेलने में मजा आता है। हमें लगा कि आज बड़ी साझेदारी बनाएंगे। जिस तरह से वह खेल रहा था, मुझे बहुत मजा आ रहा था।

## बल्लेबाजी करना आसान नहीं था : सलमान

पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच में हर



विभाग में उन्नीस साबित हुई और पहले दस ओवर के बाद बल्लेबाजी करना मुश्किल हो गया था। पहले दस ओवर में 91 रन बनाने के बाद पाकिस्तान अगले दस ओवर में 80 रन ही बना सके। आगा ने कहा,' बल्लेबाजी में हमने बेहतर प्रदर्शन किया, जो अच्छी बात है। हमने जिस तरह से शुरुआत की थी, 15 रन और बनाने चाहिए थे लेकिन पहले दस ओवर के बाद गेंद नरम हो गई और बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा।' उन्होंने कहा,' हमने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी नहीं की और इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।'

## खबर संक्षेप



### 1 अक्टूबर को भारत आएंगे बोल्ट, खेलेंगे फुटबॉल मैच

मुंबई। फर्राटा धावक उसैन बोल्ट 1 अक्टूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएगे। 8 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे। बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे।

### जोहोर कप : रोहित को जूनियर टीम की कमान

**नई दिल्ली**। डिफेंडर रोहित 11 अक्टूबर से मलेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा।



टूर्नामेंट 18 अक्टूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा। भारत को 11 अक्टूबर को ब्रिटेन से खेलना है जबकि 12 अक्टूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा । भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्टूबर को होगा जबकि आस्ट्रेलिया से 15 अक्टूबर को मैच है । राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्टूबर को मलेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी। भारत के कोच पीआर श्रीजेश ने कहा,' टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है। हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा, जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे।'

### गोवा गार्डियंस के सह मालिक बने राहुल

**पणजी**। भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के चौथे सत्र से पहले गोवा गार्डियंस फ्रेंचाइजी के सह-मालिक बन गए हैं। यह सत्र दो से 26 अक्टूबर तक हैदराबाद में खेला जाएगा। राहुल ने कहा कि वह



वॉलीबॉल को उस तरह की लोकप्रियता दिलाना चाहते हैं, जिसका वह हकदार है। उन्होंने कहा, ' पीवीएल भारत में वॉलीबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है और इसका मुख्य उद्देश्य इस खेल को अधिक लोगों तक पहुंचाना है।' गोवा गार्डियंस के मुख्य मालिक राजू चेकुरी ने राहुल के इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल के प्रति राहुल का जुनून और इसकी क्षमता में उनका विश्वास एक ऐसी फ्रेंचाइजी बनाने में मदद करेगा, जो प्रशंसकों को प्रेरित करेगी और खिलाड़ियों को सशक्त बनाएगी। गोवा गार्डियंस इस सत्र में पदार्पण कर रहा है। यह टीम अन्य शीर्ष फ्रेंचाइजी के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।

## एशिया कप में आज रात 8 बजे से अहम मुकाबला

# सुपर 4 की जंग: आखिरी मौका, आर-पार की लड़ाई में श्रीलंका-पाकिस्तान आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

सुपर 4 चरण में पहले मैच में मिली हार से उबरते हुए श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों एशिया कप के इस अहम चरण में मंगलवार को होने वाले मुकाबले में जीत की राह पर वापसी करना चाहेंगे। गत चैंपियन श्रीलंका ग्रुप चरण में अपराजेय रही लेकिन पहले सुपर 4 मैच में उसे बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया। इससे टी20 एशिया कप में उसके 8 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगी और उसकी लय भी टूट गई। दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम मैदान से बाहर की गतिविधियों के कारण अधिक चर्चा में रही। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत ने उसे रविवार को एकतरफा मुकाबले में फिर हराया, जो इस बार के एशिया कप में उसकी भारत के हाथों लगातार दूसरी हार थी।



### पाकिस्तान को हर हालत में दर्ज करनी होगी जीत

भारत और बांग्लादेश के दो अंक है और बेहतर रनरेट के आधार पर सूर्यकुमार यादव की टीम शीर्ष पर है। श्रीलंका और पाकिस्तान तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। रिकवरी के लिए अधिक समय भले ही नहीं मिला हो लेकिन सलमान आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम को अब हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पूर्व कप्तान बाबर आजम और सीनियर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कमी उन्हें बल्लेबाजी में बुरी तरह खली है। उसके बल्लेबाज तकनीक और तेवर के मामले में अनुभवहीन साबित हुए। भारत के खिलाफ शीर्षक्रम के बल्लेबाजों साहिबजादा फरहान, फखर जमां और सईम अयूब ने उम्मीदें जताई और अच्छी शुरुआत देते हुए एक विकेट पर 90 रन बनाए। अयूब ने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन दूसरे हाफ में पाकिस्तानी बल्लेबाज लय कायम नहीं रख सके। गेंदबाजी में भी लेग स्पिनर अबरार अहमद सिर्फ ओमान और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ ही कामयाब रहे और भारतीय बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं कर सके।

### श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम

दूसरी ओर श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम है । दासुन शनाका ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की। ग्रुप चरण में लगातार दो अर्धशतक जमाने वाले पाथुम निसांका अब लय दोबारा हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा अच्छे फॉर्म में है और स्थिरता दे सकते हैं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने प्रभावित किया है, जो टूर्नामेंट में छह विकेट ले चुके हैं। स्पिनर वानिंदु हसरंगा, दुष्मंता चामीरा , चरित असलंका और शनाका ने भी योगदान दिया है।

### संभावित टीमें

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम।

**श्रीलंका :** चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## कोरिया ओपन

# भारत की ओर से जोरदार टक्कर देंगे प्रणय-आयुष







एजेंसी ▶▶| सुवोन

■ सात्विक और चिराग नहीं खेलेंगे टूर्नामेंट

इस सत्र में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे एचएस प्रणय और उदीयमान सितारे आयुष शेट्टी मंगलवार से शुरू हो रहे कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। हांगकांग और चाइना मास्टर्स में फाइनल तक पहुंचे सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय इस सत्र में कई टूर्नामेंटों के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गए थे। वह एक क्वालीफायर के खिलाफ शुरुआत करेंगे और दूसरे दौर में चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेल सकते हैं।

### आयुष का सामना चीनी ताइपै के यांग से

इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन विजेत 22 वर्ष के आयुष का सामना पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा। किरण जॉर्ज को पहले दौर में सिंगापुर के लोह कीन यू के रूप में कठिन चुनौती मिली है। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय का सामना इंडोनेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुम वरदानी से होगा। युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की टक्कर जापान के यूइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगी।

## क्रिकेट

# डिकॉक ने संन्यास से लिया यू-टर्न पाक के खिलाफ वनडे-टी20 में खेलेंगे





दक्षिण अफ्रीका की टीम खेलेंगी 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने सीमित ओवरों से संन्यास लेने का अपना फैसला वापस ले लिया, जिसके बाद उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए इस प्रारुप की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि कप्तान तेम्बा बावुमा की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो पिंडली में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गदा हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से इस नए सत्र का आगाज करेगा।

### 2023 में वनडे क्रिकेट से ले लिया था संन्यास

डिकॉक ने सीमित ओवर प्रारुप में अपना पिछला मैच 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप में खेला था। उन्हें नामीबिया में होने वाले एकमात्र टी20 मैच के लिए भी टीम में जगह मिली है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने 2023 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद तत्कालीन कोच रॉब वाल्टर ने उन्हें टी20 टीम में शामिल नहीं किया था क्योंकि वह उनकी लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में निश्चित नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका के वर्तमान मुख्य कोच शकुरी कॉनराड ने इस खिलाड़ी से चर्चा करने के बाद उन्हें सीमित ओवरों की दोनों राष्ट्रीय टीमों में शामिल किया है।

### डिकॉक ने खेले 155 वनडे मैच, बनाए 6770 रन

कॉनराड ने कहा, ' डिकॉक का सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए लौटना हमारे लिए मनोबल बढ़ाने वाला है। हमने पिछले महीने जब उनके भविष्य के बारे में बात की थी तो यह साफ था कि उनमें अब भी देश के प्रतिनिधित्व करने की मजबूत इच्छा है। हर कोई जानता है कि वह टीम में क्या गुणवत्ता लाते हैं और उनका वापस आना टीम के लिए फायदेमंद ही होगा।' डिकॉक ने अब तक 155 वनडे मैचों में 45.74 की औसत और 96.64 के स्ट्राइक रेट से 6770 रन बनाए हैं।

## स्पेनिश ला लीगा ...



**बार्सिलोना।** स्पेन के बार्सिलोना में जोहान क्रूफ़ स्टेडियम में एफसी बार्सिलोना और गेटाफे के बीच स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान गेटाफे के अब्देल अबकर, बार्सिलोना के फर्मिन लोपेज के खिलाफ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।

# गन शॉट सेलिब्रेशन : फरहान की बदजुबानी- 'मुझे परवाह नहीं...'

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान बंदूक चलाने के अंदाज मे आक्रामक जश्न मनाने वाले पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने कहा कि उन्हें इसकी परवाह नहीं है कि लोग क्या सोचते हैं। भारत ने सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को हराकर बहुदेशीय टूर्नामेंटों में चिर प्रतिद्वंद्वी पर अपना दबदबा कायम रखा। फरहान ने मैच के बाद कहा,' वह जश्न महज एक पल था। मैं अर्धशतक जमाने के बाद ज्यादा जश्न नहीं मनाता लेकिन अचानक मेरे जेहन में आया कि आज जश्न मनाते हैं। मैंने वही किया। मुझे नहीं पता कि लोग इसे कैसे लेंगे। मुझे इसकी परवाह नहीं है।'





### सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना


फरहान ने 45 गेंद में 58 रन बनाए, जिसकी मदद से पाकिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन जोड़े। भारत ने 19वें ओवर में ही मैच जीत लिया। फरहान ने 10वें ओवर में अक्षर पटेल को छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और उसके बाद बंदूक की तरह बल्ले को थामते हुए हवा में निशाना लगाने का एक्शन किया । सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी आलोचना हो रही है। फरहान ने कहा कि अगर पाकिस्तान जीतता तो उनकी यह पारी अहम होती। उन्होंने कहा,' अगर मैं यह मैच जीतता तो यह काफी अहम पारी होती। भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन को काफी तवज्जो मिलती है।

# महिला क्रिकेटरों के अनूठे टैटू : किसी ने बनवाया हनुमानजी तो किसी ने बंगाल टाइगर और बाज की आकर्षक आकृति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले सप्ताह आखिरी वनडे मैच में 72 रन बनाने वाली भारत की अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में बाएं हाथ पर बने हनुमानजी के टैटू से उन्हें ताकत और प्रेरणा मिलती है।

दीप्ति ने कहा,'मैंने अपने बाएं हाथ पर हनुमानजी का टैटू बनवा रखा है । जब भी जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं तो वह मुझे शक्ति देते हैं।' भारत के लिए 80 वनडे में 1891 रन बनाने के साथ 91 विकेट ले चुकी दीप्ति ने कहा,'मैचों में भी जब मुझे समझ में नहीं आता कि क्या करूं तो उनके बारे में सोचती हूं । इससे मुझे शक्ति और आगे के बारे में सकारात्मक सोच मिलती है।''









### स्नेहा ने बनवाया 'विद्रोही' वाला टैटू

अब भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के पहले मैच में भारत को 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका से खेलना है। वहीं स्पिनर स्नेह राणा ने भी दो टैटू बना रखे हैं, जिनमें से पहले पर 'विरोधी' और दूसरे पर ' तव धैर्यं तव बलम अस्ति' लिखा है। इस बारे में उन्होंने कहा,' हाल ही में मैंने एक टैटू बनवाया है, जिस पर विरोधी लिखा है, जिसके मायने हैं किसी मकसद से बागी। अगर हालात मेरे खिलाफ हैं तो मैं उनसे पार पाना चाहती हूं।' भारत के लिए 22 वनडे और 22 टी20 खेल चुकी 31 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा,' इसके अलावा एक और टैटू पर तव धैर्यं तव बलम अस्ति' लिखा है, जो संयम रखने में मदद करता है। मैंने पिंडली पर शेर और बाज का टैटू भी बनवाया है । शेर साहस, नेतृत्व और स्वतंत्रता के लिए जबकि बाज अपने तेज गेंदबाज और चौकस नजर के लिए।'

### रिचा ने बनवाया स्थायी टैटू

सोलह बरस की उम्र में 2020 में भारत की विश्व कप टीम में जगह बनाने वाली हरफनमौला रिचा घोष ने बाए हाथ पर बाघ (बंगाल टाइगर) का टैटू बनाया है। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी की रहने वाली घोष ने कहा,' यह खास है क्योंकि बंगाल टाइगर है और मैं भी बंगाल से हूं।' उन्होंने कहा,'भारत के लिए खेलने से पहले बंगाल की अपनी एक सीनियर प्रतिभा राणा के साथ यात्रा करते समय उन्होंने मेरे हाथ पर बाघ का स्कैच बनाया। मैंने अपने परिवार से कहा कि अगर भारतीय टीम में मेरा चयन हो गया तो मैं स्थायी टैटू बना लूंगी।'

▶ राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में दिया आश्वासन ▶ व्यू कटर लगाने की संभावनाओं पर किया जाएगा विचार
▶ कोर्ट ने जल्द से जल्द आश्वासन पर कारवाई का निर्देश देकर जनहित याचिका का किया पटाक्षेप

# नवनिर्मित फ्लाईओवर के ऊपर व एंट्री-एक्जिट पॉइंट्स पर लगाए जाएंगे संकेतक, पुलिस होगी तैनात

हरिभूमि जबलपुर।



शहर में मदन महल से दमोहनाका के बीच नवनिर्मित फ्लाईओवर की लैंडिंग व इसकी व्यवस्थाओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष राज्य सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि नवनिर्मित फ्लाईओवर के ऊपर व एंट्री, एक्जिट पॉइंट्स पर संकेतक लगाए जाएंगे । फ्लाईओवर पर व्यवस्था बनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। अतिरिक्त महाधिवक्ता एचएस रूपराह ने सरकार की ओर से कहा कि फ्लाईओवर पर होने वाले शोर का प्रभाव आसपास के निवासियों पर न हो, इसलिए व्यू कटर लगाने की सभी संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। कोर्ट ने इस आश्वासन को रिकॉर्ड पर ले लिया। आगामी पर्वों के दौरान भीड़ उमड़ने की संभावना के मद्देनजर जल्द से जल्द आश्वासन पर कारवाई की जाए। इस निर्देश के साथ कोर्ट ने जनहित याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

तिलहरी निवासी अधिवक्ता अलका सिंह की ओर से दायर इस जनहित याचिका में कहां गया था कि जबलपुर में मदन महल से दमोह नाका के बीच 7 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बनाया गया है।यह व्यस्ततम आवासीय इलाके से होकर गुजरता है। जिसके दोनों और एकदम सट कर आवासीय कॉलोनियां लगी है। इसके चलते फ्लाई ओवर के किनारे निवास करने वाले नागरिकों की निजता का उल्लंघन हो रहा है। फ्लाईओवर पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से वाहन चलाए जा रहे हैं। हॉर्न और वाहनों के कोलाहल से आसपास के इलाके में ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। युवा फ्लाईओवर पर रील बना रहे हैं। इसकी लैंडिंग्स पूरी तरह ब्लॉकिड हैं। लैंडिंग्स पर कहीं भी यू टर्न नहीं बनाया गया है। खासकर मदन महल और राइट डाउन में फ्लाईओवर की लैंडिंग बेहद खतरनाक है। यू टर्न ना बनाए जाने के चलते लैंडिंग्स एक्सीडेंटल पॉइंट बनते जा रहे हैं। फ्लाईओवर पर मुड़ने के लिए समुचित संकेतक नहीं होने से दिन में कई बार बॉटलनेक बन रहे हैं, जिससे जाम लग रहा है। रात को बाइकर्स बेहद तेज रफ्तार से फ्लावर से होकर गुजरते हैं , जिसे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। शाम ढलने के बाद फ्लाईओवर पर छेड़छाड़ की घटनाएं भी हो रही हैं। यहां पर ट्रैफिक व व्यवस्था को कंट्रोल करने पुलिस बल मौजूद नहीं रहताक। फ्लाईओवर से लोग नीचे कचरा फेंकते हैं, थूकते हैं।यह गंदगी किनारे बने मंदिरों के ऊपर गिरती है।इससे धार्मिक आस्था को भी चोट पहुंच रही है।

### हाईकोर्ट को दिखाई पत्रिका की कटिंग्स

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने तर्क दिया कि फ्लाईओवर के दोनों किनारो पर अहमदाबाद की तर्ज पर व्यू कटर लगाया जाए। ताकि आसपास के निवासी ध्वनि प्रदूषण व गंदगी से बच सकें। लैंडिंग्स के आगे यू टर्न बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि दशहरा व अन्य पर्व आसन्न हैं।

भ्रष्टाचार के आरोप का मामला

## हाई कोर्ट ने सेशन जज के विरुद्ध विभागीय जांच की सिफारिश की

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सेशन जज के विरुद्ध विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। कोर्ट ने पाया कि जज ने ज़मीन अधिग्रहण कार्यालय में कार्यरत सरकारी कंप्यूटर आपरेटर( जिस पर पांच करोड़ रुपये की सार्वजनिक धनराशि गबन करने का आरोप है) के विरुद्ध गंभीर धाराओं को नज़रअंदाज़ कर केवल हल्की धारा कायम रखी। जिससे उसे अनुचित लाभ मिला। हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार गुप्ता की सिंगल बेंच ने आदेश दिया कि इस मामले की प्रति प्रिंसिपल रजिस्ट्रार विजिलेंस को भेजी जाए। चीफ जस्टिस के समक्ष भी प्रति प्रस्तुत की जाए, ताकि संबंधित सेशन जज विवेक शर्मा के विरुद्ध जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुमति ली जा सके।

यह मामला शिवपुरी ज़िले में जमीन अधिग्रहण के मुआवज़े से जुड़े धन के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग से संबंधित है। आरोप है कि कंप्यूटर आपरेटर रूपसिंह परिहार ने फर्जी दस्तावेज़ों का इस्तेमाल कर 5.10 करोड़ रुपये अपनी निजी खातों में ट्रांसफर कर लिए। राज्य की ओर से यह भी बताया गया कि आरोपी ने राजस्व अभिलेखों में आग लगाई, जिस पर अलग से एफआइआर दर्ज की गई।

अदालत ने गौर किया कि मामले में यह दिखाने का कोई सबूत नहीं है कि वास्तव में आवेदक की जमीन सरकार ने अधिग्रहित की थी, जिसके एवज में उसे इतनी बड़ी राशि मिलती। बावजूद इसके सेशन जज ने भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 420, 467, 468 और 471 सहित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं को हटाकर केवल आइपीसी की धारा 406, आपराधिक न्यासभंग कायम रखी। हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि यह प्रतीत होता है कि प्रथम एडिशनल सेशन जज ने जानबूझकर केवल आइपीसी की धारा 406 के अंतर्गत आरोप कायम किया ।ताकि आवेदक को ज़मानत का अनुचित लाभ मिल सके। हाईकोर्ट ने अंततः आरोपी की ज़मानत अर्जी निरस्त कर दी और मामले को चीफ जस्टिस के पास विभागीय कार्रवाई के लिए भेज दिया।

90 दिन के भीतर जांच पूरी कर सौंपनी होगी रिपोर्ट

## हाई कोर्ट ने लोकायुक्त को एसएचओ रिश्वतकांड की जांच के दिए निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लोकायुक्त को छतरपुर जिले में पदस्थ एसएचओ रिश्वतकांड की जांच के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि इसकी रिपोर्ट 90 दिन के भीतर पेश करनी होगी। सिविल लाइन थाना, छतरपुर के एचएचओ बाल्मीक चौबे पर 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वे मामले से संबंधित सभी दस्तावेज व याचिकाकर्ता की शिकायत लोकायुक्त संगठन को सौंपें।



छतरपुर निवासी प्रेमचंद अहिरवार की ओर से अधिवक्ता सौरभ सिंह ठाकुर व गौरव सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सिविल लाइन छतरपुर के एसएचओ द्वारा याचिकाकर्ता से 15 लाख रुपये की अनैतिक मांग की गई। दरअसल, गांव में मृतक पूरन प्रजापति की आत्महत्या मामले की जांच चल रही थी। इसमें गाँव के कुछ लोगों के ऊपर मृतक के परिवारवालों ने घटना के एक माह बाद लिए। एसएचओ ने याचिकाकर्ता को इस मामले में फँसाने की धमकी दी और उक्त रकम की मांग की। याचिकाकर्ता ने डीजीपी, आईजी सागर व छतरपुर को कई शिकायतें दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई, इसलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। इस मामले में छतरपुर रेंज के डीआईजी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने कहा कि इसमें याचिकाकर्ता द्वारा अवैध रूप से 15 लाख रुपये की मांग के आरोप के संबंध में कोई जांच नहीं की गई। एडिशनल जवाब में भी इसका जिक्र नहीं है। दो बार अवसर देने के बावजूद रिपोर्ट अधूरी है, इसलिए जांच लोकायुक्त को देना उचित है।

आपराधिक प्रवृत्ति के आधार पर बरती सख्ती

इंदौर की अदालत ने सुनाई थी सजा

## स्टेट बार ने उज्जैन के पांच वकीलों की सनद निलंबित की

**जबलपुर ।** एमपी स्टेट बार काउंसिल ने आपराधिक प्रवृत्ति के वकीलों के विरुद्ध सख्ती बरती है। इसके अंतर्गत अदालत से सात-सात वर्ष की सजा पाने वाले उज्जैन के पांच वकीलों धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, शैलेन्द्र कुमार शर्मा, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, भावेन्द्र शर्मा व पुरषोत्तम राय उज्जैन की सनद निलंबित कर दी। इप पांचों पर उज्जैन निवासी घनश्याम पटेल पर हमला करने का आरोप लगा था। जिसे लेकर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश, इंदौर ने पांचों का दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी थी। जिसके बाद स्टेट बार ने गंभीर अपराधिक प्रकरण मानते हुए कार्रवाई की है। स्टेट बार काउंसिल चेयरमैन राधेलाल गुप्ता व वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने साफ किया कि अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 35 के अंतर्गत पांचों अधिवक्ताओं की सनद आगामी आदेश तक के लिए निलंबित की गई है। लिहाजा, अब वे किसी भी न्यायालय के समक्ष विधि व्यवसाय करने हेतु पात्र नहीं रहेंगे। सैनी ने कहा कि सजायाफ्ता अधिवक्ताओं के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

2.20 लाख रु प्रतिकर सहित भुगतान का आदेश

## चेक बाउंस के मामले में आरोपी को 6 माह का सश्रम कारावास

हरिभूमि जबलपुर।

महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से वर्ष 2018 में हाउसिंग लोन लेने वाले ग्राम पंचामा निवासी नंदलाल बारसे को चेक बाउंस के मामले में न्यायालय द्वारा छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी नंदलाल बारसे ने मकान निर्माण हेतु रू 1,00,000 का ऋण 12% वार्षिक ब्याज दर से पाँच वर्षों के लिए प्राप्त किया था। ऋण की मासिक किस्त रु 2,710 निर्धारित की गई थी, किन्तु आरोपी द्वारा समय पर किश्तों का भुगतान नहीं किया गया।

कई बार तकादा करने के बावजूद भुगतान न होने पर, आरोपी ने भुगतान के लिए 13 अगस्त 2022 को रू 1,73,751 का एक चेक कंपनी के नाम जारी किया, जो सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पाढर बुजुर्ग शाखा के खाते से जारी हुआ था। लेकिन खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण यह चेक बाउंस हो गया।

इसके पश्चात बैंक द्वारा आरोपी के विरुद्ध परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 की धारा 138 के तहत न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती शिखा पिसाल नीमा की अदालत में हुई, जिसमें आरोपी को दोषी पाते हुए छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही आरोपी को चेक की राशि रु 1,73,751 सहित कुल रु 2,20,751 तथा निर्णय दिनांक तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ परिवादी को प्रतिकर स्वरूप भुगतान करने के आदेश दिए गए हैं।

सड़कों पर नही थम रहा आवारा पशुओं का तांडव

## बीच सड़क में बैठी गाय से टकराए युवक की मौत

**जबलपुर।** दुर्गोत्सव का त्यौहार शुरु हो चुका हैं लेकिन शहर में आवारा पशुओं का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। मवेशी पालक भी नहीं सुधर रहे हैं। सुबह और रात में गाय, भैस, बैल सड़कों पर खुले छोड़ दिए जाते हैं जिससे न केवल यातायात प्रभावित होता है बल्कि दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। ऐसी ही एक दुर्घटना तिलवारा में आईटीपार्क के पास सड़क पर बैठी गाय से टकराने पर बाईक चालक की मौत हो गई। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगी हिल्स निवासी 52 वर्षीय महेंद लोधी गत रात लगभग 10 बजे अपने घर लौट रहा था तभी तिलवारा आईटी पार्क के पास बीच सड़क में बैठी गाय अचानक उठी और बाईक से टकरा गई जिससे महेंद्र गिर गया और उसके सिर पर गंभीर चोटें आ गई, उसे तत्काल मेडीकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया।

अधिवक्ता ने की कोतवाली थाने में लिखित शिकायत

## 3 लाख का काम कर 5 लाख 80 हजार मांग रही कंपनी!

**जबलपुर।** एक इंटीरियर डेकोरेटर स्ट्रक्चर मेकर नाम की कंपनी के संचालकों ने संगम कालोनी निवासी एडवोकेट निखिल भट्ट से 5लाख रुपए एडवांस लेकर मकान का इंटीरियर डेकोरेशन करने का सौदा किया और 3 लाख का काम करने के बाद काम बीच में ही छोड़ दिया। पीड़ित में जब 2 लाख वापस मांगे तो उल्टा उन्हें 5 लाख 98 हजार रुपए का बिल थमा दिया। उसके बाद संगम कालोनी निवासी एडवोकेट निखिल भट्ट ने उन्हें एक लीगल नोटिस देकर 1 लाख 95 हजार 290 रुपए वापस मांगे जो कंपनी द्वारा स्वयं दिए गए कार्य के विवरण व क्रियान्वयन के आधार पर निकलती है। कंपनी द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर अधिवक्ता ने तमाम दस्तावेजों के साथ कोतवाली थाने में इस मामलें की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इस मामलें की जांच कर रही है। एडवोकेट निखिल भट्ट का आरोप है कि कंपनी के निदेशक सिद्धार्थ खरे, अनुराग माहुरकर, सिमर कालरा, द्वारा छल पूर्वक उन्हें धन देने के लिए प्रेरित किया गया और उक्त राशि का दुरुपयोग किया गया। कंपनी और उनके निदेशकों के आचरण ने उन्हें आर्थिक व मानसिक क्षति पहुंचाई है। पुलिस को दी गई शिकायत में 13 मई 2025 को कंपनी द्वारा दिए गए फायनल कोटेशन और 21 मई 2025 को फायनल कान्ट्रेक्ट के साथ साथ 1 सितंबर 2025 को भेजे गए लीगल नोटिस और 15 सितंबर को लीगल नोटिस के रिप्लाय प्रोफार्मा इनवॉइस व व्हाटसएप ग्रुप की चैट संलग्न की गई है। लिखित शिकायत में कोतवाली थाना प्रभारी से आग्रह किया गया है कि भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जाए।

मोबाईल नम्बर बदल कर 1 लाख की पेमेंट की

## अमेजॉन पे लेटर एकाउंट हैक कर की धोखाधड़ी

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत यादव निवासी एक व्यक्ति के अमेजन पे लेटर खाते को हैक करके किसी जालसाज ने मोबाइल नंबर बदल लिया और उसके एकाउंट से 98 हजार 941 रुपए ट्रांसफर कर धोखाधड़ी की। घटना के संबंध में यादव चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यादव कालोनी निवासी ललित कुमार गुप्ता के अमेजन एप के लेटर खाते को किसी जालसाज ने हैक किया और उसका मोबाइल नंबर बदल दिया और इसके बाद अमेजन ने उसका खाता 8 जून 25 को 14.03 बजे अनधिकृत्त एक्टिविटी होने के चलते ससपेंड किया था किन्तु पुनः उसका खाता उस फ्रॉड व्यक्ति ने 8 जून 25 की रात को एक्टिव कर लिया और उसके बाद उस फ्रॉड व्यक्ति ने अमेजन अकाउंट से पे-लेटर का



यूज कर 98 हजार 941 रुपये ट्रांसफर करते हुये धोखाधडी की गयी है।

संबंधित ईमेल एकाउंट से पता चला कि मनीष निवासी 2 फ्लोर मिनार्चटावर प्लाट न 04 सेक्टर 44 गुरगांव हरियाणा मोबा. 9109409422, ई मेल से पता चला कि हरयाणा निवासी मनीष के खाता मे राशि ट्रांसफर हुई। शिकायत जांच पर मनीष के विरूद्ध धारा 318 (4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### उमाघाट में डूबने से 10 साल के मासूम की मौत

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत उमाघाट में पितृमोक्ष की पूजा करने परिवार के साथ आए एक 10 साल के मासूम बालक की पानी में डूबने से मौत हो गई। जिसका शव सोमवार की सुबह नर्मदा नदी में उतराता मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरतलाई माढ़ोताल निवासी 10 वर्षीय बालक निरपत नट अपने परिवार के साथ पितृमोक्ष की पूजा करने उमाघाट आया था जो पानी में डूब गया। सोमवार की सुबह लगभग 8.30 बजे निरपत का शव नर्मदा नदी में उतराता मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

व्यवसायिक साझेदारी में धोखाधड़ी, प्रकरण दर्ज

## इकरार के बाद मुकरा 25 लाख हड़पे

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में व्यापार करने के लिए अनुबंध करने के बाद 25 लाख रुपए की राशि हड़पने और लाभांश की राशि नहीं देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने लिखित शिकायत की जांच के बाद त्रिमूर्ति कार्य साईंस के संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंह बिल्डिंग रानीताल निवासी राजीव गांगरा की बेटी भक्ति जैन ने 22 दिसंबर 2023 को माढ़ोताल थाना क्षेत्र में स्थित त्रिमूर्ति कार्य साईस के संचालक सुनील कुमार कुशवाहा के साथ एक अनुबंध निष्पादित किया था, जिसमें पार्टनरशिप में व्यापार करने और लाभांश आपस में बांटने का इकरारनामा भी था। इकरारनामा के शर्तों के अनुसार भक्ति जैन एवं सुनील कुमार कुशवाहा के मध्य खाद-बीज का क्रय विक्रय करने और व्यवसाय में होने वाले समस्त लाभ को सुनील कुमार कुशवाहा उसकी पुत्री भक्ति जैन को राशि 2,50,000/-रू अंकन (दो लाख पचास हजार रू) से 3,75,000/-रू अंकन (तीन लाख पचहत्तर हजार रू) निश्चित रूप से प्रत्येक तीन माह में अदा करना शामिल था, लेकिन आरोपी सुनील ने इकरारनामा का उल्लंघन किया न तो मूल राशि लौटाया और न ही लाभांश दिया, जो चैक दिए थे वो भी बाउंस हो गए। लिखित शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी सुनील कुशवाहा के विरुद्ध धारा 318(4), 316(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

शहर का विद्युत नेटवर्क होगा और सुदृढ़

## एमपी ट्रांसको ने विनोबा भावे सबस्टेशन डबल सर्किट लाइन का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा किया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने जबलपुर शहर में विद्युत आपूर्ति को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने 132 केवी विनोबा भावे सबस्टेशन के लिए बनाई जा रही अत्यंत जटिल डबल सर्किट लाइन परियोजना का पहला चरण तय समय से पहले सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस कार्य को आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए ट्रांसको की सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया था, ताकि विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। बीते तीन सप्ताह से चल रहे इस तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण कार्य को ट्रांसको की टीम ने समर्पण, समन्वय और निरंतर परिश्रम के बल पर समय से पहले पूरा कर एक नई मिसाल कायम की है।

### मुख्य अभियंता ने जताया आभार

मुख्य अभियंता राजेश कुमार द्विवेदी ने इस परियोजना की सफलता में सहयोग देने के लिए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता (सिटी सर्कल) संजय अरोरा एवं उनकी टीम सहित सभी विद्युत उपभोक्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि शटडाउन के दौरान उपभोक्ताओं द्वारा दिखाया गया धैर्य इस परियोजना की सफलता में अत्यंत सहायक रहा।

### इनका रहा प्रमुख योगदान

इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समय से पूर्व पूर्ण करने में कई अधिकारियों एवं कर्मियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। इसमें मुख्य अभियंता राजेश कुमार द्विवेदी और डी.के. अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता आर.एस. पांडेय एवं ए.के. लाठी, कार्यपालन अभियंता ए.पी.एस. चौहान एवं शशि शेखर, सहायक अभियंता राजेश तिवारी एवं जितेन्द्र तिवारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### अब मिलेगी और बेहतर बिजली आपूर्ति

इस परियोजना के पहले चरण के पूरा हो जाने के बाद शहर के बिजली नेटवर्क को और अधिक स्थायित्व मिलेगा। आने वाले समय में विद्युत आपूर्ति में और सुधार की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को निर्बाध और सुदृढ़ बिजली सेवा का लाभ मिलेगा।

कमजोर विद्यार्थियों की अलग से कक्षाएं लगाएं, कम नंबर आए तो प्राचार्य रहेंगे जवाबदार

## स्कूलों में अर्ध-वार्षिक परीक्षा परिणाम सार्थक लाने के निर्देश

**जबलपुर।** सरकारी स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम अभी आए हैं और अद्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी शुरू करने के निर्देश जारी होने से शिक्षकों की चिंताएं बढ़ गई हैं। भोपाल से सख्त हिदायत दी गई है कि स्कूल का परिणाम कमजोर रहा तो प्राचार्य इसके लिए जिम्मेदार रहेंगे। सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू कमतर ही चल रही हैं। त्योहारों की छुट्टियों के चलते यह और बड़ी समस्या कोर्स पूरा कराने की रहती है। आगामी दिनों में दशहरा-दीपावली की छुट्टियां रहेंगी। सवा 2 महीने में बाद अद्धवार्षिक परीक्षाओं का दौर शुरू हो जाएगा, वहीं जिला मुख्यालय से स्कूलों के निरीक्षण की व्यवस्था ठीक से संचालित नहीं हो पर ही है, जिसके चलते ग्रामीण एवं दूरदराज के स्कूल में तो शिक्षक बंक मार ही रहे हैं, शहरी क्षेत्र में भी शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति स्कूलों में नहीं है। ऐसे में विद्यार्थियों का कोर्स पूरा होना मुश्किल है। माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं फरवरी के पहले सप्ताह में ही शुरू करने जा रहा है, जिसके चलते इस बार अद्धवार्षिक परीक्षाएं तकरीबन 1 महीने पहले नवंबर के आखिर में शुरू हो जाएंगी।

### कोर्स ही अधूरा तो लगेंगी अलग कक्षाएं

स्कूलों में इस समय विषय वार पढ़ाई समय पर नहीं हो पा रही है तो अलग से कक्षाएं कमजोर विद्यार्थियों के लिए कैसे लगेंगी। प्राचार्य के सामने समस्याएं यह है कि एक तो शिक्षकों की विषयवार उपस्थित अभी भी विद्यालयों में नहीं है, वहीं ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य होने के बावजूद शिक्षक समय पर नहीं आ रहे। ऐसे स्थिति में कोर्स पूरा करना ही चुनौती बन हुआ है। कमजोर विद्यार्थियों के लिए तैयारी कैसे करेंगे, इस पर व्यावहारिक दिक्कतें भी हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240